धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

05.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 231



12 अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकी

**रोजा का समय**

सेहरी (06.03.2025): 04.44 बजे

इफ्तार (05.03.2025): 05.55 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR

मुख्यमंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में लोगों से की अपील

# राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का लेना होगा संकल्प

**झामुमो स्थापना दिवस**

- सीएम बोले-कई लाख पुरुषों ने महिला के नाम पर पैसा निकाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह झामुमो स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आज राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प हम सब को लेना है। हम लोगों के लिए काम करें और चोर लोग राज्य की संपत्ति चुरा कर ले जायें तो कैसे चलेगा, ऐसे में राज्य अपने पैरों पर कैसे खड़ा होगा। इसलिए हम अपील करते हैं कि ऐसा काम हम लोग नहीं करें कि राज्य को दलदल से निकालने में हमें युग बीत जाये। समारोह में सीएम, केंद्र सरकार पर भी जम कर भड़के। झारखंड से सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया और चेताया भी। उन्होंने कहा, झारखंड को उसका हक नहीं मिला तो कोयला को एक ढेला भी उठने नहीं देंगे। सीएम ने कहा कि नीति आयोग ने देश के चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में झारखंड का नाम रखा है जो अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर रहा है।



समारोह में सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन को चांदी का मुकुट पहनाया गया।

## लाखों पुरुष, महिला के नाम पर उठा लेते हैं पैसा

सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को कहा कि अभी महिलाओं के खाते में पैसा जाने से रुका है। हमें पता चला कि इतना बड़ा पैसा जो हम राज्य की आधी आबादी को दे रहे हैं, तो कुछ चालक और चतुर लोग पीछे के दरवाजे से वह पैसा निकालने का काम कर रहे हैं। कई लाख लोगों ने पुरुष, महिला के नाम पर पैसा निकालने का काम किया है। यह दुर्भाग्य की बात है। उनकी चलनेवाली नहीं है।

## गांव से चलेगी कल्याणकारी सरकार

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार रांची से नहीं गांव से चलने वाली सरकार है। यही कारण है अधिकारी गांव में जाकर यहां के लोगों की समस्या को दूर कर रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना का खाता के लिए, फॉर्म भरने के लिए कैम्प लगवाया गया। जाति, आय, निवासी प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑफिस के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। अधिकारी और कर्मी गांव में जाकर प्रमाण पत्र बनवायेंगे।

### केंद्र सरकार को आम लोगों की कोई चिंता नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश की राजनीती एक ऐसे मोड़ से गुजर रही है, जहां देश के विकास को लेकर केंद्र सरकार को चिंता है न भय है। महंगाई आसमान छू रही है। सभी चीजों में इतना टैक्स कभी जीवन में नहीं लगा। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य था, अब पिछड़ा नहीं रहेगा।

### समारोह में भीड़ देखकर भावुक हो गयीं कल्पना

कल्पनासोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह वही मंच है जहां एक साल पहले आपने मुझे रोते हुए देखा था। यह वही मंच हैं जहां सब थे, सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था वह था आपका बेटा हेमंत सोरेन, लेकिन आज हेमंत हैं। अभिभावक घर में न हो तो परिवार क्या करता है। परिवार के बड़े लोग वह फर्ज निभाते हैं। पिछली बार जनता ने यही साथ निभाया। मैं आपलोगों की ऋणी हूं। हमलोगों ने चुनावी समय में जो प्रण लिया था उसे पूरा करने में हेमंत सोरेन जुटे हैं। धैर्य रखियेगा हरेक वादा पूरा किया जायेगा।

**न्यूज डायरी**

### रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से एसीबी की टीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी को दस हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सिमरिया प्रखंड के शिला गांव निवासी अनिल कुमार से लंबित भूमि वाद के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी। एसीबी ने जांच पड़ताल के बाद मामले को सही पाया।

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में कैदी ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में फांसी लगाने के कारण गढ़वा निवासी कैदी शाबीर अंसारी की मौत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के क्रम में हो गयी। शाबीर अंसारी को वर्ष 2023 में गढ़वा जेल से मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया था। जो हत्या के मामले में सजा काट रहा था। इससे केंद्रीय कारा की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में पुलिस जांच कर रही है।


भारत ने आस्ट्रेलिया से वर्ल्डकप में मिली हार का लिया बदला

# अब चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की बारी

**कंगरुओं को हरा कर भारत फाइनल में**

**एजेंसी**

**दुबई।** टीम इंडिया ने 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला चैंपियंस ट्राफी में ले लिया। मंगलवार को सेमीफाइनल उसे 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने फाइनल में जगह बना ली है। वनडे विश्व कप 2023 की उपविजेता, 2024 टी-20 विश्व कप की विजेता टीम इंडिया अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब की भी दावेदार हो गयी है। दुबई में खेले गये पहले सेमीफाइनल में स्टार बल्लेबाज कोहली (84) जीत के नायक बने। उन्हें मैन आफ द मैच घोषित किया गया। पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई ने 264 रन बनाये। जवाब में भारत ने 43 रन पर दोनों ओपनर्स गंवा दिये, लेकिन श्रेयस अय्यर ने 45 और विराट कोहली ने 84 रन बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। अंत में हार्दिक पांड्या ( 28) के साथ केएल राहुल ने बड़ी हिट लगाकर भारत की झोली में जीत डाल दी।



सदन में पूर्व वित्त मंत्री ने कहा-अर्थनीति से साधी जाती है राजनीति

# मंईयां सम्मान की राशि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को करेगी मजबूत

- कांग्रेस विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बजट को सराहा
- पॉलिटिक्स से ज्यादा इकोनॉमी हाई हुई। इनकम डिस्ट्रिब्यूशन का प्रयास सफल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की तारीफ की और कहा कि यह बजट बेहतर है। श्री उरांव मंगलवार को सदन में बजट पर चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने रोटी-कपड़ा और मकान पर जितना काम किया, उतना काम पहले नहीं हुआ। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस राज्य के निर्माण में सबका योगदान है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने राज्य गठन को मंजूरी जरुर दिलायी, लेकिन, इसके लिये वर्षों से संघर्ष होता रहा है। हमें क्रेडिट देने की बात करने से ज्यादा इस राज्य को संवारने पर फोकस करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सीएसआर के पैसे की रेवेन्यू कलेक्शन में गिनती करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार बजट के जरिये राजनीति साधती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मंईयां सम्मान योजना लेकर आयी। हमें यह समझना होगा कि इस योजना से अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। झारखंड में आय में असमानता है। इस राशि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गति आयेगी।

नवचयनित

49 प्रशिक्षण अधिकारियों

का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री राधा कृष्ण किशोर

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

श्री संजय प्रसाद यादव

माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

दिनांक : 05 मार्च, 2025 | समय : 1 बजे अपराह्न

स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची



PRNO 347805 ( Labour Employment and Training) IPRD 24-25

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

# आपत्ति निराकरण के बाद ही नयी वरीयता सूची जारी हो : हाइकोर्ट

## टेट उत्तीर्ण शिक्षकों ने इंटर ट्रेंड शिक्षकों को प्रोन्नति दिये जाने पर कोर्ट में जतायी थी आपत्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीते 27 फरवरी को झारखंड उच्च न्यायालय ने टेट से संबंधित महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित (ग्रेड 4) शिक्षक के पद पर प्रोन्नति देने के लिए नये सिरे से वरीयता सूची जारी करने का आदेश दिया है।

**क्या है मामलाः** राज्य के प्राथमिक शिक्षकों (इंटर प्रशिक्षित शिक्षक) को मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (ग्रेड 4) शिक्षक के पद पर प्रोन्नति दिया जा रहा है। इस पर राज्य के टेट उत्तीर्ण शिक्षकों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि आरटीई के प्रावधानों के अनुसार और एनसीटीई के गाईडलाइन के अनुसार किसी भी नए पद पर प्रोन्नति के लिए टेट उत्तीर्ण होना आवश्यक है और ग्रेड 4 की प्रोन्नति में भी इसे अनिवार्य बनाते हुए केवल टेट उत्तीर्ण को ही प्रोन्नति देने की बात कही है। इसे लेकर सरायकेला खरसावां जिले



के शिक्षक मंगल सिंह बेसरा बनाम राज्य सरकार के मामले में शिक्षकों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर ने पक्ष रखते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की। इस पर जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने अपने आदेश में डीसी सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति सरायकेला खरसावां और गुमला को आवेदकों की आपत्ति का निराकरण करने के बाद ही नयी वरीयता सूची जारी करने का आदेश दिया है। इस आदेश को टेट उत्तीर्ण शिक्षकों की बड़ी जीत मानी जा रही है। अब केवल टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को ही पद प्रोन्नति मिल सकेगी। बताते चलें कि पूर्व में मद्रास हाई कोर्ट और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी समान मामले में प्रोन्नति में टेट को अनिवार्य माना है। मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर सुनवाई अंतिम दौर में है और जल्द ही इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भी आ सकता है। इस पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ अरटीई के समस्त प्रावधानों को पूरी तरह से लागू करने का पक्षधर है और चाहता है कि शिक्षा में गुणवत्ता को देखते हुए सभी प्रकार की प्रोन्नति प्रकिया में टेट को अनिवार्य किया जाए और उच्च न्यायालय का यह आदेश स्वागत योग्य है।

### प्रदीप यादव ने संथाल परगना में बढ़े हुये मानदेय की मांग की

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने संथाल परगना में मांझी हड़ाम, ग्राम प्रधानों और परगनैतों के लिये दोगुने किये गये मानदेय का लाभ न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्ति करने की अपील की।

**क्या है मामला :** सरकार ने हाल ही में इन पारंपरिक पदाधिकारियों के मानदेय को दोगुना करने का निर्णय लिया था। लेकिन, संथाल परगना क्षेत्र के मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। इस पर प्रदीप यादव ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि संथाल परगना से खुद मुख्यमंत्री, चार मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष आते हैं। फिर भी मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों तक बढ़े हुये मानदेय का लाभ नहीं पहुंचा है।

# विधानसभा में विपक्ष का बदला तेवर न हंगामा, न ही वेल में हंगामेबाजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में इस बार एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। वो विपक्ष, जो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेरने के लिये हंगामा करता था। अब शांत नजर आ रहा है। न वेल में जाकर नारेबाजी, न कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश हो रही है। आखिर विपक्ष के इस बदले हुये व्यवहार के पीछे क्या रणनीति है। तीन मार्च को सरकार का बजट पेश किया गया और हैरानी की बात ये रही कि विपक्ष ने बिना किसी शोर-



शराबे के पूरा भाषण सुना। न कोई टोका-टोकी, न कोई वॉकआउट। पिछले दो दिनों से विधानसभा की कार्यवाही में जिस तरह की शांति दिख रही है, वो झारखंड की राजनीति में एक नयी तस्वीर पेश कर रही है।

**विपक्ष की नई रणनीति या मजबूरी**

सत्ता पक्ष के खिलाफ हर मुद्दे पर हमलावर रहने वाला विपक्ष अब सदन में सहयोग करता दिख रहा है। बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायक अपनी बातें तो रख रहे हैं। लेकिन आक्रामक तेवर गायब हैं। सत्ता पक्ष के खिलाफ खामियां गिनाने के साथ-साथ सुझाव भी दिये जा रहे हैं। सवाल ये उठता है कि ये विपक्ष की रणनीति है या संख्याबल की मजबूरी।

सदन के अंदर का गणित इस बार पूरी तरह सत्ता पक्ष के पक्ष में झुका हुआ है। इंडिया गठबंधन के पास 56 विधायकों की मजबूत संख्या है, जबकि, एनडीए के पास मात्र 25 विधायक। पहली बार झारखंड में विपक्ष इतना कमजोर नजर आ रहा है और इसका सीधा असर विधानसभा की कार्यवाही पर दिख रहा है। विपक्ष शायद जानता है कि उसके पास सरकार को घेरने के लिये पर्याप्त संख्या नहीं है। राजनीति में अचानक आने वाले बदलाव हमेशा किसी बड़े घटनाक्रम की ओर इशारा करते हैं। विपक्ष का यह शांत रवैया कहीं किसी बड़ी योजना का हिस्सा तो नहीं। या फिर यह उनकी मजबूरी बन गई है।

आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि विपक्ष का ये नया रूप सिर्फ दिखावा है या वाकई वे अब नई रणनीति के साथ सरकार से टक्कर लेने की तैयारी में हैं।

# जरूरत होगी तो झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी करेंगे बदलाव : संजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि वर्तमान सरकार राज्य में छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये काफी गंभीर है। जरूरत होगी तो सरकार द्वारा झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी बदलाव किया जायेगा। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की गिरती स्थिति को लेकर विपक्ष ने मंगलवार को मुद्दा उठाया। जवाब में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि अभी तो सरकार बनने के तीन माह ही हुये हैं। थोड़ा सा हमें समय दीजिये। सरकार मजबूती से सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देगी। इससे पहले विधायक राज सिन्हा ने प्रश्नकाल के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्थिति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में मध्यम उद्योग में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन 34,000 सूक्ष्म और लघु उद्योगों में रोजगार की कमी आई है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत सरकार राज्य के छोटे उद्योगों से माल की खरीद नहीं कर रही है। ऐसे उद्योगों के कल-कारखाने स्थापित करने के लिये भी राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। उन्होंने पूछा कि जियाडा के अंतर्गत 135 उद्योगों को भूमि उपलब्ध करायी गई है। इसमें कितने लघु एवं सूक्ष्म उद्योग वर्तमान में चल रहे हैं।

**दोनों ही बातों पर नजर है :** विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि साल 2019 में झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी बनी थी। इसमें राज्य के छोटे उद्योगों से 25 प्रतिशत माल खरीदने का प्रावधान था। पॉलिसी में साल 2019 में संशोधन कर इसे 20 प्रतिशत किया गया। लेकिन, आज स्थिति यह है कि अगर किसी उद्योगों से जुड़ा कोई माल पड़ोसी राज्यों में सस्ता मिलता तो ठेकेदार वहां से उठा लेते हैं। इससे राज्य के छोटे उद्योगों को नुकसान पहुंचता है। छोटे-छोटे उद्योग तो धीरे-धीरे करके खत्म होते जा रहे हैं।

### झारखंड में चालकों के लिए कल्याण योजना की मांग

**रांची।** अरूप चटर्जी ने मंगलवार को सदन ने चालकों के लिये कल्याण योजना लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार में चालक कल्याण योजना लागू की गई है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि पड़ोसी राज्य की नीतियों का विस्तृत अध्ययन कर इस पर निर्णय लिया जायेगा। इस पर कम से कम छह महीने लगेंगे। वहीं, अनंत प्रताप देव ने वंशीधर नगर को तीर्थस्थल कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की मांग की।

### आदिवासी के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दियाः जनार्दन

लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा के कुंदा में खतियानी जमीन पर बसे लोगों के 20 घरों को वहां के डीएफओ राहुल कुमार मीणा के आदेश पर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। ये घर आदिवासी और पिछड़ी जातियों के हैं। इसकी जांच कर कराकर दोषी अफसर पर कार्रवाई करें। जिस अफसर पर जांच होना चाहिये। उसी अफसर ने रिर्पोट भेजा है। इस मामले की विधानसभा की कमेटी बनाकर जांच कराई जाये।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.
Phone No..: 9431707301, Email ID- gm.jusnl@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from the reputed parties, having adequate financial and technical resources to undertake the following work :-

| Sl No | NIT No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(RS.) | Cost of Tender (Non Refundable) (RS.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 418/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 220/132KV Grid Sub-Station **Hatia-II** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.80500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 2 | 419/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Hatia-I** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.74000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 3 | 420/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Namkum** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.34500/- | RS.5900/-(including 18 % GST) |
| 4. | 421/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Kanke** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 59000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 5. | 422/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Lohrdaga** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 62500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 6. | 423/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Tamar** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 71000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 7. | 424/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Khnuti** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 57000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 8. | 425/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 220/132/33KV Grid Sub-Station **Burmu (Ratu)** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 82000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 9. | 426/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown shutdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub-Division Hatia-I from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 37000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 10. | 427/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out Routine Patrolling, Preventive and Breakdown shutdown maintenance of 220 KV Burmu (Ratu) – Katia D/C Transmission Lines under Transmission Sub-Division Burmu (Ratu) from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | RS. 32000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 11. | 428/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out Patrolling, Preventive and Breakdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub-Division Kanke from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26. | RS. 44500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | **From 05.03.2025 at 03.00 PM to 25.03.2025 upto 03:00 PM** |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 25.03.2025 upto 03:00 PM |
| Last date & Time of submission of hard copy of bid. | 25.03.2025 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 26.03.2025 at 02.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | General Manager, Transmission Zone – I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi |

A complete set of bidding documents may be downloaded by any interested bidder from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidders have to necessarily register themselves on https://jharkhandtenders.gov.in to participate in the bidding under this NIT. It shall be the sole responsibility of the interested bidders to get themselves registered at the aforesaid website and apprise themselves adequately regarding all the relevant procedures and provisions related to uploading of the bids on the aforesaid website.

1.0 Bidder shall pay the EMD and BOQ cost through online mode , as a proof of payment towards e-Tender fee, copy of online receipt of e-Tender( UTR/Reference no. of online payment) must be submitted along with the technical bid before opening date and time of the bid as mentioned in tender document failing which bid will not be considered.
2.0 The detailed Qualifying Requirements (QR) are given in the bidding document.
3.0 e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no.**0651-2400178**.
4.0 The bids will be received through electronic tendering mode only.
5.0 No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
6.0 JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reasons thereof and in such case no bidder/ intending bidder shall have any claim arising out of such action.
**7.0 Address for Communication:**
**GENERAL MANAGER,**
TRANSMISSION ZONE-I,JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300 (Mobile)**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR.NO.347786 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D


# आदिवासी-मूलवासी विरोधी सोच दिखती है बजट में : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार आदिवासी- मूलवासी, ग्रामीण और किसान विरोधी सोच वाली सरकार है। 2024- 25 के बजट की तुलना में वर्तमान बजट में बड़ी कटौतियां की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025- 26 के बजट में किसानों से जुड़े कृषि विभाग के बजट में 700 करोड़ रुपयों की बड़ी कटौती की गई। इसके अतिरिक्त मत्स्य, डेयरी विभागों में भी कटौतियां की गई। गरीबों को अन्न पहुंचने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग में और स्वास्थ्य विभाग में की गई कटौती समझ से पड़े हैं। ऐसा लगता है शिक्षा भी सरकार के फोकस में नहीं है। तभी तकनीकी, उच्च एसेकेंडरी और प्राथमिक शिक्षा के भी बजट को घटा दिया गया है। सरकार का फोकस उद्योगों पर भी नहीं है।इसलिये, उद्योग विभाग के बजट में भी कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक



कल्याण का ढोंग करने वाली सरकार ने इसका बजट भी घटा दिया। पहले से हर घर में नल से जल योजना में पीछे चल रही राज्य सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग के बजट में 800 करोड़ की बड़ी कटौती कर दी। मूलभूत संरचना का विकास सरकार के फोकस में नहीं है। पथ निर्माण के विभाग के बजट में 200 करोड रुपये की कटौती की गई। ग्रामीण विकास के बजट में 2395 करोड़ की बड़ी कटौती दिखाता है कि सरकार गांव के आधारभूत संरचनाओं के विकास पर फोकस नहीं कर रही। इन विभागों से ही रोजगार मिलता है और जीएसडीपी बढ़ता है। नगर विकास के बजट में भी 1356 करोड़ की कटौती कर सरकार ने दिखा दिया कि वह गांव और शहर सबकी अनदेखी कर रही है।

उन्होंने कहा ऐसा बहुत कम होता है कि मुख्यमंत्री 45 प्रतिशत बजट की कुल राशि अपने पास रख ले। यानी लगभग आधा बजट उनके पास है। इसका साफ संदेश है कि उन्हें अपने बाकी मंत्रियों पर भरोसा नहीं है। झामुमो के मंत्रियों के कोटे में लगभग 70 प्रतिशत बजट का हिस्सा गया है। सरकार में पिछलग्गू बन बैठी कांग्रेस को सिर्फ 26 प्रतिशत बजट में हिस्सा मिला है।दअरसल, यह महागठबंधन सरकार का बजट न होकर झामुमो का बजट प्रतीत होता है।


उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रवक्ता का बजट पेश होने के पहले ही बजट की बारीकियां की जानकारी के मुद्दे पर सरकार खामोश है।जाहिर है सरकार बचाव कर रही है।ये संजोग नहीं हो सकता कि कांग्रेस के प्रवक्ता का बजट की बारीकी पर दिया गया बयान और बजट का वास्तविक आकार बिल्कुल समान निकला।

# बजट भाषण में अटल जी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक : मरांडी

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- केंद्र सरकार को जानबूझकर बदनाम करती है हेमंत सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बजट भाषण में अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक है। श्री मरांडी मंगलवार को सदन में बजट परिचर्चा पर भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनामद की राशि को बजट में घटाया, गैर योजना का बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बजट के पैसे कहां से आयेंगे, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने बजट पर चर्चा के दौरान राज्य सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने बजट को दिशाहीन,अदूरदर्शी, विकास विरोधी बताते हुये कहा कि राज्य सरकार बजट भाषण में भी राजनीति कर



रही है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के सपने को अटल जी ने पूरा किया। आज सत्ता पक्ष में वही लोग बैठे हैं, जिनका इतिहास झारखंड आंदोलन को बेचने, खरीदने और बदनाम करने का रहा है। कभी अपने लाश पर अलग राज्य बनने की बात करने वाले आज सत्ता में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मुख्यद्वार पर श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा लगी हैएवे झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैंएलेकिन वित्तमंत्री बड़े छोटे मन के निकले। उन्होंने कहा कि बजट का आकर देखने में बड़ा है लेकिन जनता तक इसकी राशि नहीं पहुंचती है।

सरकार का प्रबंधन विफल है। अगर राज्य सरकार थोड़ी बहाली भी करती है तो गैर योजना मद में राशि और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजस्व संग्रहण अबतक मात्र 58.82 प्रतिशत है और उसमें भी केंद्रीय कर की हिस्सेदारी 28.35 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार और भ्रम फैलती है। जबकि, मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में झारखंड को भरपूर सहायता उपलब्ध कराती है। उन्होंने आंकड़े देते हुये कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में यूपीए की मनमोहन सरकार से कई गुना ज्यादा पैसे राज्य को दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग रही है।केवल लंबे चौड़े घोषणाओं से सरकार चलाना चाहती है।

वास्तविकता यह है कि पिछले पांच सालों से राज्य में इंडी गठबंधन की सरकार है लेकिन राज्य की 41 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने को मजबूर है। विधि व्यवस्था आज पूरी तरह ध्वस्त है। उन्होंने राज्य सरकार को जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की नसीहत दी।

## खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट में ईडी के अधिकारियों पर दर्ज केस की जांच याचिका पर हुई सुनवाई, सीएम ने दी है याचिका

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के अधिकारियों पर दर्ज करवाए गए केस की जांच की मांग के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी के अधिकारियों विरुद्ध पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पिछले वर्ष 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले झारखंड के तत्कालीन सीएम की ओर से रांची के एससी, एसटी थाने में ईडी अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गई थी। जिसकी जांच फिलहाल रांची पुलिस कर रही है। रांची पुलिस ने सीआरपीसी-41ए के तहत ईडी के सहायक निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार और एक अन्य अधिकारी समेत ईडी अधिकारियों को नोटिस भेजा था। हालांकि झारखंड हाईकोर्ट ने नोटिस पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट से ईडी के सभी अधिकारियों को राहत मिली हुई है। वहीं ईडी के अधिकारी अदालत से यह मांग कर रहे हैं कि उनके खिलाफ दर्ज मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए।

### लैंड स्कैम : ईडी के जवाब पर छवि रंजन को अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश, अंतिम बहस 19 मार्च को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में ईडी की जवाब के आलोक में प्रार्थी को प्रतिउत्तर (रिप्लाई ) देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया। कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है लेकिन ईडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। बता दें कि मामले में ईडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया गया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। मामले में छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ आरोप भी गठित हो चुका है, लेकिन अभी ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया था. जिसके आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया।

### घूस लेने के आरोपी सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में मुंशी राम की जमानत पर सुनवाई हुई। इससे पहले 31 जनवरी को रांची एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की विशेष कोर्ट ने मुंशी राम को बेल देने से इनकार कर दिया था। दरअसल 2 जनवरी को एसीबी की टीम ने रांची के टाउन सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मुंशी राम को एसीबी ने उनके ऑफिस में ही घूस लेते पकड़ा था। जिसके बाद मुंशी राम के घर पर हुई छापेमारी में एसीबी ने सात लाख रुपये बरामद किये थे। मुंशी राम एक व्यक्ति से उसकी जमीन नापी के लिए 40 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। मुंशी राम की ओर से वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की।

### चार्जशीटेड सात आरोपियों को नहीं मिली जमानत


**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपी जमशेदपुर के डीआरडीए के निदेशक संतोष कुमार गर्ग समेत 7 आरोपियों की अग्रिम जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने पिछले दिनों याचिकाकर्ता संतोष कुमार गर्ग, अनंत कुमार, ज्योति कुमारी झा, सुषमा नीलम सोरेंग, सीमा सिंह और कामेश्वर नारायण की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। वहीं, रांची नगर निगम के पूर्व अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन समेत अलका कुमारी, परमेश्वर मुंडा, मोहन लाल मरांडी और जितेंद्र मुंडा की याचिका पर अदालत अपना आदेश 5 मार्च को सुनायेगी। सभी आरोपियों की याचिका पर पिछले दिनों सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### ग्रीका और प्राणा का रूफटॉप बंद करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**रांची।** राजधानी में चल रहे दो रूफटॉप बार और रेस्टूरेंट के संचालकों को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कांके रोड स्थित ग्रेका किचन एवं बार और हरमू रोड स्थित प्राणा बार एंड लाउंज को बंद किए जाने के रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में गुहार लगाई गई है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस बिल्डिंग में चल रहे हैं उसका मैप प्लान रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफटॉप पर कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई स्ट्रक्चर बना है। ये रेस्टोरेंट फायर सुरक्षा के मापदंड को भी पूरा कर रहे हैं, अग्निशमन विभाग से भी इन्होंने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लिया है।

**ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...**



जमशेदपुर के बुद्ध मंदिर, साकची के बाउंड्री के पास लगे पेड़ पर नये पत्तों के साथ खिले रंग-बिरंगे फूल लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

# जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष चुने गये अरुण सिंह, महासचिव प्रवीण सेठी

- भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह बनाये गये मुख्य संरक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



नयी कार्य समिति के साथ मुख्य संरक्षक अभय सिंह।

**जमशेदपुर।** आगामी रामनवमी के त्यौहार को लेकर सारी कमिटियां अपनी-अपने स्तर से तैयारी में जुटी हुई है, हर वर्ष कमेटी के समक्ष आने वाली परेशानियों को देखते हुए उनके समाधान के लिए जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति आज दिनांक 4 मार्च को अरूण सिंह की अध्यक्षता में तुलसी भवन विसटूपुर में एक बैठक की गई। आज की बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक अभय सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की नयी कार्यकारणी एक साल के लिए बनायी गयी थी और यह कहा गया था कि अगर यह कार्यकारणी बेहतर तरीके से अगर काम करती है तो इसका कार्यकाल बढ़ाया जायेगा।

अभय सिंह ने उपस्थित सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों से अपनी-अपनी राय रखने का सुझाव दिया।बाल मंदिर अखाडा समिति के संरक्षक श्री सुमन अग्रवाल ने कहा कि अरूण सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति पिछले वर्ष बहुत बेहतर तरीके से जिला प्रशासन एवं अखाड़ा समितियों मे समन्वय बनाने का काम किया है एंव विसर्जन घाटों को भी पहले से बेहतर बनवाने का प्रयास किया है इसलिए वर्तमान समिति को और पांच वर्ष काम करने का मौका दिया जाना चाहिए।वहां उपस्थित सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने सुमन अग्रवाल की सुझाव पर सहमति दी।

जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष अरूण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी टीम आप सभी के सहयोग से बेहतर काम करती रहेंगी।इसके साथ ही रामनवमी अखाड़ा समिति एंव जिला प्रशासन के बीच बेहतर तरीके से तालमेल बना कर जमशेदपुर शहर मे हर्ष उलास एंव शान्ति पूर्ण तरीके से राम नवमी का त्यौहार संपन्न कराने में अपनी भुमिका निभाते रहेगी।

विश्व हिंदू परिषद जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ विहिप जमशेदपुर खड़ी रहेगी।

संरक्षक के रूप में सुमन अग्रवाल, पन्ना सिंह जांघेल, डॉ संतोष, उमेश सिंह, बाबा रवि गिरी महाराज, बूढ़ा मंडल, अशोक गौड़, द्विवेदी अखाड़ा के लाइसेंसी ललन द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर त्रिवेदी अखाड़ा के शंभू त्रिवेदी उपाध्यक्ष पद पर विजय तिवारी, शंकर रेड्डी, महेश सिंह जम्बू अखाड़ा प्रमुख बंटी सिंह, कदमा के भीम सिंह, विद्युत साव, सतीश मुखी भूषण दीक्षित, मनोज बाजपेई, महासचिव के पद पर प्रवीण सेठी, सचिव के पद पर संतोष कालिंदी, ओम प्रकाश सिंह, विजय सिंह के साथ सह सचिव प्रदीप मुखर्जी, धर्मेंद्र कुमार, धीरज सिंह, संजय सिन्हा, उत्तम दास के नाम पर सहमति दी।

**स्पीड न्यूज**

## आग लगने से घायल महिला की मौत

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के रहने वाली माधवी बाग उम्र 40 साल पति कालूराम बाग विगत कुछ दिन पहले घर में आग लगने क वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के क्रम में आज उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम हुआ और उनका शाव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## 32 वर्षीय युवक ने कर ली आत्महत्या

**जमशेदपुर।** मांझी टोला आदित्यपुर के रहने वाले जयदेव साइन उम्र 32 की मौत हो गई है। उसने निजी कारण से खुद अपनी जान दी है। शव को जब्त कर स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया उनके शाव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## सीआइएसएफ का स्थापना दिवस 10 को

**जादूगोड़ा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस 10 मार्च को जादूगोड़ा बैरक मैदान में होना है। इस कार्यक्रम में एक ओर जहां जवान अपनी कौशल का प्रदर्शन करेंगे वही देश के लिए कुर्बान होने वाले जवानों के वीरता गाथा को भी याद किया जायेगा। इस कार्यक्रम में यूसिल के वरीय अधिकारियों समेत कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट उपस्थित रहेंगे। इधर, कार्यक्रम की सफलता को जादूगोड़ा बैरेज के बाहर आसपास फैली गंदगी को इंस्पेक्टर पवन कुमार की अगुवाई में साफ-सफाई अभियान चलाया। इस साफ सफाई अभियान में इंस्पेक्टर पवन कुमार ने खुद हाथों में झाड़ू लेकर क्षेत्र की सफाई की। इसके अलावे ए एस आई आर के यादव, एस सामंता, एच सी शर्करपा, एच सी रवि के,एच सी कमल बारों, प्रभंजन (सी टी) प्रवीण कुमार (सी टी) लाल बाबू कुमार (सी टी) प्रेम एम (सी टी) सुखदीप (सी टी) अभिषेक (सी टी) जारा किरण (सी टी) ने भी अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## आरकेएफएल प्लांट एक में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्लांट हेड एम बालामुरली कृष्णा और मेंटेनेंस विभाग के महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। इस मौके पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलायी। प्लांट हेड ने इस वर्ष सुरक्षा सप्ताह पर सरकार द्वारा दिए गए थीम की जानकारी देते हुए लोगों को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि देश का विकास हम स्वस्थ और सुरक्षित रहकर ही कर सकते हैं। इस मौके पर अरविंद सिंह ने भी कर्मचारियों से कम्पनी परिसर समेत घर व बाहर भी सुरक्षा मानकों को अपनाने की सलाह दिया। बताया गया है कि सुरक्षा सप्ताह के तहत कर्मचारियों के बीच क्विज, चित्रांकन, वाद-विवाद, कहानी व कविता लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को समापन के अवसर पर आगामी 12 मार्च को पुरस्कृत किया जायेगा।

# मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहले दिन झारखंड को दो स्वर्ण, सात पदक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** बंगलुरु में मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शानदार शुरूआत हुई, जिसमें देशभर के अनुभवी एथलीटों ने अपने अद्भुत कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के विभिन्न आयु वर्गों के कई एथलीटों ने पदक जीतकर अपनी क्षमता और खेल भावना का परिचय दिया।

### पहले दिन के प्रमुख परिणाम:

- एम एल चटर्जी (75+ वर्ग) : स्वर्ण पदक (5 किमी वॉक)
- एस के तोमर (50+ वर्ग) : स्वर्ण पदक (हैमर थ्रो)
- महेश धोबी (55+ वर्ग) : रजत पदक (5 किमी वॉक)
- पी जी सोय (60+ वर्ग) : रजत (ट्रिपल जंप),
- चरजीत कौर (60+ वर्ग) : रजत (5 किमी वॉक)
- हुसैनी लोहार (75+ वर्ग) : कांस्य (5 किमी वॉक)
- गीता रानी हांसदा (30+ वर्ग) : कांस्य (800 मीटर दौड़)






















## हिल टॉप स्कूल के निशांत व सिद्धांत को अलंकार अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को जे एन टाटा की 186 वीं जयंती के अवसर पर रिक्रिएशन क्लब में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिलटॉप स्कूल को उसकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों और समर्पण के लिए प्रतिष्ठित अलंकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,

नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही, स्कूल के मेधावी छात्र निशांत कुमार और सिद्धांत पांडा को भी उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार हिलटॉप स्कूल और उसके विद्यार्थियों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

## झारखंड में पेसा कानून लागू नहीं करने के खिलाफ भारत आदिवासी पार्टी का धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय जमशेदपुर के समक्ष किया गया। धरना के पश्यात तीन सूत्री ज्ञापन राज्यपाल के नाम से उपायुक्त को सौंपा गया।

इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा ने कहा कि पेसा नियमावली पर झारखंड सरकार विगत छह महीने से माननीय उच्च न्यायालय झारखंड की आदेशों का अवमानना कर रहा है।साजिश के तहत आदिवासियों का सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक, वित्तीय अधिकारों से वंचित करने का काम कर रहे है। जिससे हमें जल, जंगल और जमीन,की अधिकारों से छलने का काम कर रहे हैं। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पूरी तरह से पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आते है यहीं पर टाटा कंपनी का उद्योग स्थापित है। यह उद्योग आदिवासियों की जमीन पर अवस्थित है। 117 साल होने के बाद भी आदिवासियों को किसी रोजगार से जोड़ने का काम नहीं कर रहे हैं।

## विधायक जगत माझी ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने का मामला विस में उठाया

- तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से की मांग, सरकार ने उपायुक्त और विभाग से मांगे प्रस्ताव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/ मनोहरपुर।** विधायक जगत माझी ने बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विधानसभा में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को साकार करने के लिए तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से मांग की। विधायक ने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग से पूछा कि क्या ग्रामीण पर्यटन इको टूरिज्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है, स्थानीय समुदायों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं उनकी संस्कृति को संवारने के साथ ही इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही विधायक ने पूछा है कि अगर मेरे प्रश्न स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मनोहरपुर, आनंदपुर, गोइलकेरा, सोनुवा, गुदडी, बंदगांव प्रखण्ड में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने का मंशा रखती है। इसके उत्तर मंब सरकार ने जानकारी दी कि मनोहरपुर, आनंदपुर, गोइलकेरा, सोनुवा, गुदड़ी, बंदगांव प्रखण्ड में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने हेतु प्रस्ताव/प्रतिवेदन की मांग उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम एवं निदेशक, पर्यटन निदेशालय, रांची से की गयी है।

## पतंजलि योग परिवार, पूर्वी सिंहभूम ने धूमधाम से मनाया संस्थापक दिवस समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सात दिवसीय पतंजलि योग विज्ञान शिविर के समापन और लौह नगरी जमशेदपुर के संस्थापक उद्योग पुरुष जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा के 18वीं जयंती पर बिरसानगर स्थित दिव्य योगशाला में स्थापना दिवस समारोह बहुत ही हर्ष उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। मौके पर वैदिक यज्ञ - हवन, भजन संध्या, योग सत्र एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। मुख्य अतिथि महिला पतंजलि योग समिति बिहार और झारखंड की प्रभारी सुधा झा ने कहा कि योग सभी कार्यों में कुशलता लाती है। जमशेदजी टाटा ने उद्योग नगरी की स्थापना की और अब हम सब मिलकर इस उद्योग नगरी को योग नगरी में परिणत करने का प्रयास कर रहे हैं।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में जमशेदपुर एफसी और ओडिसा एफसी के बीच मुकाबला आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 5 मार्च को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) लीग चरण के अपने अंतिम घरेलू मैच में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी।

प्लेऑफ में जगह पक्की होने के बाद, मेन ऑफ स्टील की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश करेगी। दूसरी ओर, ओडिशा एफसी प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी जंग जारी रखते हुए जीत के लिए बेताब होगी।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने नॉकआउट दौर में लय बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हमें अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा और पिछले मैच से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। प्लेऑफ से पहले यह हमारा आखिरी घरेलू मैच है और हम अपने प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका देना चाहते हैं। अपने पिछले मैच में, जमशेदपुर एफसी ने कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला था। पहले हाफ में गोल खाने के बाद, मेन ऑफ स्टील ने दृढ़ता दिखाई और खेल के अंत में श्रीकुट्टन के क्रॉस से किए गए अपने ही गोल के जरिए बराबरी कर ली।





मैच की पूर्व संध्या पर अपने खिलाड़ियों को निर्देशित करते हेड कोच खालिद जमील।

इस नतीजे ने सुनिश्चित किया कि जमशेदपुर एफसी ने सीजन के आखिरी चरण में अपनी लय बरकरार रखी और केरला ब्लास्टर्स को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

चोट से वापसी करने वाले ऋत्विक दास ने भी टीम की एकता और दृढ़ संकल्प के बारे में बात की। उन्होंने कहा, टीम पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है। खिलाड़ियों से लेकर कोचिंग स्टाफ तक, हर कोई जीतना और बेहतर करना चाहता है। जीतने की उस मानसिकता ने पूरे सीजन में हमारी मदद की है और हम प्लेऑफ में भी इसे जारी रखना चाहते हैं।

**एक नजर में**

## एआइडीएसओ ने साकची गोलचक्कर पर किया प्रदर्शन, प. बंगाल के शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



**जमशेदपुर।** एआइडीएसओ ने आज पश्चिम बंगाल समेत देश के सभी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में छात्र संघ का चुनाव कराने की मांग पर साकची गोलचक्कर पर प्रदर्शन किया। विगत 1 मार्च को पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने और साथ मे विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर शिक्षा मंत्री का काफिला का गाड़ी चढ़ा दिया गया था जिससे कई छात्र गंभीम रूप से घायल हुए। इस बर्बरता पूर्ण घटना के खिलाफ छात्र संगठन एआइडीएसओ पश्चिम बंगाल राज्य कमिटी की और से विगत कल 3 मार्च को राज्यव्यापी विरोध दिवस हड़ताल का आह्वान किया गया था और इस घटना के विरोध मे उतरे। सशक्त छात्र आंदोलन संगठित कर कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल को बचाने के लिए4 मार्च को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) के केंद्रीय परिषद द्वारा अखिल भारतीय संकल्प दिवस का आह्वान किया गया था। इसी क्रम मे आज साकची गोलचक्कर मे पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन के साथ संकल्प दिवस मनाया गया। इसमें राज्य सचिव मंडली सदस्या खुशबू कुमारी, सोनीसेन गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव शुभम कुमार झा, जिला उपाध्यक्ष झरना महतो, नगर अध्यक्ष सबिता सोरेन, सचिव खुदीराम हांसदा, राजेश गोप, अमित कुमार, समीर महतो, राहुल महतो, अपूर्व महतो, दिव्या समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गम्हरिया में पूर्व सांसद सुनील महतो की समाधि पर लगा नेताओं का मेला




**गम्हरिया।** शहीद सुनील महतो स्मारक रक्षा समिति की ओर से जमशेदपुर के दिवंगत सांसद सुनील महतो के 18वें शहादत दिवस पर छोटा गम्हरिया स्थित उनके समाधि स्थल पर कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर सर्वप्रथम उनके अनुज व आजसू केंद्रीय सचिव सुसेन महतो ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। तत्पश्चात विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, जिला संयोजक डॉ शुभेन्दू महतो, लालबाबू सरदार, अमृत महतो, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, शंकर मुखी, आजसू नेता महेश्वर महतो, कांग्रेस नेता फुलकान्त झा समेत कई नेता शामिल थे।

## देवघर पंचायत के देवघर गांव में बाहा बोंगा पूजा



**जमशेदपुर।** देवघर पंचायत के देवघर गांव में आज बाहा बोंगा का पूजा नायके (पुजारी) के अगुवाई में संपन्न हुआ। इस पूजा में सभी ग्रामीणों ने पारंपरिक ड्रेस में भाग लिया, जैसा कि आदेश दिया गया था। पूजा के दौरान, ग्रामीणों ने मुर्गा का बली देकर पूजा अर्चना की। यह संथाल समाज के पारम्परिक पूजा है, जो हर गाँव में नए फूल खिलने के मौसम में किया जाता है। इस पूजा का उद्देश्य प्रकृति की सुंदरता और उर्वरता को मनाना है। यह पूजा संथाल समाज की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम इस पूजा के आयोजन के लिए देवघर पंचायत के ग्रामीणों और पूजा नायके को बधाई देते हैं। इस दौरान नायके बाबा बिमल मुर्मू, माझी बाबा सिमल मुर्मू, छोटू सोरेन, बिष्णु मुर्मू, ताला मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर महिला विवि में विज्ञान रथ का आगमन



**जमशेदपुर।** विज्ञान दिवस पर रसायन विभाग ने सीएसआईआर एवं आईआईएमटी भुवनेश्वर के सहयोग से विज्ञान रथ का छात्राओं से परिचय कराया। यह रथ सीएसआइआर के महानिदेशक ने 14 फरवरी 2025 को भुवनेश्वर से रवाना किया था जो उड़ीसा, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय से भ्रमण करते हुए महिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में पहुंचा इस विज्ञान रथ का मुख्य उद्देश्य भारत में विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नये-नये आविष्कारों से छात्राओं को अवगत कराते हुए माननीय प्रधानमंत्रीश्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करना है। इस रथ का विवि के सभी अध्यापक एवं छात्राओं ने स्वागत किया एवं विज्ञान रथ के ज्ञान का लाभ उठाया। कई वैज्ञानिक का पदार्पण भी हमारे प्रांगण में हुआ। छात्राओं के कई प्रश्नों का उत्तर दिये गये। कुलपति प्रो डॉ अद्यजिला गुप्ता ने विज्ञान दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान रथ के द्वारा हमारी छात्राओं को विज्ञान से संबंधित कई बातों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह एक अच्छी पहल है। भविष्य में हमारी छात्राओं को नये अवसर प्राप्त होंगे। मौके पर चीफ साइंटिस्ट डॉ के गोपाल कृष्णन, सीनियर साइंटिस्ट डॉ अनिमेष जाना, साइंटिस्ट डॉ मनोज कुमार, टेकनिकल ऑफिसर विभु दत्ता प्रधान, सीनियर मैनेजर टाटा स्टील प्रेम राज मिश्रा, काजलमणि दुबे टाटा स्टील, छात्रकल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, डॉ अनामिका, आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ रत्ना मित्रा, अनीता शुक्ला, डॉ सरिता कुमारी, डॉ नूपुर अन्विता मिंज अन्य शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अंगरा और करर कला के किसानों से अवैध राशि वसूलने का आरोप



**पाटन पलामू।** प्रखंड के अंगरा एवं करर कला ग्राम के किसानों से मिट्टी जांच कर सर्टिफिकेट देने के नाम पर करीब 20 लोगों से 200 रुपये की उगाही कृषि मित्र शुकुल मियां ने किया है। अंगरा के रुकमनिया देवी, कोशीला देवी, मंजु देवी, रामशीष राम सहित 20 किसानों से मिट्टी जांच के नाम पर पैसे लेने की बात कही है। शुकुल ने बताया कि किसी भी किसान से पैसा नहीं ली गयी है। बीटीएम अभिमन्यु प्रसाद ने इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद पलामू।** सोमवार की देर रात जपला नवीनगर मुख्य मार्ग के बसारी के समीप सड़क दुर्घटना में सबानों के मकसूद राय का पुत्र दिलकश अली (22) बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि वह जपला से अपने गांव जा रहा था, इसी क्रम में दूसरे वाहन का लाइट पड़ने से अनियंत्रित होकर छोटी नहर में गिर गया। घायल को गंभीर स्थिति में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से इलाज के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### लोइंगा मुखिया ने की बैठक



**पाटन पलामू।** लोइंगा पंचायत भवन में आवास प्लस में नाम जोड़ने के लिए योग्य लाभुकों चयन करने के लिए मुखिया रंजीत कुमार उर्फ गुड्डु यादव ने रोजगार सेवक व स्वयं सेवकों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गुड्डु यादव ने उपस्थित पंचायत कर्मियों से आवास प्लस में योग्य लोगों के नाम युद्धस्तर पर जोड़ने का निर्देश दिया। मुखिया ने कहा कि पेंशन योजना में बिचौलिया गिरी नहीं चलना चाहिए जो पेंशन के योग्य है वे अपना डॉक्युमेंट जमा कर तुरंत पेंशन पायेंगे। रोजगार सेवक देवेंद्र पाण्डेय ने मनरेगा की सभी योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश लाभुकों को दिया। बैठक में स्वयं सेवक एवं लोइंगा पंचायत के लाभुक उपस्थित थे।

### बिरसा बीज वितरण के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने की गांवों की समीक्षा



**चैनपुर पलामू।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण एवं फसल योजना के तहत बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत के चैनपुर प्रखंड के लिए 26 हेक्टेयर रकबा में प्रत्यक्षण हेतु 6.50 क्विंटल में मूंग बीज का प्रभेद एमएच 1142 का आवंटन हुआ है। जिसमें प्रखंड के चोटहांसा, चेड़ाबार, चांदो, हुकुआ, खुराकला एवं मझिगांवा को चुना गया है। बीडीओ प्रदीप दास के आदेश पर शिवनारायण उरांव प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह जनसेवक एवं बूढ़ीबीर के किसान मित्र महेंद्र चौरसिया ने गरमा मूंग बीज के सफल प्रत्यक्षण के लिए चोटहांसा गांव का क्षेत्र भ्रमण कर स्थल का चयन किया गया।

### हरियाणा से घर लौट रहे युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटा



**हुसैनाबाद पलामू।** हरियाणा से कमाकर घर आ रहे एक व्यक्ति को डेहरी ऑनसोन रेलवे स्टेशन पर जहरखुरानी गिरोह ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके पास से नकदी पांच हजार व सामान से भरे बैग को लूट लिया। जबकि मोबाइल छोड़ दिया। पीड़ित को डेहरी ऑनसोन रेलवे स्टेशन पर बेसुध देख आरपीएफ ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी और बीडीएम ट्रेन में बैठा दिया। जपला स्टेशन पर परिजनों ने उसे उतारकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के नौडीहा भदई पर निवासी सूर्यदेव राम का पुत्र लालमोहन राम हैं।

### जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज की मांग



**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवरब्रिज बनवाने की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन पांडेय ने पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गढ़वा रोड जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। ट्रैक पार करने के लिए पुराने रास्ते के समक्ष एक फुट ओवर ब्रिज जरूरी है। लेकिन पूर्व-मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक ने स्थल परिवर्तित कर उसकी लंबाई घटा दी। ललन ने बताया कि अगर सात फरवरी तक फुट ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलती है तो आठ को एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन करेंगे। उन्हें भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, डॉ वी पी शुक्ला, गांधी विचार मंच, रेहला ब्यापार मंडल अध्यक्ष मंगल गुप्ता, रामनाथ कश्यप, बिहारी लाल गुप्ता, प्रमोद दीक्षित ने अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

### सजायाफ्ता बंदी ने केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में कर ली आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता कैदी शाबीर अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी ग्राम बुलका थाना रमुना जिला गढ़वा उम्र 34 वर्ष की मौत मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में फांसी लगाने के कारण मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गया। ज्ञात हो कि मृतक कैदी शाबीर अंसारी वर्ष 2023 में गढ़वा जेल से मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया था। जो हत्या के मामले में सजा काट रहा था। मंगलवार को केंद्रीय कारा के वार्ड संख्या ए टू के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे केंद्रीय कारा के सुरक्षाकर्मी द्वारा तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। केंद्रीय कारा अधीक्षक के द्वारा मृतक कैदी के परिजनों को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल से प्राप्त करने को कहा गया है। इधर केंद्रीय कारा के बाथरूम में बंदी के मौत से पलामू जिला में चर्चाओं की बाजार गर्म हो गई है। लोग केंद्रीय कारा के सुरक्षा पर कई सवालिया प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। बंदी जब केंद्रीय कारा में सुरक्षित नहीं रह सकते हैं तो वे फिर कहां रह पायेंगे। इस मामले में पुलिस का अनुसंधान जारी है।

---

पांकी विधायक ने विधानसभा में उठाया डिग्री कॉलेज स्थापित कराने का मामला

# बसौरा के पॉलिटेक्निक कॉलेज को नये भवन में शिफ्ट कराया जाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में डिग्री कॉलेज स्थापित करने व नीलांबर पीतांबरपुर बसौरा में पोलटेक्निक कॉलेज को नये भवन में शिफ्ट कराने का मामला उठाया। पांकी विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पूरे राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक डिग्री स्तरीय महाविद्यालय स्थापना करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सवाल पर आंशिक स्वीकार किया गया। जवाब में कहा गया कि राज्य के वैसे विधानसभा क्षेत्र जहां पूर्व से अंगीभूत महाविद्यालय नहीं है वैसे विधानसभा क्षेत्रों में डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय है।



विधायक ने कहा कि उपायुक्त पलामू के द्वारा पत्रांक 2538 दिनांक 17.12.2023 के द्वारा डिग्री महाविद्यालय पांकी हेतू भूमि चिंहित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। जवाब में कहा गया कि 25 फरवरी को उपायुक्त द्वारा प्राप्त सुचना के अनुसार पलामू जिला के नीलांबर पीतांबरपुर अंचल के ग्राम गोराडीह टोली में पांच एकड़ गैरमजरूआ मालिक भूमि चिंहित कर दी गयी है। डा मेहता ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों के हित में अविलंब नीलांबर पीतांबरपुर में भूमि उपलब्ध कराते हुए डिग्री महाविद्यालय स्थापना कराने का विचार रखती है? इसके जवाब में कहा गया कि उपायुक्त द्वारा चिंहित भूमि की उपायुक्त की जांच कराने के बाद डिग्री महाविद्यालय के स्थापना की कार्रवाई की जायेगी। डा मेहता ने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के बसौरा में राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान का भवन बनकर तैयार है। इसे स्वीकार किया गया। विधायक ने कहा कि बसौरा में उक्त कॉलेज में वर्तमान शैक्षणिक से पढ़ाई प्रारंभ करने पर सकार विचार रखती है तो कब तक और नहीं तो क्यों। जवाब में कहा गया कि उक्त कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से पठन पाठन कार्य प्रारंभ करने हेतू कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि फॉर्म विकसित करने में लगी दो एजेंसी पर करें कार्रवाई: उपायुक्त

- उपायुक्त ने की समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के कार्य प्रगति की समीक्षा
- कार्य प्रगति में शिथिलता पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य अधिकारी-पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठषाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति में शिथिलता बरतने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य में लगी दो कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र भेजने तथा एक माह के अंदर कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में टर्मिनेट किये जाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्य प्रगति की भौतिक निरीक्षण एवं जांच के लिए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी एवं डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल रहेंगे। उपायुक्त शशि रंजन समाहरणालय सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कर रहे थे।

# पलामू में व्यावसायिक खेती को दिया जायेगा बढ़ावा : डीडीसी

- उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीडीसी व उपस्थित पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** पलामू में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज अपने कार्यालय वेश्म में कृषि विभाग एवं अन्य संबद्ध विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू में विभिन्न प्रकार की हो रही व्यवसायिक खेती की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मल्टीपल फॉर्मिंग के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय व सामूहिक प्रयास से पलामू कृषि के क्षेत्र में बेहतर कर सकेगा। उन्होंने वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट की तर्ज पर वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट को विकसित करने के लिए बेहतर कदम उठाने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से ज्यादा मुनाफा व्यवसायिक खेती में है। इसलिए उन्हें जागरूक एवं प्रेरित करते हुए आवश्क सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्कता है। उपविकास आयुक्त ने कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा मिलने से किसानों को आसानी से बाजार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही कृषि उत्पादन का बेहतर मुनाफा मिल सकेगा। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी आदि कृषि विभाग से संबद्ध अन्य विभागों के पदाधिकारियों को अपने स्तर से संबद्ध किसानों का डेटा-बेस तैयार करने एवं किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने निदेश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कौन-कौन से किसान किस खेती से जुड़े हैं, उनका डेटा-बेस तैयार होने से व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने में सहूलियत होगी।

# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ले निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

- महायज्ञ में सत्संग, रासलीला और कथा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश यात्रा में शामिल छतरपुर के श्रद्धालु।

**छतरपुर पलामू।** प्रखंड के कऊल पंचायत में श्री लक्ष्मी नारायण कल्याणकारी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा मंगलवार को कपूर्री मैदान से निकाला गया। कलश यात्रा में श्रद्धालु शहर भ्रमण करते हुए मन्देया नदी के तट से जल भरकर यज्ञ स्थल पर जाकर कलश स्थापित किया। इसके बाद महायज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ के आचार्यों ने कहा कि भव्य कलश शोभा यात्रा में रथ पर सवार होकर श्रद्धालुओं को मन पवित्र कर धार्मिक कार्य को पूर्ण करने में अपना सहयोग प्रदान करें। यज्ञ का आयोजन युवा जन जागृति संघ कर रहा है। यह महायज्ञ 4 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा, जहां सत्संग, रासलीला और कथा का आयोजन किया गया है। यज्ञ स्थल पर डिजनीलैंड मेले का भी आयोजन किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने पहुंच कर लोगों को अभिवादन किया और कहा कि धार्मिक कार्य में क्षमता अनुसार अपना सहयोग हम सब को अवश्य देना चाहिए। कहा कि आज पूरे देश सनातन संस्कृति को देख कर गर्व महसूस करते हैं। वहीं नप के पूर्व प्रत्याशी अरविंद उर्फ चुनमुन ने भी कलश यात्रा में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस किया और आयोजन समिति को ह्दय से बधाई दिया। मौके पर अमित विश्वकर्मा, योगेन्द्र विश्वकर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभायी।

# एक परिवार के तीन बच्चे मानसिक विक्षिप्त, गरीबी में नहीं हो रहा ईलाज

**गजेंद्र कुमार**

- सरकारी सुविधा से हैं वंचित प्रखंड प्रशासन सुध लेने के बाद भी हरकत में नहीं आया
- परवरिश के लिए बंगलोर में काम करता है बच्चों का पिता
- विक्षिप्त बच्चों की मां सगुनी देवी करती है इन बच्चों की देखभाल



खेत खलिहान में रेंगते विक्षिप्त बच्चे।

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार गरीब, असहाय के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रखी है। इसमें दिव्यांग, विधवा एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। लेकिन इसका लाभ पहुंच वाले लोगों को ही मिल पाता है। जिनकी पहुंच नहीं है या आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं वे इन योजनाओं से मरहूम रहते हैं। यहां तक सरकार पंचायत स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि के साथ पंचायत प्रशासन के अलावा प्रखंड प्रशासन भी कार्यरत हैं जो दीनहीनों व लाचारों की सुध तक नहीं लेते। ऐसे में लाचार विक्षिप्तों को भगवान भरोसे जीवन काटना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला चैनपुर प्रखंड के अवसाने पंचायत के मड़ही में देखने को मिलता है। मड़ही के कोईली भुइयां के पुत्र दिलबहार भुइयां के छह बच्चे हैं। इसमें सबसे बड़ा पुत्र सुनील (20), मिथलेश (12) और अंतू (10) तीनों मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। वे शारीरिक रूप से भी लाचार हैं। ये तीनों ठीक से न चल पाते हैं और न ही बोल पाते हैं। खेत खलिहानों में कूड़ा कचरा में खेलते हुए कुछ ढूंढ़ते नजर आते हैं।

**क्या कहती हैं मां :** विक्षिप्त बच्चों की मां सगुनी देवी बताती है कि तीनों बच्चे जन्मजात विक्षिप्त नहीं हैं। तीनों क्रमशः कर चार से छह वर्ष के अंदर मानसिक रूप से विक्षिप्त हुए। अब धीरे धीरे शारीरिक रूप से भी लाचार हो गये हैं। तीनों का ईलाज कराने के लिए हम परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हैं। लाचारी में विक्षिप्त बच्चे के पिता दिलबहार भुइयां बच्चों के परिवरिश के लिए बंगलोर मजदूरी करने गया है। सगुनी देवी बताती है कि एक बेटी 15 वर्ष की है जिसकी शादी की चिंता सता रही है। दूसरा पुत्र जो अभी नाबालिक है वह सभी मेरे ही साथ रहते हैं। मैं गांव घर में खेती बारी की मजदूरी कर इनलोगों का लालन पालन कर रहे हैं। सगुनी ने कहा कि सुनील भुईयां को सरकारी पेंशन मिलता है लेकिन मिथिलेश व अंतु को पेंशन नहीं मिलता है। पेंशन प्राप्त करने के लिए मुखिया से लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते थक गई हूं। उसने बताया कि प्रखंड कार्यालय के आलाधिकारी मेरे घर एक वर्ष पूर्व आये थे जो कई आश्वासन देकर चले गये थे जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। खपरापोश मकान में बच्चों को लेकर किसी प्रकार जीवन व्यतीत कर रही हूं। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि विकलांगता प्रमाण पत्र लेने के लिए बच्चों को मेडिकल टीम के समक्ष आना होगा। तभी जाकर विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त हो सकता है। सरकार का कल्याण विभाग भी इस मामले में अपनी सक्रियता नहीं दिखाती है।

### समग्र विकास में समावेशी बजट : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य के नये वित्तीय वर्ष का अबुआ बजट पेश किये जाने पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। श्री देव ने बजट पर कहा कि एक 1,44,400 करोड़ के बजट में सबसे अधिक आधी आबादी को बजटीय राशि देकर महिलाओं के सर्वाधिक सम्मान को बढ़ाना है। कहा कि अबुआ राज के समग्र विकास में समावेशी बजट है।

### लोकलुभावन व छलनेवाला है बजट : कुंदन सिंह



**पांकी पलामू।** पांकी भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह ने झारखंड सरकार के बजट को पूरी तरह विफल और दिशाहीन बताया। कहा कि यह बजट युवाओं, महिलाओं और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों की अनदेखी कर जनता को छल रहा है। कहा कि बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुधारने को बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं की है। केवल लोकलुभावन बजट पेश कर राज्य को विकास से दूर कर रही है।

### निराशाजनक और जनविरोधी बजट : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम बजट पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार का बजट बहुत ही निराशाजनक और जनविरोधी है। बजट में सरकार ने बड़े-बड़े वादे तो किये हैं, लेकिन जमीनी हकीकत को देख यह पूरी तरह खोखला और दिशाहीन नजर आता है। गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किये गये हैं। बेरोजगारी झारखंड का एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन इस बजट में युवाओं के लिए कोई ठोस रोजगार नीति नहीं बनायी गयी। शिक्षित युवा पहले ही नौकरी के अभाव में परेशान हैं।

### अबुआ बजट में गांव गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं के उत्थान पर जोर: रवींद्र शुक्ला (गुड्डू)



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कु शुक्ला ने झारखंड के अबुआ बजट को गांव गरीब किसान नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। झारखंड में गांव के आर्थिक विकास और आधारभूत संरचना को लेकर सरकार की गंभीरता इस बजट में झलकती है। प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू शुक्ला ने कहा है कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के इस बजट में शहर से लेकर गांव और शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है।

## वाहन चेंकिग अभियान : नौगढ़ा पुलिस ने दी हेल्मेट-सीटबेल्ट लगाने की सलाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर, पलामू।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निदेर्शानुसार नौगढा. ओपी की ओर से एनएच 75 भंडार मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां सड़क मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया व चार पहिया गाड़ी की सघन जांच की गई। वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी गयी। जांच का नेतृत्व कर रहे एएसआई श्रवण ने बताया कि लोगो की सुविधा का ध्यान रख सभी से हेलमेट पहनकर चलने की अपील करते हुए यातायात का नियमों की पालन कर सभ्य नागरिक बनने की अपिल की जा रही है। नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर अभिभावकों पर भी कार्रवाई करने की बात कही। विदित हो कि नौगढ़ा ओपी प्रभारी के द्वारा नियमित वाहन चेंकिंग अभीयान चलाया जा रहा है। साथ ही लोगों को सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट को सीट बेल्ट लगाने की सलाह भी दी जा रही है। कम उम्र के बच्चों का वाहन चलाना कानूनन जुर्म है। अगर वाहन चलाते पकड़े गये तो उनपर कार्रवाई की जायेगी।

## पर्यावरणविद ने उत्तराखंड में बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जलवायु परिवर्तन रोकने में समस्त लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा : डॉ कौशल
- जलवायु परिवर्तन का खामियाजा पिछले वर्ष भुगत चुके हैं लोग, इस बार मार्च में ही पारा होगा 40 डिग्री से पार



**मेदिनीनगर।** देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में तमिलनाडु के मदुरई कृष्णा कृषि विवि के छात्र-छात्राएं व मसुरी के तिब्बती केंद्रीय आवासीय विद्यालय एवं हरिद्वार के लुढ़की केंद्रीय आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अपने संस्था के नवमनोनित अध्यक्ष धुम सिंह नेगी के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के विधान के अनुसार कन्या पूजन कर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ तमिलनाडु का रक्त चंदन का पौधो लगाया। वहीं कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया।

कठौतिया कोल माइंस में मना 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

# परिवार-संस्थान के विकास में सुरक्षा को अपने आचरण में लायें : माइंस एजेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुरक्षा दिवस पर जागरूकता का संदेश देते लोग।

**मेदिनीनगर।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। समारोह में सुरक्षा को लेकर कंपनी के एमडी के संदेश को सभी लोगों बताया गया। सभी लोगों को सुरक्षा का शपथ भी दिलाया गया। माइंस एजेंट राजु सिंह ने कहा कि इस अपने परिवार व संस्थान के विकास के लिए सुरक्षा को अपने व्यवहार व आचरण में शामिल करना होगा। कभी कभी एक छोटी सी लापरवाही के कारण बड़ा नुकसान हो जाता है। इसलिए कभी भी सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करना चाहिए। कहा कि यह दिन उन सभी सुरक्षा कर्मियों को समर्पित है, जो देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा, जागरूकता और सतर्कता की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में सुरक्षा संबंधी मानकों को मजबूत किया जा सके। सुरक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र सिंह एमडी के संदेशों पर विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को माइंस में एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। खान प्रबंधक निशीकांत कुमार ने कहा कि सुरक्षा के साथ साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी हम सभी लोगों को हमेशा सजग और संवेदनशील रहने की जरूरत है। इस मौके पर अश्विनी कुमार, राकेश सिंह, विशाल कश्यप, प्रवीण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, जयंत शुक्ला, दीपनारायण सिंह, आर आर शुक्ला, अरविंद सिंह, अन्वेशा सत्तपती, सुहानी कुमारी, चिरादीप मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# कैस्ट्रॉल डिस्ट्रीब्यूटर रूपेश कुमार 'सोनू' ने अवैध कारोबारियों को दी कड़ी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के कैस्ट्रॉल कंपनी के आधिकारिक डिस्ट्रीब्यूटर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नकली मोबील बनाने और बेचने वाले कारोबारीयों को ऐसा न करने की चेतावनी दी है। ज्ञातव्य है कि पलामू प्रमंडल में कंपनी प्रतिनिधि एवं प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। कैस्ट्रॉल कंपनी के पलामू प्रमंडल के डिस्ट्रीब्यूटर आरके एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रूपेश कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से कंपनी प्रतिनिधियों के द्वारा मेदिनीनगर के सिद्धराज इंटरप्राइजेज (प्रोपराइटर समीर सिन्हा), गढ़वा के एस के ऑटो (प्रोपराइटर रविंद्र कश्यप) नगर के आकांक्षा ऑटो (प्रोपराइटर संजीव कुमार) के यहां छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध मोबील जप्त की गयी है।



रूपेश कुमार 'सोनू'।

डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि नकली मोबील बनाने वालों और बेचने वालों के कारण कंपनी के व्यापार को तो घाटा हो ही रहा है साथ ही साथ बेहद निम्न गुणवत्ता के मोबील ग्राहकों को बेचे जा रहे हैं। नकली मोबिल बेचने वालों के द्वारा ग्राहकों को असली माल बता कर नकली माल बेचा जा रहा है और उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा उठाए गए कदमों से स्वस्थ एवं ईमानदारी पूर्वक व्यापार करने वालों का मनोबल बढ़ेगा एवं स्वस्थ बाजार का निर्माण होगा। नकली माल बेचने वालों की अब खैर नहीं है। डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि अधिक मुनाफा कमाने की चाह में लोग नकली मोबिल का व्यापार कर रहे हैं। साथ ही डीलरों एवं ग्राहकों को यह भी सुझाव दिया कि केवल आधिकारिक डिस्ट्रीब्यूटर से ही माल खरीदें। नकली मोबिल का कारोबार एक बड़े बाजार का रूप लेता जा रहा है। ग्राहकों को सचेत एवं जागरूक होने की आवश्यकता है, सस्ते माल के चक्कर में नकली समान खरीद कर स्वयं का नुकसान न करें।

## रोशनदान तोड़कर बैंक में घुसा चोर, कुछ न मिलने पर गुमटी से उड़ाये पैसे



खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड में मुख्य पथ के तथा सगमा बीरबल मुख्य पथ के तिराहे के समीप सगमा सेंट्रल बैंक शाखा कार्यालय है। बैंक शाखा के बगल में कई दुकान संचालित होते हैं। इसी में एक मकान मालिक की दुकान है। दुकान के मालिक सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए आए तो देखा कि बीरबल रोड की तरफ लगा रोशनदान टूटा हुआ है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से बैंक कर्मियों को दी। सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक रविशंकर कुमार ने देखा कि बैंक का रोशनदान टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना धुरकी थाना के साथ पुलिस उपाधीक्षक को भी दी। सूचना का संज्ञान लेते हुए गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय अपने दल बल के साथ सगमा पहुंचकर निरीक्षण किया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालने पर देखा गया कि एक चोर रोशनदान से बैंक के अंदर प्रवेश किया। मगर बैंक के अंदर लगे अन्य ताला को खोलने में नाकामयाब रहा। चोर बगल के पान गुमटी का ताला तोड़कर एक हजार रुपया निकालकर लेते गया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा से मिली फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होगा। मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मी उपस्थित थे।

# लग्जरी कार से भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक होंडा कार से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए युवकों में बिहार के अरवल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के जैकी कुमार 28 वर्ष, पिता रामजी पासवान तथा कुंदन कुमार 25 वर्ष, पिता अरुण पासवान शामिल हैं। जल्दी सूची बनाने के बाद पकड़े गए दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया मंगलवार की प्रातः 4:00 बजे एसपी को गुप्त सूचना मिली कि एक कार में महंगी शराब तस्करी के लिए ले जायी जा रही है। सूचना पर एक छापामारी दल का गठन कर थाना गेट के सामने एनएच 75 पर लगाया गया। कुछ ही देर में एक काले रंग की होंडा कार थाना के सामने से तेजी से भागने लगी जिसे छापेमारी दल ने पीछा कर पकड़ लिया। जब कार को चेक किया गया तब कार में रेड लेबल लिखा हुआ 750 एमएल का शीशा का सीलबंद 156 बोतल, ब्लेंडर प्राइड लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट ट्रिपल डिस्टिल्ड लिखा हुआ 750 एमएल का तीन दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट फ्लेवर्ड वोडका ग्रीन एप्पल लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, बाकार्डी लेमन लिखा हुआ 750 एमएल की तीन दर्जन अंग्रेजी शराब की बोतल तथा काला रंग की एक कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एएन 4142 तथा कार के बीच वाले सीट के पावदान के पास दो अन्य नंबर प्लेट जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल 4 सीएएन 3514 तथा बीआर 01बीई 6854 अंकित दो-दो पीस पाया गया। एसडीपीओ ने बताया कि महंगी अंग्रेजी शराब की तस्करी के लिए गाड़ी में रखे गए नंबर प्लेट को दूसरे प्रदेश बिहार और दिल्ली में लगाया जाता था। छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी विष्णुकांत, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, दीपक पासवान, रवि कुमार, प्रेम प्रकाश पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक तुलेश्वर गंझू, आरक्षी 722 छोटू माझी, हवलदार गिरजा मोची तथा चौकीदार अनिल राम आदि शामिल थे।




## धुरकी के मजदूर की पुणे में मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटिया गांव निवासी रामस्वरूप राम के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत महाराष्ट्र के पुणे में हो गई। घटना 1 मार्च की रात की है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक मजदूरी का काम करने के लिए एक माह पहले पुणे गया हुआ था। वहीं 1 मार्च की रात दीपक के परिजनों को पुणे पुलिस ने फोन कर बताया कि दीपक का डेड बॉडी पड़ा हुआ है। आनन फानन में मृतक दीपक के परिजन मामा और भाई शव को लेने पुणे गए। मृतक पुणे स्थित एसजे कंपनी में सरिया सेटिंग का काम करने गया था। जहां उसका शव मिला। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान व बीडीसी कमलेश कुमार सिंह गौड़ ने मृतक के घर जाकर ढांढस बंधाया व सरकारी प्रावधान के तहत सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई-निविदा IRQP Work for Barkatha-Tetron Road from 0.00 to 32.100 Km (total Length32.100 KM) for the Year 2023-24 Under RCD Road Division Hazaribag जिसका ई-निविदा प्रसंग संख्या (BID Reference No. RCD/HAZARIBAG/194/2024-25 दिनांक 24.02.2025, पी. आर. संख्या 347118 Road(24-25).D दिनांक 25.02.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा खोलने की तिथि 17.03.2025 के स्थान पर 18.03.2025 पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प.नि.वि. पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 347750 (Road) 24-25 (D)

## उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कोण मंडरा में जिला परिषद से 55 लाख की लागत से निमार्णाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। इस निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने किया। जहां उन्होंने भवन निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री पाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा मिट्टी युक्त बालू और घटिया ईंट इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ईंटें बेहद कमजोर और टूटी-फूटी हैं, जिससे भवन की मजबूती पर असर पड़ेगा। सीमेंट का अनुपात सही नहीं है, जिससे निर्माण कमजोर होगा। मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है जिससे भवन की दीवारों में दरारें आ सकती हैं। फर्श और छत निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रहेगा। निरीक्षण के बाद रंजनी शर्मा ने संवेदक को चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो वह गढ़वा उपायुक्त से शिकायत करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कदवा गांव में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान लाल बिहारी सिंह धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनी धौरा निवासी के रूप में हुई है। जिन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल बिहारी सिंह अपनी मोटरसाइकिल से चिनिया की ओर जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उठाया और अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उनका इलाज जारी है। वह खतरे से बाहर हैं।

## एसटी-एससी मामले के आरोपी पारा शिक्षक गिरफ्तार

**मझिआंव।** बरडीहा थाना अंतर्गत खरडीहा गांव से एसटी-एससी मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार खरडीहा गांव निवासी नंदू यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव (पारा शिक्षक) और गांव के ही मथुरा रजवार वगैरह के बीच मारपीट एवं गाली गलौज हुआ था। जिसको लेकर मथुरा रजवार वगैरह के द्वारा एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मंगलवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पारा शिक्षक को गिरफ्तार किया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि गढ़वा थाना में एससी-एसटी के तहत कांड संख्या 20/18 के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त धर्मेंद्र यादव पिता नंदू यादव ग्राम खरडिहा निवासी को वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## बैंक कर्मी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरी निवासी धर्मेंद्र कुमार ने टाउनशिप स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कर्मी प्रिंस कुमार पर अभद्र व्यवहार और गाली गलौज किये जाने को लेकर शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर उक्त कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बैंक के ग्राहक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि मैं एसबीआई टाउनशिप का नियमित ग्राहक हूं। शाखा प्रबंधक के कहने पर जब ऋण का फार्म लेने बैंक कर्मी प्रिंस कुमार के पास गया तो उसने फार्म देने के नाम पर पैसा की मांग की। जब मैंने पैसा देने से इंकार किया तो उक्त कर्मी मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर वह गाली गलौज पर उतारू हो गया और मारने के लिए मेरे उपर हाथ भी उठाया। पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर उक्त अनुशासनहीन कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा गांव के जमुनियाटांड़ पीपर डंडी टोले में हत्या के आरोप में आरोपी राजेश्वर बैठा को पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। बताते चलें कि ओझा गुणी व जादू टोना के शक में अधेड़ की टांगी से काटकर रविवार को निर्मम हत्या कर दी थी। ज्ञात हो कि ओझा गुणी को लेकर की गई हत्या में गिरफ्तार आरोपी राजेश्वर बैठा उम्र करीब 40 वर्ष, पिता स्व. रामप्रसाद बैठा मृतक का भाई ही था। जो धनबाद जिला में सिपाही है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर केस का उद्भेदन करते हुए हत्यारा सहित कांड में इस्तेमाल टांगी को भी बरामद किया। मृतक के पोते के फर्द बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि अभियुक्त का भाई मनोज बैठा होमगार्ड थे। उनकी मृत्यु होने के बाद से विवाद चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर उंटारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। छापेमारी दल में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, एसआई बीकू कुमार रजक, सुभाषकांत अकेला, शैलेंद्र कुमार यादव, अजय कुमार यादव, एमन कंडोला आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकम्पा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए लोगों की समस्या सुनी गई। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड खरौंधी के ग्राम सुंडी से आए बसंत मिंज ने अपने आवेदन के माध्यम से डीसी को बताया कि उन्हें 15वें वित्त से मुखिया के द्वारा चबूतरा निर्माण कराने को मिला था, जिसका कार्य दो माह पूर्व हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें इसकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने डीसी से होली पर्व को देखते हुए इसका भुगतान कराने का अनुरोध किया। रंका के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय से आई आशा कुमारी तिग्गा ने अपना आवेदन देते हुए डीसी को बताया कि उनके आवासीय विद्यालय में अनाथ, एकल माता-पिता, गरीब, उग्रवादी प्रभावित क्षेत्र तथा सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे अध्ययनरत है। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। इस विद्यालय में चाहारदीवारी भी नहीं है। वे अकेले एक सौ छात्रों का देखभाल करती है। अतः उन्होंने डीसी से छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर अन्य कस्तूरबा विद्यालय की भांति इस विद्यालय में भी दो होमगार्ड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए। कुछ मामलों को लेकर डीसी श्री जमुआर ने टेलीफोन माध्यम से संबंधित पदाधिकारी से बात कर आवश्यक निर्देश दिया तथा शेष आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

# सीओ के निर्देश के बावजूद ब्लॉक की चहारदीवारी में तीन नंबर ईंट का प्रयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय के समीप 5 करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे बीडीओ एवं सीओ आवास सहित स्टाफ क्वार्टर की चहारदीवारी में घटिया किस्म के ईट का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त शेखर जमुआर से विभागीय पदाधिकारियों की मनमानी रोकने की मांग की है। बताया जाता है कि इस संबंध में शिकायत के बाद अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने सोमवार को निरीक्षण किया था और इस उनके द्वारा ईट की गुणवत्ता को देखने के बाद चिंता जताई गई थी और अच्छी गुणवत्ता वाले ईट लगाने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि सीओ के कार्य निरीक्षण कर जाते ही पुनः उसी तीन नम्बर के घटिया ईट का उपयोग किया जाता रहा। इसके पश्चात मंगलवार को भी



एक नंबर का ईट नहीं लाया गया और पुराने ईट से ही चहारदीवारी बनाई जाती रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बीडीओ, सीओ एवं स्टाफ क्वार्टर के निर्माण में भी भवन निर्माण विभाग के इंजीनियरों की मिलीभगत से आधे से अधिक ईट तीन नम्बर का लगाया गया है। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग के अलावे प्रखंड कार्यालय परिसर में उपायुक्त से लेकर लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी आते जाते रहते हैं लेकिन आश्चर्य है कि करोड़ो रुपए की लागत से बन रहे भवनों व चहारदीवारी पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। लोगों का कहना है कि सबसे मुख्य बात यह देखी जा रही है कि जिन बीडीओ, सीओ को उक्त क्वार्टरों में रहना है उन्हें भी यह चिंता नही है कि घटिया सामग्री लगाये जाने से बिल्डिंग समय से पूर्व ध्वस्त भी हो सकता है। इस तरह तो बीडीओ, सीओ एवं स्टॉफ क्वार्टर का तो भगवान ही मालिक है।

इस संबंध में पूछने पर सीओ प्रमोद कुमार ने आश्चर्य जताया और कहा कि इस बारे में कार्यपालक अभियंता से शिकायत की जायेगी।

## जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में बंशीधर महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

# पर्यटक स्थलों को अपग्रेड करने पर किया गया विचार विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक/तीर्थ स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श के लिए डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति (डीटीपीसी) गढ़वा की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव के साथ बैठक में भाग लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल को नियमानुसार अपग्रेड करने पर विचार विमर्श



किया गया। इसके तहत सदर प्रखंड के गढ़देवी मंदिर को सी श्रेणी से बदलकर बी श्रेणी में पारित करने का प्रस्ताव दिया गया। वहीं श्री बंशीधर नगर के राजा पहाड़ी मंदिर एवं गढ़वा प्रखंड के बाबा खोनहरनाथ मंदिर को डी श्रेणी से हटाकर सी श्रेणी में अपग्रेड करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मां गढ़देवी महोत्सव एवं खोनहरनाथ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अवसरों के आयोजन, पर्यटक स्थलों के बेहतर प्रबंधन, रंग-रोगन एवं रख-रखाव, कार्यालय के संचालन हेतु विभिन्न गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। गढ़वा जिला में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वा पवित्र परिपथ को एक इंट्रा रीलिजियस सक्रिट के रूप में जोड़ने एवं विकसित करने पर भी विचार विमर्श किया गया।

बैठक में श्री बंशीधर महोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। डीसी श्री जमुआर ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा, लाइटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिए रहने की व्यवस्था, गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में एसी राज महेश्वरम, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, गढ़वा एसडीओ, श्री बंशीधर नगर एसडीओ, रंका एसडीओ, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी एवं दक्षिणी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**प्रपत्र–VII**
**गुमला समाहरणालय, गुमला**
**(भू- अर्जन शाखा)**

**समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार**
**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)**

ज्ञापांक – भू0अ0 दिनांक –

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **अघरमा मोड़ (SH-03) से टकरमा –ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य ग्राम– टकरमा, थाना–बसिया, थाना नं0–23, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन ने अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर** है और जो **ग्राम– टकरमा, थाना– बसिया, थाना नं0– 23, अंचल – बसिया, जिला –गुमला** में है जिसका विवरण क्र0 सं0– 01 से 28 तक निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 235 | रैयती | 0.03 | मझीयस | 234 | 238 | अंश | सड़क |
| 2 | 2 | 251 | रैयती | 0.03 | बैठखाता/निरन्तल गुड़िया वो अतुल गुड़िया वो निरदुल गुड़िया पिता जुनुल मुंडा वो सुनील गुड़िया वो पप्पु गुड़िया पिता बिलकन मुंडा वो कुलचन्द मुंडा | सड़क | अंश | 250 | 254 |
| | | 254 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 252 | 255 |
| 3 | 3 | 264 | रैयती | 0.015 | आनन्द मसीह मुण्डा वो खीस्तोनन्द मुण्डा वो थॉमस मुण्डा वो इमोएल मुण्डा पेसरान पतरस मुण्डा 1 हिस्सा ब हिस्सा बराबर वो जोहन मुण्डा वल्द थॉमस मुण्डा 1 हिस्सा कौम मुण्डा साकिन देह/एसो मुंडा पिता उदय मुंडा वो विजय मुंडा पिता मनोहर मुंडा | सड़क | अंश | 256 | 265 |
| | | 265 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 264 | 263 |
| 4 | 9 | 266 | रैयती | 0.01 | इसाक मुण्डा वल्द दाउद मुण्डा कौम साकिन देह। | सड़क | अंश | 263 | 267 |
| 5 | 14 | 191 | रैयती | 0.10 | विजय होरो वो कमल होरो पिता निरल होरो वो संजय होरो पिता नसकलन होरो वो जुगलन होरो वो जुसफ होरो पिता सिलाफ होरो निज ग्राम | अंश | सड़क | 196 | 243 |
| 6 | 18 | 85 | रैयती | 0.03 | जोनसन मुण्डा वल्द लिभायुस मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह। | 90 | 84 | अंश | सड़क |
| 7 | 21 | 84 | रैयती | 0.035 | जुनस होरो पिता अनमोल मुंडा वो पियारा होरो पिता एरधीया मुंडा वो निरंजन होरो वो नैयजन होरो वो रूदुन होरो पिता पावल मुंडा | 85 | 229 | अंश | सड़क |
| | | 76 | रैयती | 0.02 | | गुड़रडीह | 78 | सड़क | अंश |
| | | 52 | रैयती | 0.03 | | 54 | 52 | सड़क | अंश |
| | | 98 | रैयती | 0.03 | | 96 | 93 | अंश | सड़क |
| | | 239 | रैयती | 0.02 | | 238 | 242 | अंश | सड़क |
| 8 | 22 | 230 | रैयती | 0.05 | जोहन पहान वो मरकश पाहन वो सामुएल पाहन वो ईश्वरदन पाहन पेसरान मनशीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्से बराबर। | 229 | 231 | अंश | सड़क |
| | | 96 | रैयती | 0.015 | | सकिया | 98 | अंश | सड़क |
| 9 | 23 | 367 | रैयती | 0.025 | जोहन पहान वो मरकश पाहन वो सामुएल पाहन वो ईश्वरदन पाहन पेसरान मनशीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्से बराबर। | अंश | सड़क | 368 | डुमरडीह |
| 10 | 27 | 263 | रैयती | 0.03 | तेपरा जुशेफ मुण्डा वल्द सोमा मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह। | सड़क | अंश | 265 | 266 |
| | | 303 | रैयती | 0.01 | | सड़क | अंश | 306 | 302 |
| 11 | 31 | 314 | रैयती | 0.02 | डीबोर्ड ट्रस्टीज सफ दो गोशनर प्रोपटी सर्च। | अंश | सड़क | 315 | 315 |
| | | 315 | | 0.015 | | अंश | सड़क | 313 | 316 |
| | | 316 | | 0.27 | | अंश | सड़क | | |
| 12 | 32 | 46 | रैयती | 0.30 | सालेन गुड़िया पिता पौलुस मुंडा वो दान गुड़िया वो उज्जवल गुड़िया पिता सुदाम गुड़िया वो मनोज गुड़िया वो जिदान गुड़िया वो नामजन गुड़िया पिता नियरजन गुड़िया वो सामीन गुड़िया पिता सुलेमान मुंडा वो हेमन्त गुड़िया पिता मुकुद गुड़िया वो जीवन गुड़िया पिता पौलुस मुंडा | अंश | सड़क | सड़क | 45 |
| | | 245 | | 0.20 | | अंश | अंश | 243 | रास्ता |
| | | 246 | | 0.055 | | सड़क | अंश | 245 | रास्ता |
| | | 255 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 254 | 256 |
| | | 256 | | 0.04 | | सड़क | अंश | 255 | 264 |
| | | 306 | | 0.015 | | सड़क | अंश | 307 | 303 |
| | | 307 | | 0.04 | | सड़क | अंश | 310 | 306 |
| 13 | 34 | 298 | रैयती | 0.01 | मतियस अईन्द वो मिदिज अईन्द वो जुलियन अईन्द पिता बरनाबस मुंडा वो जुली अईन्द पति नामजन्द अईन्द वो पवन अईन्द वो जुलतन अईन्द पिता जोहन मुंडा | | | | |
| | | 242 | | 0.11 | | 239 | 245 | अंश | सड़क |
| 14 | 43 | 244 | रैयती | 0.17 | मुशोमात श्रीमती जौजे मधु भोगता कौम भोगता साकिन देह। | सड़क | अंश | 462 | 245 |
| | | 370 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 372 | सिमाना |
| 15 | 44 | 243 | रैयती | 0.20 | सुखा खड़िया पिता सुकरू खड़िया निज ग्राम। | अंश | सड़क | 191 | 245 |
| 16 | 46 | 90 | रैयती | 0.02 | बोबेस हेमरोम पिता जोहन मुंडा वो सबीत हेमरोम पिता खिरसाय मुंडा वो परवल हेमरोम वो सयुन हेमरोम पिता विसराम हेमरोम वो जोहन मुंडा पिता मतियस मुंडा वो जोसेफ मुंडा वो सामुएल मुंडा पिता मंगरा मुंडा वो जोहन मुंडा पिता कोका मुंडा वो पतरस वो खिस्तो सहाय वो मतियस वो मिसान पिता बिरसा मुंडा | 91 | 85 | अंश | सड़क |
| | | 91 | | 0.03 | | 94 | 90 | अंश | सड़क |
| | | 94 | | 0.02 | | 93 | 91 | अंश | सड़क |
| | | 93 | | 0.015 | | 96 | 94 | अंश | सड़क |
| | | 89 | | 0.015 | | 90 | 90 | अंश | सड़क |
| 17 | 51 | 267 | रैयती | 0.015 | बैरोद मुण्डा वो जुश्क मुण्डा वो जरमुसहाय मुण्डा पेशरान सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह ब हिस्सा बराबर। | सड़क | अंश | 266 | 310 |
| | | 310 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 267 | 307 |
| 18 | 52 | 297 | रैयती | 0.035 | समुएल पाहन वो जयमशीह पाहन पेशरान जुशुक पाहन वो शपील पाहन मनयीत पाहन वो दाउद पाहन नथनीएल पाहन पैशरान जयमशीह पाहन कौम मुण्डा साकीन देह। | सड़क | अंश | 298 | 292 |
| 19 | 53 | 238 | रैयती | 0.015 | सबिल उरांव वल्द आदम उरांव एक हिस्सा वो बेलसमान उरांव वो मोहन उरांव पेसरान प्रभुदास उरांव एक हिस्सा बहिस्से बराबर वो मोसोमात इजसबर जौजे कलोजीन उरांव एक हिस्सा कौम उरांव साकिन देह। | 235 | 239 | अंश | सड़क |
| 20 | 55 | 250 | रैयती | 0.09 | शपील मुण्डा वो सन्तोष मुण्डा वो सौरभ मुण्डा वो प्रकाश मुण्डा पेशरान आनन्द मसीह मुण्डा कौम मुण्डझ साकीन देह ब हिस्से बराबर। | सड़क | अंश | 248 | 251 |
| | | 47 | | 0.035 | | 51 | 46 | सड़क | अंश |
| 21 | 58 | 234 | | 0.085 | बकास्त | सड़क | 235 | अंश | सड़क |
| | | 372 | | 0.035 | | सड़क | अंश | 373 | 370 |
| | | 465 | | 0.05 | | सड़क | अंश | लरिया | 364 |
| 22 | 59 | 291 | | 0.015 | बकास्त भुईहरी | सड़क | अंश | 292 | 374 |
| | | 292 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 297 | 291 |
| | | 374 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 291 | 373 |
| 23 | 60 | 373 | | 0.05 | बकास्त भुईहरी | सड़क | अंश | 374 | 372 |
| 24 | 64 | 368 | रैयत | 0.035 | कोका जोहन पाहन वो फिलिप पाहन वो इलियास पाहन पेसरान मनशीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | सड़क | 365 | 367 |
| 25 | 69 | 313 | | 0.015 | बकास्त भुईहरी | 45 | सड़क | अंश | 315 |
| | | 312 | | 0.015 | | 313 | सड़क | 45 | 313 |
| | | 45 | | 0.04 | | अंश | सड़क | 46 | 312 |
| | | 54 | | 0.05 | | 81 | 52 | सड़क | अंश |
| | | 82 | | 0.03 | | रास्ता | परती | सड़क | अंश |
| | | 81 | | 0.005 | | 82 | 54 | सड़क | अंश |
| 26 | 72 | 190 | | 0.065 | बकास्त भुईहरी/हेरेन केरकेटा पिता कुअर खड़िया वो अलफेट केरकेटा वो तारकेलेन केरकेटा वो सालीम केरकेटा पिता हरदुगन केरकेटा वो सुनील केरकेटा पिता इलियस केरकेटा वो शोभा केरकेटा पति नामजन केरकेटा | अंश | अंश सड़क | लरिया | 191 |
| 27 | 73 | 51 | | 0.085 | बकास्त भुईहरी | 52 | 47 | सड़क | अंश |
| | | 462 | | 0.10 | | | | | |
| 28 | 76 | 463 | | 0.16 | फारस मुण्डा वो जोहन मुण्डा पेशरान नयनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन कोचेडेगा बहिस्सा बराबर। | सड़क | अंश | सड़क | 462 |
| कुल रकबा | | | | 3.24 | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या 30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–शून्य

**ग्राम– टकरमा, थाना–बसिया, थाना नं0–23, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेषभाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य है

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला | अपर समाहर्त्ता, गुमला | उपायुक्त, गुमला

PR 347689 Land Reforms(24-25).D

# साइबर क्राइम का जाल

पूर्वी एशिया के कई देशों के चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है। यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आ रहें हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# देश में मिलावट का कारोबार चरम पर





**- बृजमोहन ओझा**

> विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है।

**भारतीय** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने ईट राइट इंडिया अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है।

खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें।

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**मेरी** जीवन संगिनी, मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में मजबूती के साथ खड़ी होने वाली, हर वक्त मुझे हिम्मत देने वाली गांडेय की विधायक को जन्मदिन की बहुत बधाई।

आप हमेशा स्वस्थ्य रहें और दीघार्यु हों।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**जब** महिलाएं निर्णायक भूमिकाओं में होती हैं, तो वे स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और आर्थिक स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करती हैं। इससे संपूर्ण राष्ट्र का सतत विकास सुनिश्चित होता है। महिलाओं की नेतृत्व क्षमता में दूरदृष्टि, संवेदनशीलता और समावेशन का अद्भुत समन्वय होता है, जिससे समाज को दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# प्रधानमंत्री मोदी और जैव विविधता

**मुकुंद**

## विज्ञान

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।" आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, "भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।"

यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है।

यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। शेरों का भारतीय मुद्रा और आधिकारिक दस्तावेजों में दिखाई देता है। भारत एशियाई शेरों का घर है। एशियाई शेर सिर्फ गुजरात के गिर के जंगलों में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों ने शेरों की आबादी को 2015 में लगभग 523 से बढ़ाकर 2020 में लगभग 674 तक पहुंचा दिया। केंद्र सरकार की 15 अगस्त, 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लायन महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य लंबे एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है। गुजरात में शेरों की संख्या और स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से गणना की जाती है। इसके अलावा आग प्रबंधन, बाढ़ की तैयारी और निरंतर वन्यजीव निगरानी जैसे उपाय यह सुनिश्चित करते हैं कि शेरों के पास सुरक्षित आवास हों और किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जाए। बड़ी बात यह है कि अप्रैल 2023 में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया भर में शेरों सहित बड़ी बिल्लियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। शेरों के इतिहास की बात करें तो वह 30 लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका और यूरेशियन महाद्वीप में विचरण करते थे। शोधकताओं का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर शेरों की उपस्थिति 30,000 से 100000 के बीच है।

जहां तक गिर वन्यजीव अभयारण्य का सवाल है तो वह एशिया में शेरों का एकमात्र निवास स्थान होने के कारण जाना जाता है। गिर अभयारण्य 1424 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 258 वर्ग किलोमीटर में राष्ट्रीय उद्यान और 1,153 वर्ग किलोमीटर वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित अभयारण्य है। पास में ही मितीयाला वन्य जीव अभयारण्य है।

# यत्र नार्यस्तु पूज्यंते , रमंते तत्र देवता महिला सशक्तिकरण और योग



**विमला कुमारी**

## समाज

**भारतीय** संस्कृति में नारी के महत्व के विषय में कहा गया है कि जहां नारी पूजी जाती है वहां देवता वास करते हैं अर्थात जिस समाज में नारी का समुचित सम्मान होता है वहां शांति, समृद्धि और उन्नति का साम्राज्य रहता है ।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पहली बार 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। दिसंबर 1977 में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने एक और प्रस्ताव पारित कर महिला अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र दिवस की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिवस लैंगिक समानताओं को बढ़ाने के लिए आव्हान करता है।

भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है - नारी ।वैदिक काल में नारियों को पुरुषों के बराबर का दर्जा प्राप्त था। मध्यकाल में राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के कारण महिलाओं की स्थिति कमजोर पड़ गई ।उसके बावजूद उन्होंने संघर्ष करते हुए राजनीतिक, साहित्यिक, शैक्षिक और धार्मिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की। रजिया , रानीदुर्गावती ,जीजाबाई जैसी महिलाओं ने नारी जाति को गौरव प्रदान किया । मीराबाई ने भक्ति रस की धारा बहाई और इतिहास में एक मिशाल बन गई ।अंग्रेजी राज में नारियों की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आया उनको शिक्षा पाने का अधिकार मिला। आजादी की लड़ाई में अनेक महिलाओं जैसी एनी बेसेंट ,विजय लक्ष्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।सन 1950 में जब देश को संविधान मिला तो स्त्रियों की सुरक्षा, सम्मान और पुरुषों के समान अवसर प्राप्त हुए। आज महिलाएं राजनीतिक सामाजिक, आर्थिक ,सांस्कृतिक, आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ योग के क्षेत्र में भी कदम बढ़ा रही है। योग द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। संतुलित एवं सशक्त व्यक्तित्व के लिए स्वस्थ मन और तन दोनों ही आवश्यक है जहां आर्थिक सशक्तिकरण महिलाओं को संसाधनों तथा आय पर नियंत्रण का लाभ देता है वही योग महिलाओं के विभिन्न सामाजिक समस्याओं के माध्यम से जीवन निर्धारक निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। महिलाएं योग में प्रतिभागिता को अपनाकर अपनी क्षमताओं को विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकती है। भारतीय संस्कृति ने अनादि काल से ही महिला को समाज का अति आवश्यक अंग स्वीकार करते हुए उन्हें सम्मान और प्रतिष्ठा के सर्वोच्च स्तर पर रखा है। प्रकृति ने स्त्री और पुरुष में प्रदत्त शारीरिक भेद करते हुए स्त्री को सृजनात्मक शक्ति से युक्त किया है ।भारतीय चिंतन परंपरा में ईश्वर शिव को अर्धनारीश्वर मनाया गया है ।आदि शक्ति मां पार्वती और आदि देव महादेव को जगत के माता-पिता मानते हुए कवि कुल कालिदास जी ने रघुवंशम में मंगलाचरण किया है उन्होंने पार्वती और शिव को शब्द और अर्थ की भांति एक दूसरे में ओत- प्रोत रहते हुए शब्द के ज्ञान का आशीर्वाद मांगा है ।अगर हम वैदिक साहित्य की बात करें तो भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है वैदिक साहित्य में मंत्र , आरण्यक , उपनिषद के अध्ययन से पता चलता है कि तत्कालीन समाज में नारी को परिवार और समाज में अत्यंत प्रभावशाली सम्मानित पद प्राप्त था ।वैदिक समाज में अनेक विदुषी मंत्र द्दष्टा नारियां हुई है जिन्हें ब्रह्म वादिनी या ऋषिका कहा जाता था। उन्हें समाज में अंगिरा ,अगस्त्य और वशिष्ठ ऋषि के समान ही सम्मानित पद प्राप्त था। आपला, यामी, मैत्री , कात्यायनी , गार्गी आदि वैदिक काल की प्रमुख मंत्र द्दष्टा नारियां थी।

हमारे ग्रंथो में तो नारी को घर की लक्ष्मी कहा गया है। रजनीश ने कहा है -जहां- जहां प्रेम और दया है वहां-वहां नारी उपस्थित है। 50 की दशक के बाद भारतीय समाज में शहरीकरण, औद्योगिकरण और आर्थिक दबाव के कारण शिक्षित स्त्रियां घर से बाहर नौकरी या काम धंधा करने लगी। परिवार की आर्थिक उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी ।लाखों चुनौतियों के बावजूद महिलाएं अपनी नेतृत्व शैली की वजह से अपनी पहचान बनाए रखने में सफल हुई। इस बात में कोई संशय नहीं है कि नारी अपने जीवन में घर के सीमित दायरे के लिए नहीं बनी। समय के साथ-साथ इस दुनिया में सजीव और निर्जीव सभी वस्तुओं का आधुनिकरण हुआ ।आज के आधुनिक युग में पुरुष और महिलाएं आधुनिकता को अपनाकर प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। किसी भी समाज या राष्ट्र का स्वरूप वहां की नारी की स्थिति पर निर्भर करता है समाज में नारी की स्थिति जितनी सशक्त मजबूत होगी वह समाज और राष्ट्र उतना ही विकसित और मजबूत होगा ।कुछ महापुरुषों के नारी विषयक विचार इस प्रकार है -मुंशी प्रेमचंद ने लिखा है-ह्व स्त्री पुरुष से इतनी श्रेष्ठ है जितना प्रकाश अंधेरे से।ह्व

अरस्तु के अनुसार -ह्वनारी की उन्नति और गरिमा पर ही राष्ट्र की उन्नति निर्भर करता हैह्व

नेपोलियन ने कहा है-मुझे कोई 100 योग्य माताएं दे मैं उसे श्रेष्ठ राष्ट्र दूंगा। यदि महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा और नए समाज का उदय होगा जीवन की कला को अपने हाथों से संवार कर नारी ने संसार का रूप निखारा है ।

**(लेखिका योगाचार्य हैं।)**

**स्पीड न्यूज**

## मजदूरों का हित सर्वोपरि : आरएन सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साइड क्षेत्रीय कार्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को एनसीओईए (सीटू) द्वारा सांगठनिक सभा का आयोजन किया गया। इसमें हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) को छोड़कर संतोष यादव के नेतृत्व में आए हुए साथियों को एनसीओईए (सीटू) के कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड अरुण कुमार सिंह एनसीओईए (सीटू) की सदस्यता दिलाई। साथ ही फूल माला पहनाकर सभी नये सदस्यों का संगठन में स्वागत किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव आरएन सिंह ने कहा कि संतोष यादव के नेतृत्व में आए हुए साथियों तथा हमारे पूर्व के साथी एक साथ मिलकर भुरकुंडा ब्रांच को बरका-सयाल क्षेत्र में सबसे मजबूत यूनियन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। श्री सिंह ने कहा कि हमारे संगठन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमारे संगठन का उद्देश्य मजदूरों की समस्याओं का समाधान करना है। इधर एनसीओईए (सीटू) में शामिल होने के बाद रिभर साइड भुरकुंडा निवासी संतोष यादव ने कहा कि संगठन के साथियों को एक सूत्र में पिरोकर सगठन को और बुलंदियों पर ले जाने का काम करूंगा। संतोष यादव के नेतृत्व में एसीओईए (सीटू) का दामन थामने वाले में सुनील यादव, मो. असगर अंसारी, सुभाष तिवारी आदि शामिल हैं। स्वागत समारोह में गोपाल यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, सुशील कुमार, किरण कुमार, संजय कुमार, गणेश उरांव, एतवा मुंडा, मनोज पांडेय, राकेश कुमार, सखलाल महतो, प्रकाश कुमार, सन्यासन घोष, प्रमोद सिंह, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा शाखा द्वारा मंगलवार को यूनियन कार्यालय भुरकुंडा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मण्डल ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नरेश मंडल, सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय उपस्थित थें। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 जून को ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन धूमधाम से मनाया जायेगा। नरेश मंडल ने बताया कि केंद्रीय सम्मेलन में झारखण्ड के सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर दिवाल लेखन, पोस्टर-पर्चा आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सभी साथी जुट गए हैं। बैठक में अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, आलोक पुरखत, अशोक कुमार, मदन मोहन ओझा, जोगेंद्र ठाकुर, विजय शंकर यादव, दिवाकर पटेल, अशोक राम, रंजीत कुमार, रामचंद्र राजभर आदि मौजूद थे।

## रजरप्पा में खोरठा की हुयी परीक्षा



**रजरप्पा ।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक मैट्रिक परीक्षा 2025 परीक्षा केंद्र रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर महाविद्यालय सिरू दुलमी में मैट्रिक के खोरठा विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 235 बच्चे शामिल हुए जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा की सफल संचालन हेतु केंद्र अधीक्षक के रूप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बयांग के प्रधानाध्यापक उमेश महतो एवं महाविद्यालय के प्राचार्य लोचन राम महतो के अलावे विक्षक के रूप में राजेश कुमार ओहदार, कामेश्वर महतो, संदीप कुमार, राजेन्द्र कुमार, बिमल महतो, डमर लाल महतो, आशीष कुमार, सुनीता कुमारी, इरम रिजवाना, कविता कुमारी, वीणा कुमारी, विकास कुमार, सुधन महतो, पंकज मुंडा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इधर, गोला, चितरपुर, दुलमी आदि जगहों के परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

## अबुआ नहीं, ठगुवा बजट : रौशन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड में पेश हुए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से फ्लॉप है। यह अबुआ नहीं ठगुवा बजट है। इस बजट में ना ही आदिवासी ना मूलवासी ना युवा और ना ही किसान वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें पूरी तरह से इन सभी वर्गों को बजट से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को ध्यान देना चाहिए कि मैया सम्मान निधि योजना के चक्कर में झारखंड सरकार जनता पर और अतिरिक्त बोझ न डाल दे। पूर्व से ही झारखंड के कई योजनाओं का सही समय पर संचालन नहीं हो पा रहा है। उसपर भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि झारखंड का आम जनमानस इस बजट से काफी उम्मीद रखता था परंतु यह बजट पेश होने के बाद झारखंड का आम जनमानस पूरी तरह से निराश हो गया है।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सरना स्थल बोंगाबार फोरलेन सड़क पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने जा रहे मजदूर की मौत घटना स्थल पर हो हो गयी। घटना की खबर जैसे ही परिजन व ग्रामीणों को हुई वैसे ही सभी लोग घटना स्थल पहुंचकर सड़क को करीब एक घंटे के लिए जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की जाम लग गयी। जानकारी के अनुसार बंधिया बोंगाबार निवासी अशोक मुंडा, पिता रव नारायण मुंडा दोपहर में साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने के लिए कुजू ओर जा आ रहा था। इसी बीच सरना स्थल बोंगाबार फोरलेन सड़क पर पीछे से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया।

# हजारीबाग के ब्लॉक कार्यालयों में चरम पर भ्रष्टाचार

## ग्रामीणों का आरोप, बिना रिश्वत नहीं होता कोई काम

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के ब्लॉक कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। आम जनता की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही, और बिना रिश्वत कोई काम आगे नहीं बढ़ता। ऐसा आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सबसे बड़ी बात की ये मामला सिर्फ एक ब्लॉक कार्यालय का नहीं है। आप किसी भी ब्लॉक कार्यालय में चले जाए आपको हर ब्लॉक में ऐसे शिकायतकर्ता मिल जायेंगे जो ब्लॉक के कर्मचारियों के कार्यशैली से छुब्द हैं। इस मामले को लेकर उपायुक्त कार्यालय में लगातार शिकायतें दर्ज होती रहती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन संबंधी मामलों, प्रमाण पत्रों और सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर

**विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन में भी हो रही है अवैध वसूली**

काटने पड़ते हैं, लेकिन जब तक जेब से पैसा नहीं निकले, फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। खासतौर पर अंचल कार्यालयों में भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, एलपीसी, भूमि मापी जैसे मामलों में भारी गड़बड़ियां हो रही हैं। सीओ कार्यालयों में आम लोगों को महीनों तक दौड़ाया जाता है, जबकि दलालों के जरिए मोटी रकम देने पर काम चुटकियों में हो जाता है। भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीनों की बंदरबांट की जा रही है।

विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं में भी अवैध वसूली हो रही है। जरूरतमंदों से फॉर्म भरने के नाम पर पैसे लिए जाते हैं, और बिचौलियों के बिना कोई काम नहीं होता। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी दलालों की भूमिका बढ़ गई है, जिससे असली लाभुकों को उनका हक मिलने में देरी हो रही है।

चिंताजनक बात यह है कि ब्लॉक के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर किसी का डर नहीं है। शिकायतें उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचती हैं, लेकिन जांच के आदेश के बावजूद दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। कई बार देखा गया है कि ये कर्मचारी नेताओं व रसूखदार दलालों की शह पर भ्रष्टाचार को अंजाम देते हैं। अगर हजारीबाग में भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी है तो सरकार और जिला प्रशासन को तत्काल कठोर कदम उठाने होंगे। प्रत्येक ब्लॉक में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी जाएं। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को बर्खास्त कर ट्रांसफर-पोस्टिंग में पारदर्शिता लाई जाए। हजारीबाग के ब्लॉक कार्यालयों में व्याप्त यह भ्रष्टाचार सरकारी तंत्र में जनता के भरोसे को खत्म कर रहा है। यदि इसे जल्द नहीं रोका गया, तो लोग सरकारी व्यवस्था से पूरी तरह निराश हो जाएंगे। प्रशासन को अब जगना होगा और जनता की परेशानियों का समाधान ईमानदारी से करना होगा, वरना यह भ्रष्टाचार विकास की हर योजना को खोखला कर देगा।

# चरही में ईंट भट्ठ संचालक चोरी का कोयला कर रहे इस्तेमाल

## सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं कारोबारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/चरही।** चरही में अवैध ईंट भट्ठों का धंधा इतनी तेजी से फल-फूल रहा है कि अब इसे एक संगठित माफिया कहना गलत नहीं होगा। बांग्ला ईंट भट्ठा और चिमनी ईंट भट्ठा संचालक बेखौफ होकर सरकारी संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। इन अवैध कारोबारियों की दबंगई इतनी है कि स्थानीय पुलिस भी कार्रवाई से पहले दस बार सोचती है।

ये धंधेबाज सरकार को तीन स्तरों पर चूना लगा रहे हैं। पहला, ये नदियों के किनारे की सरकारी भूमि से मिट्टी उठाकर ईंट बना रहे हैं। दूसरा, बालू और पानी का अवैध दोहन कर रहे हैं। तीसरा, ईंट पकाने के लिए चोरी का कोयला इस्तेमाल कर रहे हैं।

नतीजा यह है कि लाखों-करोड़ों का यह अवैध कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है, और सरकार राजस्व के रूप में भारी नुकसान झेल रही है। खनन विभाग की कार्रवाई भी



ईंट भट्ठा के पास पसरा अवैध कोयला।

केवल खानापूर्ति तक सीमित है। कभी-कभार कुछ ट्रैक्टर जब्त किए जाते हैं, लेकिन बड़ी मछलियों पर हाथ डालने की हिम्मत किसी में नहीं दिखती।

इस लूटखसोट का सबसे बड़ा खामियाजा पर्यावरण और स्थानीय जनता भुगत रही है। नदियों के किनारे अंधाधुंध मिट्टी कटाई से जलस्तर गिर रहा है, और कोयले का धुआं हवा में जहर घोल रहा है। स्थानीय लोगों में अब इस अवैध कारोबार के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। लेकिन सवाल यह है कि प्रशासन कब जागेगा? क्या दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी या फिर इन धंधेबाजों की बल्ले-बल्ले यूं ही चलती रहेगी?

## सर्वोदय निकेतन में पुस्तक मेला संपन्न



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गायत्री परिवार हरिद्वार में सद साहित्य प्रदर्शनी सह एकदिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बाल निर्माण, युग निर्माण, चरित्र निर्माण, महापुरुषों की जीवनी, घरेलू उपचार, पर्यावरण सुरक्षा, समय प्रबंधन, युग चेतना आदि से संबंधित हजारों पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका अवलोकन विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। सभी ने अपनी पसंद एवं आवश्यकतानुसार मेले से उचित मूल्य देकर पुस्तकें प्राप्त की। इससे पूर्व विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने फीता काटकर पुस्तक प्रदर्शनी सह मेले का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कहा कि अच्छी पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने वकीलों की समस्याओं को विस में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में राज्यभर के वकीलों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि झारखंड में 36 बार एसोसिएशन हैं, जिनसे जुड़े लगभग 35,000 वकील न्यायिक व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। इसके बावजूद, इनके कार्यस्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। विधायक ने कहा कि अधिकतर बार एसोसिएशन परिसरों में पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, वाई-फाई, वातानुकूलित बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कई जगहों पर वकीलों के लिए पर्याप्त चैंबर तक नहीं हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा आती है। उन्होंने वकीलों की सामाजिक सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को



जल्द लागू करने की मांग की। साथ ही, वकीलों को जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का लाभ देने की अपील की। प्रदीप प्रसाद ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य के सभी बार एसोसिएशन परिसरों के विकास के लिए विशेष बजट आवंटित किया जाए और एक अनुदान योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तो न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने सरकार से इस विषय पर जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की।

## एसपी ने की लंबित मामलों की समीक्षा

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार को रामगढ़ थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्य रूप से महिला से संबंधित लंबित कांडों जैसे- बलात्कार, पोक्सो, छेड़खानी एवं 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपहरण, गृहभेदन, चोरी, लूट, डकैती, हत्या के काण्डों की समीक्षा किया गया। 6 मार्च को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षकद्वारा महिला से संबंधित लंबित कांडों का शीर्षवार समीक्षा निर्धारित है के संबंध में सभी अनुसंधानकर्ता को जानकारी देते हुए लंबित कांडों में अविलम्ब गिरफ्तारी करने, फरार रहने की स्थिति में वारंट, इश्तेहार, कुर्की की कार्रवाई करने तथा कांडों के निष्पादन के संबंध में अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । 6 माह से अधिक समय से लंबित कांडों की संख्या शून्य करने हेतु निर्देश दिया गया।

## कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना को लेकर बैठक हुयी। सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें इनके द्वारा प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गई। अभी तक कुल 84.92 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट स्कनिर्गत कर दिया गया है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्टेटमेंट स्क निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकबा पृच्छा की गई। उक्त के आलोक में केबीपी के द्वारा कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना हेतु पाँच वर्षो का माइन ऑपरेशन तालिका पर वर्षवार समीक्षा की।

# जेएसपी पतरातू में सुरक्षा सप्ताह शुरू

**कर्मचारियों ने सुरक्षा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का लिया संकल्प**

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सह सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा और स्वस्थ्य-विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक थीम के साथ सुरक्षा मार्च निकाला गया। जिसमें सुरक्षा रथ भी शामिल था। यह मार्च सेक्टर 2 कॉलोनी से शुरू होकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए प्लांट के मुख्य कार्यालय तक पहुंचा। इस आयोजन में कर्मचारियों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सुरक्षा सर्वोपरि, शून्य हानि सदैव जैसे नारे लगाते हुए शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यालय के सामने प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने सुरक्षा ध्वज फहरा किया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने नजदीकी हादसों,



असुरक्षित परिस्थितियों और असुरक्षित कार्यों की रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर देते हुए कर्मचारियों से किसी भी तरह की चोट गलने से बचने के लक्ष्य को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करके हम कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित बना सकते हैं। इस अवसर पर सबों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षा को अपने कार्य जीवन का मूल मंत्र बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन फायर एवं सेफ्टी विभाग के तत्वावधान में किया गया। जिसमें सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कहा गया कि यह आयोजन सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू ने यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे सभी को अपनाना चाहिए।

## मजदूरों के हितों की रक्षा राकोमयू कर सकती है: महेश सिंह

रामगढ़ । यूनियन चलाना आसान काम नहीं है। इसके लिए सुबह से लेकर देर रात तक कोयला मजदूरों के बीच रहना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास करना होता है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ही एक ऐसा यूनियन है, जो मजदूरों के हितों का विचार रखती हैं। बाकी सभी यूनियन केवल अपनी पॉकेट गर्म करने और मजदूरों को मूर्ख बनाने में लगे हैं। उनकी यह दुकानदारी अधिक दिनों तक नहीं चलने वाली है। उक्त बातें यूनियन के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह ने मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित सामुदायिक भवन में यूनियन की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि 1973 के पहले कोयला मजदूरों की स्थिति काफी दयनीय थी। स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी ने कोयला उद्योग का

**एक नजर में**

## बरही में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ शुरू



**बरही।** बरही धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। मंगलवार को इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत भगवती मंदिर परिसर से हुई, जहां जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता और मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने संयुक्त रूप से कलश देकर महिलाओं को रवाना किया। श्रद्धालुओं का यह विशाल जुलूस धनबाद रोड होते हुए सूर्य मंदिर स्थित नदी तक पहुंचा, जहां महिलाओं ने पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर परिसर में कलश स्थापना की। आचार्य वेद पंडित जयनंदन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक कलश स्थापना कराई। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि भगवती सेवा संस्थान 15 वर्षों से इस महायज्ञ का आयोजन कर रहा है, जिससे न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि भगवान स्वयं भक्तों के बीच उपस्थित रहते हैं। महायज्ञ के लेकर पूरे बरही को दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। महायज्ञ में आचार्य वेद पंडित जयनंदन शास्त्री, आचार्य शिव राम, उप प्राचार्य शिव राम पांडेय, पंडित चंद्रशेखर सुमन शास्त्री, पवन पांडेय और मंदिर के पुजारी कामेश्वर पांडेय शामिल हैं। मुख्य यजमान के रूप में संतोष केशरी, शंकर प्रसाद केशरी, शिव कुमार केशरी, शिव शंकर कसेरा और विशेश्वर साव सपत्नीक महायज्ञ में भाग ले रहे हैं। इस शुभ अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, महासचिव बलराम केशरी, सचिव मनोज कुमार उपाध्याय, उमेश दास, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, संजय केशरी, जयप्रकाश केशरी, मोतीलाल चौधरी, संजय यादव, रमेश श्रीवास्तव, हितेश राज, राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, भाजपा नेत्री सुषमा विश्वकर्मा, बंटी ठाकुर, दीपक भगत, उमेश ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, युगल यादव और नंदकिशोर कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के इस पावन आयोजन में पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## झरपो के बच्चों ने 13 घंटे रखा रोजा



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो गांव में आस्था और धार्मिक संस्कार की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब 10 वर्षीय मासूम बच्चों ने रमजान के पवित्र महीने में 13 घंटे का रोजा रखा। पूर्व झारखंड ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) तैयब मियां के पोते—वारिश अंसारी, शिफत प्रवीण और सफीक अंसारी—ने पूरे श्रद्धा भाव से उपवास रखा और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए दुआ मांगी। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म का पवित्र महीना है, जिसमें रोजेदार अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं और पूरे महीने उपवास रखते हैं। बच्चों के पिता साहबान अंसारी ने बताया कि वह आजीविका के लिए प्रदेश में हैं और जब उन्हें पता चला कि उनके छोटे-छोटे बच्चे रोजा रख रहे हैं, तो उन्होंने समझाने की कोशिश की कि अभी वे छोटे हैं और बाद में इस परंपरा का पालन कर सकते हैं। लेकिन बच्चों ने अपनी धार्मिक निष्ठा और जिद से यह उपवास पूरा किया। बच्चों के इस समर्पण को देखकर परिवार और गांववालों ने उनकी सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बरही।** पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान सचिन कुमार (21 वर्ष), पिता स्वर्गीय कैलाश भुइयां, ग्राम तिलोकरी, थाना जयनगर, जिला कोडरमा के रूप में हुई है। पीड़िता की मां ने 27 दिसंबर को बरही थाना में आरोपी के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही सचिन फरार था, लेकिन पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। अंततः मंगलवार को बरही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर विश्वास मजबूत हुआ है। वहीं, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कजरू साव बने इंटक के हजारीबाग जिला अध्यक्ष



**बड़कागांव।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी. संजीवा रेड्डी के निर्देशन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय और प्रदेश महासचिव महेन्द्र मिश्रा ने ट्रेड यूनियन क्षेत्र में सक्रियता और सराहनीय योगदान को देखते हुए कजरू साव को हजारीबाग जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके नेतृत्व में मजदूरों के हितों के लिए संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रदेश महासचिव महेंद्र मिश्रा, प्रदेश सचिव बीरेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, परमेश्वर कुमार, अमरजीत कुमार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, अशोक देव, मणिकांत वर्मा, प्रमोद राम, अर्जुन साव, वीरेंद्र कुमार, केडी सिंह, डॉ. प्रकाश, ओमप्रकाश गोप, रितलाल मंडल, विनोद कुशवाहा, मुगेश्वर चौधरी, बेबी देवी, प्रकाश यादव, मोहम्मद रबानी, प्रवेज आलम और जावेद मालिक सहित कई गणमान्य लोगों ने कजरू साव को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## तैलिक साहू समाज ने किया नायक की पूजा



**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत और दारू प्रखंड के टटगांव गांव के सीमावर्ती चरका पत्थर में तैलिक समाज द्वारा चार दिवसीय नागराज नायक की पूजा बड़े ही विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ शुरू की गई। समाज के लोगों ने बताया कि यह आयोजन लगभग 20 वर्षों बाद दोबारा किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को झरपो बुध बाजार परिसर में भगत का भव्य स्वागत किया गया। गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और उन्हें झरपो देवी मंडप होते हुए पूजा स्थल चरका पत्थर, टटगांव तक ले जाया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास के साथ पूजा स्थल पर पहुंचकर भगत का अभिनंदन किया। पूजा अनुष्ठान चार दिनों तक चलेगा, जिसमें नहाय-खाय, उपवास, कथा-जागरण, मुख्य पूजा और भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक विधियों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस भव्य आयोजन में सरजू साव, कौलेश्वर साव, संजय साव, सुखदेव साव, संदीप कुमार, राजेश साव, अशोक साव, अजय साव, लक्ष्मण कुमार, संतोष कुमार, नारायण साव, बिरजू साव, छोटी साव, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समाज के लोगों ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से समुदाय में एकता और संस्कृति को बल मिलेगा, साथ ही नागराज नायक जी की कृपा से समाज में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

# डॉ. सौरभ को डीसी पर टिप्पणी पड़ी महंगी

## डॉ.सौरभ और एक्स पर पोस्ट करने वालों पर की गयी प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज व जिला प्रशासन के विरुद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (ट्विटर) व अन्य जगहों पर लगातार असंसदीय टिप्पणी करने व भ्रामक बातें करने को लेकर कोडरमा थाना में केस दर्ज किया गया है। कोडरमा सदर के कार्यपालक दंडाधिकारी मनोज कुमार रवि ने थाना में आवेदन देकर पहले से विवादों में घिरे रहे डॉ. कुमार सौरव व अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। थाना कांड संख्या 34/25 दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार आवेदन में कार्यपालक दंडाधिकारी ने जिला जनसंपर्क कार्यालय के पत्रांक 68 दिनांक एक मार्च 2025 के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। आवेदन में कहा गया है कि 28 फरवरी 2025 को एक्स के पेज पर भ्रमित की जाने वाली जानकारी डॉ. कुमार सौरभ द्वारा गलत कमेंट करते हुए देते हुए उपायुक्त की छवि को धूमिल कर उन्हें उनका मानहानि किया गया है। डॉ. सौरभ के द्वारा बिल्कुल आधारहीन और तथ्यहीन झूठा आरोप लगाते हुए असंसदीय भाषा का प्रयोग कर डीसी को मानसिक आघात पहुंचाया है। यही नहीं 28 फरवरी को ही एक्स के दूसरे पेज यूपीएससी के लुटेरे हैं, सब दिल्ली में नाम से एक यूजर द्वारा बिना साक्ष्य के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत तथ्यों को पोस्ट कर जिला प्रशासन कोडरमा की छवि को धूमिल करते हुए यहां की आम जनता को जिला प्रशासन के विरुद्ध भड़का कर प्रशासनिक व्यवस्था में व्यवधान करवाकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई है। इसी पेज पर एक मार्च को मरकच्चो अंचल से संबंधित जमीन का मामला जो 2022 का है उसे तोड़ मरोड़ कर पोस्ट किया गया है, जो बिल्कुल झूठा आरोप है, चूंकि उक्त जमीन का मामला व्यवहार न्यायालय कोडरमा में लंबित है। आवेदन में कहा गया है कि कोडरमा जिला के सभी सरकारी तंत्र के विरुद्ध तथा वर्तमान जिला उपायुक्त की छवि को धूमिल करते हुए सार्वजनिक रूप से यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप्प, सोशल मीडिया चैनल आदि पर सरकारी तंत्र को भ्रष्ट कहकर आम जनता को भड़का कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता व देश की संप्रभुता को भंग किया गया है। डॉ. कुमार सौरभ इस प्रकृति के अपराध के आदतन अपराधी रहे हैं, जिसके लिए उनके विरुद्ध कोडरमा थाना कांड संख्या 89/22 व 24/24 दर्ज किया गया था। इसमें वे जेल जा चुके हैं और वर्तमान में वे जमानत पर हैं। ज्ञात हो कि डॉ. कुमार सौरभ पहले सदर अस्पताल में अनुबंध पर पदस्थापित थे। अस्पताल में हुए विवाद के बाद उन्हें सेवा से हटा दिया गया था।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, 13 घंटे तक जाम रहा इटखोरी-चतरा मार्ग


- प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद गेल कंपनी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया, जिसके बाद जाम हटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** सोमवार रात इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज गुल्ली निवासी भोला यादव (45) की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वे अपनी मोटरसाइकिल से गुल्ली चौक से घर लौट रहे थे। सड़क किनारे गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई से निकली मिट्टी को सड़क पर छोड़ दिया गया था, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने शव को इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। कई बसें, ट्रक और अन्य वाहन घंटों तक फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मांग की कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो। करीब 13 घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण स्कूली बच्चों, परीक्षार्थियों और अन्य राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही एसडीओ जहूर आलम, डीएसपी अमिता लकड़ा, बीडीओ सोमनाथ बांकीरा और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद गेल कंपनी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

## जनता दरबार में जन समस्याओं से रूबरू हुईं उपायुक्त, दिया समाधान का आश्वासन



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने का गुहार लगाया। वहीं उपायुक्त ने जल्द समाधान करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में फरियादियों ने दाखिल खारिज, रसीद निर्गत करने, जबरन जमीन हड़पने, अबुआ आवास आदि से सम्बंधित मामले आये।

## जिला कौशल समिति की बैठक, डीसी ने दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला कौशल विकास प्लान 2024-25 बनाने व इसके क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही कौशल केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को स्थानीय रोजगार व नियोजन से जोड़ने आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग स्थानीय जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण को लेकर नए ट्रेंडस का सुझाव दें, राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा संचालित उद्योग व योजनाओं से सम्बंधित प्रशिक्षण देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन, डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, एलडीएम श्री निवास, ईओडीबी प्रबन्धक राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## डीसी ने की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की बैठक

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कामधेनु डेयरी फार्मिंग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना आदि की समीक्षा किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतगर्त चयनित लाभुकों के द्वारा योजना की अनुदान राशि वापसी को लेकर प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उपायुक्त ने समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का विपत्र को जिला अनुश्रवण समिति से पारित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे एलडीएम को केसीसी से सम्बंधित लम्बित मामलों को तेजी से निष्पादित करने, जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक पाठशाला की जांच को लेकर टीम गठित करने, जिला मत्स्य पदाधिकारी को मछली पालन योजना से सम्बंधित फिश फीड प्लांट बनाने को लेकर प्रस्ताव तैयार करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा आदि मौजूद थे।

## महिला की मौत पर परिजनों ने बीडीओ पर लगाया आरोप

**जयनगर (कोडरमा)।** बेको निवासी विधवा महिला टुसिया की मौत के बाद परिजनों व जनप्रतिनिधियों ने सोमवार की सुबह बीडीओ गौतम कुमार पर अबुआ आवास के किस्त की राशि निर्गत नहीं करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वहीं परिजनों ने कहा कि बीडीओ के द्वारा अबुआ आवास की राशि की निकासी पर रोक तो लगा दी ही गयी थी। वहीं उसे मिलने वाले विधवा पेंशन पर भी रोक लगा दिया गया था, जिसके आहत से इसकी मौत हुई है, परिजनों के अनुसार टुसिया को अबुआ आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी और उसे पहली किश्त भी मिल चुका थी, उन्होंने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था, कर्ज लेकर घर की ढलाई भी कर चुकी थी। बाद में कुछ ग्रामीणों ने गैरमजरूआ जमीन की बात कहकर सीओ को आवेदन दिया था और उक्त जमीन पर आवास निर्माण नहीं कराने की मांग की। बाद में वरीय पदाधिकारियों की जांच के बाद वास्तव में उक्त जमीन गैर मजरुआ निकली, जिसके कारण राशि की निकासी पर रोक लगा दी गयी थी। साथ ही कहा गया था कि जब तक भूमि विवाद सुलझ नहीं जाता, तब तक किस्त की राशि की निकासी नहीं हो पायेगा। हालांकि किश्त की राशि के साथ विधवा पेंशन की राशि रोके जाने के आरोप पर बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि कभी भी पेंशन की राशि की निकासी पर रोक नहीं लगाया गया है, बल्कि टुसिया द्वारा बैंक ऑफ इंडिया पिपचो शाखा से 27 फरवरी को तीन हजार तथा 10 जनवरी को चार हजार रुपये की निकासी की गयी थी।

## ससुर ने विवाहिता के साथ किया दुष्कर्म, भेजा गया जेल

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह में शर्मशार करने वाली घटना प्रकाश में आया है। एक विवाहिता का दुष्कर्म उसके ससुर द्वारा ही किये जाने की बात सामने आयी है। मामले को लेकर पीड़िता ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिये गए आवेदन में बताया है कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसका पति प्रदेश में काम करता है, वह अपने सास-ससुर के साथ अपने ससुराल में रहती है। लगभग एक वर्ष से उसका ससुर जीतन साव उस पर बुरी नजर रख रहा था। कई बार उसे अकेले पाकर उसका हाथ पकड़ने की कोशिश करता था। मगर वह किसी तरह खुद को बचाती थीं। उसने इस मामले की शिकायत अपने सास व अपने मायके वालों को भी की। उनलोगों द्वारा उसके ससुर को समझाया बुझाया भी गया, मगर उसके ससुर के हरकतों में कोई बदलाव नहीं आया। कुछ दिन पूर्व उसकी सास बाहर गयी हुई थीं और वो घर में अकेली थी। इसी दौरान इसका फायदा उठा कर उसके ससुर ने उससे जबरन दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वो डर से ये घटना किसी को नहीं बताई। जिसके बाद उसके ससुर की हरकतें और बढ़ने लगी। तंग आकर उसने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सदर अस्पताल में किडनी मूत्र विशेषज्ञ की सेवाएं आज से चालू

- किडनी मरीजों को इलाज में होगी सहूलियत : डॉ.रंजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया है कि जिलेवासियों को गम्भीर और असाध्य रोगों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब जिले के किडनी और मूत्र रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सदर अस्पताल में किडनी और मूत्र रोग विशेषज्ञ की सेवा उपलब्ध प्रारंभ किया गया है, जो प्रत्येक बुधवार को सदर अस्पताल के ओपीडी 3 में किडनी व मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह मरीजों का इलाज करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर इस तरह का पहल किया गया है, सदर अस्पताल में किडनी व मूत्र रोग से सम्बंधित ओपीडी शुरू होने से जिलेवासियों को काफी लाभ होगा। मरीजों को अब इलाज के लिए भटकना नही पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ओपीडी शुरू होने से किडनी में पथरी, मूत्र में खून आना, प्रोस्टेट, पेशाब में परेशानी, पेड़ू में दर्द, पीठ के निचले हिस्से में दर्द आदि रोगों का इलाज संभव होगा।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोरथडीह गांव में 18 वर्षीय युवती मनीषा कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला को लेकर पुलिस छानबीन शुरू कर दी, मगर उन्हें शव नहीं मिला। वहीं पुलिस ने काफी देर तक शव को ढूंढने का प्रयास किया, मगर कुछ भी पता नहीं चल सका, शाम में पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती के शव परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस घटना को लेकर अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है।

## बंद पड़े घर में अज्ञात चोरों ने की चोरी

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंगर्गत डोमचांच बाजार रोड स्थित एक व्यवसायी अक्षय कुमार पिता स्व. पवन बर्णवाल के बंद पड़े घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में पीड़ित अक्षय कुमार ने बताया कि हम सब परिवार के लोग शादी समारोह में सरिया गये हुए थे। जब मंगलवार सुबह मेरे दादा मनोहर मोदी अपने दुकान खोल रहे थे, तो देखा कि ताला टूटा हुआ है, उसके बाद चोरी की घटना की सूचना हमें दिया गया। उसके बाद हमलोग घर आये और घर में प्रवेश किया तो देखा कि कीमती सामान गायब था। इस संबध में अक्षय कुमार ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर कहा है कि दो लाख रुपया का जेवरात और तीस हजार नकदी की चोरी हुई है। मामले को लेकर डोमचांच पुलिस जांच में जुट गई है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के 276 छात्रों ने राष्ट्रीय गोल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में जीते गोल्ड मेडल



कोडरमा। राष्ट्रीय गोल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में 276 छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल हासिल किए। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से कई छात्रों ने राष्ट्रीय और जोनल स्तर पर उत्कृष्ट रैंक हासिल की। वहीं कक्षा 6 की दिव्यांशु भारती ने नेशनल रैंक 45 और जोनल रैंक 8, कक्षा 7 के अभिनव कुमार ने नेशनल रैंक 28 और जोनल रैंक 8, कक्षा 8 के वीर प्रताप सिंह ने नेशनल रैंक 35 और जोनल रैंक 6, कक्षा 9 के निहाल कुमार ने नेशनल रैंक 134 और जोनल रैंक 26, तथा कक्षा 10 की तनीषा शर्मा ने नेशनल रैंक 195 और जोनल रैंक 15 हासिल कर अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इन सभी मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र, एवं उपहार प्रदान किए गए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और जोनल स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी योग्यता सिद्ध की है। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे सेक्रेड हार्ट स्कूल परिवार को गौरांवित किया है। मैं आशा करता हूं कि वे आगे भी इसी तरह सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। वहीं विद्यालय के उप-प्राचार्य प्रवीण कुमार, विद्यालय के शिक्षकों ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## देवी मंदिर का किया गया जलाधिवास व घृताधिवास संस्कार



मरकच्चो (कोडरमा)। संगमरमर पत्थर से निर्मित किसी भी देवी-देवता प्रतिमा व देवी पिंडी मंदिर में स्थापित किए जाने से पहले अनेक तरह के संस्कार पूरे किए जाते हैं। इन संस्कारों में जलाधिवास, अन्नाधिवास, घृताधिवास, फलाधिवास प्रमुख है। इन परंपराओं का पालन सिमरिया पंचायत स्थित नव निर्मित मंदिर में मां दुर्गा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में किया जा रहा है। 2 मार्च से शुरू हुए 9 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन सोमवार को यज्ञाचार्य पंडित दशरथी परपन्ना जी महाराज व यज्ञ कार्य में लगे पंडितों ने नव निर्मित मंदिर को पवित्र नदियों के जल से जलाधिवास संस्कार व घृताधिवास संस्कार कराया गया। वहीं प्रतिदिन बाल विदुषी रामा किशोरी जी का संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेश यादव, सुरेश कुमार दास, महेश कुमार महतो, सुदामा यादव, सुरेन्द्र यादव, रवींद्र यादव, देवनारायण महतो, सुजीत यादव, अरुण यादव, अनिल यादव, उपेंद्र यादव समेत दर्जनों ग्रामीण लगे हुए हैं।

## कोडरमा घाटी में ऐश लोड वाहन दुर्घनाग्रस्त

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल में मंगलवार की दोपहर ऐश लोड एक हाइवा अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा बांझेडीह पावर प्लांट से हाइवा ऐश लोड कर बिहार की तरफ ले जाया जा रहा था, इसी दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हाइवा चालक बाल-बाल बच गया।

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ओवरब्रिज के पास अपनी बहन के साथ सो रही सात वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान उमेश साव पिता किसुन साव मदनगुंडी चंदवारा निवासी के रूप में हुई है। घटना को लेकर पीड़िता की बहन द्वारा दर्ज कराये गये मामले के बाद पुलिस जांच कर रही थी, इस दौरान मिले सुराग के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## जेल जाने के लिए युवक ने होमगार्ड को जड़ा थप्पड़

डोमचांच (कोडरमा)। आपने एक कहावत तो सुना ही होगा कि आ बैल मुझे मार। बात दरअसल यह है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत टैक्सी स्टैंड पर बने बीट पोस्ट में एक होमगार्ड तैनात था। अचानक एक युवक फिल्मी स्टाइल में आया बीट पोस्ट पर तैनात होम गार्ड के जवान छोटन मेहता को कहा कि मुझे जेल जाना है, कैसे जेल जायेंगे? तैनात जवान ने कहा कि गलत करने वाला ही जेल जाता है। इसी बीच उक्त युवक ने बीट पोस्ट पर तैनात जवान को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया, जिससे सिपाही को गंभीर चोट लगी। मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया और गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक का नाम मुकेश कुमार उर्फ हरि मनोहर राम मंझलीटांड़ निवासी है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कारी पहाड़ी के समीप बाईक चालक अनियंत्रित होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान 25 वर्षीय गोरहंद निवासी कुलदीप दास के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक बरियारडीह से अपने घर गोरहंद की ओर जा रहा था। वहीं घर जाने के क्रम में सामने से आ रहे वाहन ने उसे चकमा दे दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर कर सड़क पर ही गिर गया। वहीं घायल युवक को देख राहगीरों ने युवक को सीएचसी भेज दिया, जहां उपस्थित डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया।

## खबर एक नजर में

### कुंदा प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह भोक्ता ने किया, जबकि संचालन प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार यादव ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मनरेगा, अबुवा और प्रधानमंत्री समेत अन्य सरकारी योजनाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई। धरना में भाजपा मंडल प्रभारी प्रदीप सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र मिश्रा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने सरकार से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### गिद्धौर में भाजपा का धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



गिद्धौर। प्रखंड कार्यालय गेट के पास मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार ने किया, जबकि संचालन मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कपिल कुमार ने कहा कि चतरा जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे जनता त्रस्त है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता सत्येंद्र कुशवाहा, महेंद्र राम, चमारी दांगी, बृजेश सिन्हा, प्रसादी पासवान, प्रेमचंद यादव, बबलू साहू, महादेव दांगी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की।

### पत्थलगड़ा प्रखंड में भाजपाइयों ने किया धरना प्रदर्शन



**पत्थलगड़ा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश दांगी व संचालन त्रिलोकी राणा ने किया। प्रखंड अध्यक्ष सतीश दांगी ने बताया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। साथ ही सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा जब भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई गई तो प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कालीचरण को कई अन्य प्रकार की बातें कही जानी लगी। साथ ही इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब चतरा जिला व प्रखंड में भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे। सभी पदाधिकारी बिना रुपए के काम नहीं करते हैं। जिसमें भ्रष्टाचार को अंकुश लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर भाजपा ने मोर्चा खोला है। जिसमें भाजपा प्रखंड के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बीडीओ एवं सीओ पर निशाना साधा। जिसमें मनरेगा में भ्रष्टाचार, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास में भ्रष्टाचार, दाखिल खारिज सहित अंचल के सभी कार्यों में भ्रष्टाचार, मंईयां सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली का कारोबार, प्रशासन और अधिकारियों की मिलीभगत से बालू की अवैध कालाबाजारी, सरकार द्वारा घोषित धन का समर्थन मूल्य 3200 प्रति क्विंटल तय की गई थी। जो अब तक 2400 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को देना तय हुआ, परंतु अभी तक किसानों को धान की राशि भुगतान का समय नहीं हो पाया।

### सिमरिया में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, घर को ध्वस्त कर अनाज किया बर्बाद

**सिमरिया।** प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। कभी सबानो पंचायत, तो कभी पगार और कसारी पंचायत के विभिन्न गांवों में हाथियों का झुंड फसलों, घरों और अनाज को बर्बाद कर रहा है। सोमवार रात करीब 3 बजे जंगली हाथियों ने कसारी पंचायत के बीची टोंगरी गांव में भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने कुलेश उरांव का घर ध्वस्त कर 15 क्विंटल चावल नष्ट कर दिया। वहीं, गणेश उरांव के घर और उनकी किराना दुकान को भी पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इस हमले में गणेश उरांव की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके मुंह और पैर में गहरी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### झारखंड राज्य जन चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड राज्य जन चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा मंगलवार को बैठक कर मरकच्चो प्रखंड में चुनाव किया गया। वहीं चुनाव संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, जिला सचिव एनएचएम इंद्रदेव यादव पर्यवेक्षक के नेतृत्व में किया गया। बैठक के दौरान सभी कर्मचारियों के सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए जावेद अंसारी (एमपीडब्ल्यू), सचिव पद के लिए अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए आदित्य कुमार का चयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए अर्चना कुमारी, नंदनी कुमारी, रीता शर्मा, मेरी पुष्पा कुल्लू, विवेकानंद शर्मा, धर्मेंद्र राम, रंजय कुमार सिंह, पंकज कुमार राणा, देवानंद दास, मुकेश कुमार, सियाराम मीणा, प्रदीप कुमार, ममता यादव, सत्येंद्र यादव, प्रदीप कुमार शर्मा, सदिया अजीम, हीरामणि ज्योति, संध्या, रोहतास एवं नीरज साहू का चयन किया गया। बैठक में शकुंतला कुमारी (एएनएम) के साथ आकस्मिक दुर्घटना में इनके पति का देहांत हुआ। जिस संदर्भ में शोक संवेदना व्यक्त की गई, साथ ही साथ घायल अनुबंध एएनएम के बेहतर ईलाज के लिए जिला मुख्यालय और मरकच्चो प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की ओर से उनके संबंधी को नगद राशि देकर सहयोग किया गया।

# श्री श्याम सेवा मंडल का तीसरा अरदास कीर्तन हर्षोल्लास संपन्न

- बाबा श्याम का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, फूलों और गुलाल की होली धमाल के भजनों पर खेली गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में अविनाश कपसीमें के नवनिर्मित भवन में तृतीय फागुन उत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। अपार जनसमूह ने कीर्तन का आनंद लिया। वहीं झुमरी तिलैया के तमाम कलाकारों ने अपनी हाजिरी लगाई। वहीं धीरज पांडे, राकेश सिंह राजपूत, आराध्या सिंह, साक्षी भदानी, सुरेश यादव, पंकज केसरी, सत्यम कुमार ने दरबार में अपनी हाजरी लगाई। कार्यक्रम का संचालन मंडल के गिरधारी सोमानी ने किया। वहीं बाबा श्याम का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा और फूलों और गुलाल की होली धमाल के भजनों पर खेली गई। वहीं धनबाद से आये मेहमान कलाकार सिमरन कौर ने गजब का समा बांधा और भजनों पर सभी को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। श्री श्याम सेवा मंडल का चतुर्थ कीर्तन रितेश सिन्हा के आवास पर होगा।

वहीं मंडल के अध्यक्ष जोशी कुमार ने बताया कि 2025 दिसंबर तक का कीर्तन बुक हो चुका है। मंडल का उद्देश्य श्याम बाबा का प्रचार-प्रसार करना और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। जजमान के रूप में अविनाश कपसीमें और अंशु कपसीमें थे। कार्यक्रम में पूजा अर्चना गौतम पांडे ने करवायी। कीर्तन के पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में धनबाद की सिमरन कौर ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं.....धीरज पांडे ने लगा रहे मेरा खाटू का आना जाना इतनी कृपा बरसाना..... राकेश सिंह राजपूत ने मैं हूं बाबा का सर्वेंट मैं हूं बाबा का सर्वेंट..... साक्षी भदानी ने मैं तुझे कुछ भी हूं बाबा तेरे पीछे हाँ तेरे पीछे........आराध्या सिन्हा ने इतनी सेवा सांवरे बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना....... सुरेश यादव ने हारे के सहारे आजा हारे के सहारे आजा..... पंकज केसरी ने बाबा मेरी लाज बचाने आएगा पूरा है विश्वास जीतने आएगा..... सत्यम कुमार ने जो खेल गए प्राणों से श्री राम के लिए दोनों हाथ उठाओ मेरे राम के लिए जैसे भजनों से लोगों को मंत्रमुक्त कर दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तों ने हाजरी लगाई। कार्यक्रम के पश्चात बाबा का भोग लगाया गया जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**स्पीड न्यूज**

## वनधिकार पट्टा को लेकर अंचल से जुड़ी समस्याओं का होगा निराकरण : सीओ



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड सभागार में फिया फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक वन प्रबंधन की प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चैनपुर सीओ उमेश कुमार गुप्ता और जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने की। फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ललित कुमार ने कार्यशाला का उद्देश्य और विषयों पर जानकारी साझा की। इसके बाद वन अधिकार कानून पर एक फिल्म प्रदर्शित की गई। जिसमें जंगलों के संरक्षण एवं प्रबंधन के प्रावधानों की जानकारी दी गई। सीओ ने बताया कि अंचल से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में रांची से आए आलोक उरांव और स्मृति सोरेन ने जंगलों में हुए बदलाव और जैव विविधता के संरक्षण के बारे में जानकारी दी। जिला परिषद सदस्य ने कानून का भरपूर लाभ उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। फॉरेस्टर चंद्रेश उरांव और अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए। बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक ने पंचायत स्तर पर जंगलों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा में उठाया गुमला शहर की जलापूर्ति का मुद्दा

गुमला। विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा में गुमला शहर की जलापूर्ति की समस्या को उठाया है। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी। लेकिन पेयजल विभाग और नगर परिषद के बीच तालमेल नहीं होने के कारण शहरी जलापूर्ति योजना अभी भी अधर में लटकी हुई है। इस समस्या के कारण शहर की आधी आबादी को पेयजल की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक भूषण तिर्की ने सरकार से मांग की है कि गर्मी आने से पहले गुमला शहर की जलापूर्ति योजना को अविलंब शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शहर के लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान करेगी और उनके जीवन को सुधारने में मदद करेगी।

## जिप से बने नवनिर्मित दो पंचायत सचिवालय व मार्केट कंपलेक्स का हुआ उदघाटन



गुमला। जिला परिषद अध्यक्ष किरण वाड़ा एवं उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जिप सदस्य रश्मि मिंज ने जिला परिषद से बने नवनिर्मित दो पंचायत सचिवालय और एक मार्केट कंपलेक्स का फीता काटकर उदघाटन किया। सोमवार को रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत सचिवालय एवं गुमला प्रखंड के फसिया पंचायत सचिवालय का उदघाटन कर मुखिया को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि दोनों पंचायत भवनहीन थे। जिस पंचायत में संचालित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायत प्रतिनिधि को परेशानी का सामना करना पड़ता था। पहले रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत सचिवालय का उदघाटन किया गया। वहीं सिसई बाजार टांड परिसर में रोजगार की दृष्टिकोण से बनाए गए मार्केट कंपलेक्स और शौचालय का भी उदघाटन जनप्रतिनिधियों ने किया। जिला परिषद से यहां 14 दुकान का निर्माण किया गया है। जिसे निविदा के आधार पर लोगों को रोजगार के लिए मुहैया कराया जाएगा। मार्केट कंपलेक्स का निर्माण 69 लाख की लागत से कराई गई है। किरण बाड़ा ने कहा कि जिला परिषद जनहित के कार्य को प्राथमिकता देते हुए लगातार अपना काम कर रही है। इसमें सभी लोगों का सहयोग है आने वाले समय में जिला परिषद से और भी कार्य किए जाएंगे। मौके पर कार्यपालक अभियंता बाली उरांव, प्रमुख मीना देवी मुखिया नरेश उरांव, अनिल साहू, सहायक अभियंता रमाकांत भगत पवन मिंस सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात में मृत बच्ची के परिजन को कांग्रेस नेता ने दिलाया मुआवजा राशि



गुमला। कांग्रेस नेता मुख्तार आलम ने वज्रपात में मृत हुई बच्ची के परिवार को मुआवजा राशि प्रदान करने में अहम भूमिका निभायी। परिवार को 4 लाख की मुआवजा राशि मिली। मुख्तार ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व ग्राम डीवीडीह पंचायत खरका निवासी फुलमनी देवी की पुत्री 8 वर्षीय परी कुमारी की मौत खेत में काम करने के दौरान हुए वज्रपात में हो गई थी। वज्रपात होने के बाद परी कुमारी के शरीर का 90 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया था। परी कुमारी के पिता ने आनन-फानन में गुमला सदर अस्पताल लेकर आया थे। परंतु वह बचा नहीं पायी। कई वर्ष गुजर जाने के बाद मृतक के परिवार को मुआवजा राशि नहीं मिल पाया था। क्योंकि मुआवजा राशि लेने हेतु मृतक के परिवार को इसकी जानकारी नहीं थी। मुख्तार ने कहा कि इसकी जानकारी मुझे मिलने के बाद मृतक के घर जाकर उसके परिवार से मिला और मिलकर कागजात को लेकर मंत्री दीपिका पांडे से मिलकर घटना से संबंधित मामले को अवगत करवाया। मंत्री ने डीसी को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने हेतु प्रक्रिया पूरा करें। गुमला उपायुक्त ने इस मामले को अविलंब संज्ञान में लिया और मुआवजा राशि देने हेतु सभी प्रक्रिया पूरी करवाकर 4 लाख रुपया मृतक के परिवार वाले को दिलवाया।

## मजदूरों की समस्या को लेकर चेंबर का प्रतिनिधि मंडल श्रम पदाधिकारी से



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में गुमला के श्रम पदाधिकारी पुनीत मिंज से मुलाकात किया और नगर के आसपास से काम करने आने वाले श्रमिकों के समस्याओं से अवगत कराया। मिंज ने मामले में सकारात्मक जवाब दिया और शीघ्र ही कोई व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, प्रणय साहू, विकास सिंह, बिट्टू कुमार आदि उपस्थित थे।

# क्रिकेट के रंग में रंगेगा लोहरदगा, एलपीएल के चौके छक्के से गूंजेगा स्टेडियम

## आइपीएल के तर्ज पर होने वाले टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सुबह 9 बजे से आगाज, 8 मार्च को होगा फाइनल मैच

### टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मार्ग साबित होगा : डीपी साहू



डीसी को निमंत्रण पत्र देते धीरज प्रसाद साहू।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ से मंत्रणा करते सांसद साहू।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** ... इंतजार की घड़ी समाप्त होते ही क्रिकेट का जुनून सर चढ़कर बोलने लगा है। यह हाल बीते एक पखवारे से चल रही टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे लोगों की लगनता और टूर्नामेंट में शामिल होने वाले दर्शकों की निगाहें देखकर कहा जा सकता है। साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले 5 मार्च से आईपीएल के तर्ज पर चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो जाएगा। पहले दिन का पहला मैच सुबह 9:00 बजे से न्यू दिल्ली और हरियाणा की टीम के बीच शुरू होगा। जो 11:30 तक चलेगा। इसके बाद 12:00 से 1:00 तक लंच ब्रेक होगा। इस बीच पहले टीम के विजेताओं को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन भी किया जाएगा। इससे पूर्व सीने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मैच का अन्य अतिथियों के साथ आगाज करेंगे। इसके बाद सेकंड हाफ का मैच जीएससीए और बिहार की टीम के बीच 1:00 बजे से 4:30 तक चलेगा। टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को सफल बनाने में खुद संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तमाम विधि व्यवस्थाओं का फॉलोअप के रहे हैं। मैच शुरू होने से एक दिन पूर्व भी उन्होंने स्टेडियम पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जहां भी वीवीआईपी, वीआईपी, टीम के खिलाड़ी और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था को सुदृढ़ किया। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट लोहरदगा के खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मार्ग साबित होगा। इधर सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखण्ड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम लोहरदगा पहुंच चुकी है। हर एक लोग निःशुल्क स्टेडियम में बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। 8 मार्च को फाइनल मैच होगा।

### महिलाओं को भी दिया जायेगा सम्मान

आठ मार्च को फाइनल के दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कुछ महिला खिलाड़ियों को भी उपहार देकर सम्मान दिया जाएगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं के सम्मान में एक पवेलियन को सिर्फ महिलाओं के बैठने के लिए भी व्यवस्थित किया गया है। मौके पर निशीथ जायसवाल, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता, विशाल डुंगडुंग, अजय प्रजापति, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, अंकित गुप्ता, असलम, मनोज, सोमा, कविश व अन्य उपस्थित थे।

### बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा

5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

### चीयर्स गर्ल्स होगी आकर्षण का केंद्र

मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी

## जल संचयन व वाटरशेड परियोजना से किसानों को होगा लाभ : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 एवं झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वाटरशेड यात्रा का विशुनपुर प्रखंड के चिंगरी गांव में मुख्य कार्यक्रम के साथ सफल समापन हुआ। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं जल संचयन को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डीडीसी दिलेश्वर महतो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जलछाजन विभाग के अधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीडीसी दिलेश्वर महतो ने जल संकट के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संचयन एवं वाटरशेड परियोजना इस क्षेत्र में जल संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप ने बताया कि जल संरक्षण न केवल कृषि क्षेत्र में बदलाव लाएगा, बल्कि यह स्थानीय लोगों की आर्थिक समृद्धि में भी सहायक सिद्ध होगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि यह पहल किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जल है तो कल है।

### जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी ने सुनी जनता की बात, अधिकारियों को दिया निर्देश

# शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जन शिकायत निवारण दिवस पर समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्या सुनी और समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। राजस्व उपनिरीक्षक अशोक कुमार पाण्डेय, ने सेवानिवृति के बाद अबतक बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत की। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। डीसी ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। गुमला प्रखंड निवासी अशोक राम मोची ने सेवानिवृति के उपरांत किसी भी सरकारी कार्यालय अथवा स्कूल में चौकीदार के पद पर नियुक्त करने हेतु डीसी से आग्रह किया है। डीसी ने उनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिया। दिव्यांग शिवम कुमार पाण्डेय वर्तमान में अंचल कार्यालय भरनो में अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। किंतु इनकी प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय जारी में कर दी गई है और यह स्पाइनल कार्ड ट्यूमर की बीमारी से ग्रस्ति हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि उन्हें दिव्यांग अनुकूल कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाए। जिससे कि वह अपना कार्य का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सके। डीसी ने उसके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कई नागरिकों ने छात्रवृत्ति, बीपीएल, रोजगार, वेतन भुगतान संबंधी, नाली निर्माण, आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति में गड़बड़ी, भूमि बंदोबस्ती, जमीन मापी संबंधी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए। डीसी ने चालीस से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## साइबर ठगी के शिकार किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धान की फसल बेचकर जमा किये थे 68 हजार रूपये, ठगे जाने के बाद परिवार से बिना चर्चा किये उठाया का कदम**

**गुमला।** साईबर ठगी का शिकार होने के बाद गुमला के एक किसान ने आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने से पहले उसने एक पर्ची भी लिखा है। पर्ची में उसने अपने भाई और परिजनों से माफी मांगी है। उसने लिखा मुझे क्षमा करना और मोबाइल में मैसेज देखना सीख जाना। मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव का है। मृतक की पहचान 55 साल के मोरहा उरांव के रूप में हुई है। उसने अपने घर के पीछे आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। मोरहा ने टैसेरा राइस मिल में अपनी धान की फसल बेचकर 68 हजार रुपए जमा किए थे। कुछ दिन पहले साइबर अपराधियों ने उनसे यह पूरी रकम ठग ली। इस घटना के बाद से वह मानसिक तनाव में था।

मोरहा की एक बेटी भी है। जिसे उसने गोद लिया है। पड़ोस में उसका भाई परिवार संग रहता था। साइबर ठगी होने की बात उसने परिवार में कभी किसी से जिक्र नहीं किया था और आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया।

## आध्या शक्ति श्रीश्री चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** आध्या शक्ति श्रीश्री चैती दुर्गा पूजा समिति पालकोट रोड गुमला की बैठक सोमवार की रात नीलेश भवन पालकोट रोड में अध्यक्ष दुर्जय पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूरे आस्था व भक्ति से चैती दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भव्य पंडल निर्माण कर मूर्ति स्थापित कर पूजा करने करने का निर्णय लिया गया। पालकोट रोड गुमला में पहली बार चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर गुमला शहर वासियों से सहयोग की अपील की गई। वहीं बैठक में पूजा के दौरान किसी तरह के नशा के सेवन पर रोक लगाया गया है। पूजा पूरे धार्मिक रीति रीवाज से होगा। बैठक में सदस्यों ने कहा कि पूजा पंडाल में ही नवरात्रा के साथ कलश स्थापन किया जाएगा और पूजा की विधि आरंभ की जाएगी। बैठक में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष भोला चौधरी, दीपक वर्मा, बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, अभिषेक सिंह, सचिव रोहित राज, सह सचिव विकास सिंह, अभिषेक सिंह, अभय राम, अमित जायसवाल, उप सचिव नवीनत केशरी, आर्यन राज गुप्ता, विकास साहु, राहुल प्रसाद, कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष हर्ष कसेरा, राज जायसवाल, अमन सिंह, मनोज साहु आदि उपस्थित थे।

## गुमला : फलेरिया उन्मूलन के लिए चैनपुर थाना प्रभारी को सहिया ने खिलायी दवा



चैनपुर। फलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्थानीय सहिया ने चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को दाव खिलायी। जिसके बाद एसएसबी कैंप के सभी जवानों और स्थानीय लोगों को भी फलेरिया के खिलाफ जागरूक करने और दवा वितरित करने का कार्य किया गया। सहिया ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। जिसका प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस दवा का सेवन करने से फाइलेरिया को नियंत्रित किया जा सकता है। चैनपुर थाना प्रभारी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों में जागरूकता फैलाने व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## झारखंड नवनिर्माण दल का चेतावनी मार्च आज

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के बैनर तले जिला मुख्यालय गुमला में चेतावनी मार्च 5 मार्च को गुमला स्थित कचहरी से शुरू होगी। जो जशपुर रोड, मेन रोड, थाना रोड होते हुए पुनः गुमला कचहरी जाकर समाप्त होगी। दिल्ली व झारखंड में चल रहे बजट सत्र में भी सहारा इंडिया सहित सभी ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान की बात हो इसलिये यह चेतावनी मार्च कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। चेतावनी मार्च में भ्रष्टाचार का विरोध तथा जनहित के तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार को मांग-पत्र भेजी जाएगी।

## बजट में सिमडेगा जिले के विकास के लिए कोई प्रावधान नहीं : मंगल सिंह

गुमला। झारखंड सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बजट में क्षेत्र के बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। लेकिन सिमडेगा के लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं किया गया है। आम तौर पर मेडिकल कालेज और विश्वविद्यालय स्थापना को बजट में शामिल किया गया है। संस्थान खोलने से नहीं उसे चलाने की भी आवश्यकता है। गुमला में विश्वविद्यालय की स्थापना स्वागतयोग्य है। लेकिन इससे पहले कालेजों में शिक्षकों की घोर कमी को पूरा करने की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। मध्यम वर्ग के लोगों को बजट से लाभ मिलने वाला है।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज

भंडरा। होली पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 मार्च को दोपहर 3:00 बजे भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सीओ दुर्गा कुमार करेंगे, जिसमें पुलिस व प्रखंड प्रशासन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों को लेकर चर्चा की जाएगी, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## जय श्रीराम समिति का होली मिलन समारोह 9 को

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मान समारोह का कार्यक्रम पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में रविवार को अपराह्न 11 बजे से आयोजित की जा रही है। जानकारी देते हुए समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने समिति के सभी महिला/पुरुष जिला एवं नगर के संरक्षक गण पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## पुरातन छात्र विद्यालय व संस्थान की पूंजी होते हैं: बिपिन दास

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में पुरातन छात्रों का आगमन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मधुमिता शर्मा, राजीव कुमार, दिनेश प्रसाद एवं पुरातन भैया प्रणय कुमार एवं रवि कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से ऊं, मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। आचार्य राजीव कुमार सिंह ने पुरातन भैया का परिचय कराते हुए बताया कि विद्या भारती की कल्पना के अनुसार पुरातन छात्रों को समाज सेवा में आने की प्रेरणा दी ताकि विद्यालय विकास में उनका सहयोग हो सकें। पुरातन छात्र प्रणय कुमार एवं रवि गुप्ता को बिपिन दास एवं वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बिपिन दास ने कहा कि पुरातन छात्र किसी भी विद्यालय की पूंजी होते हैं। वे समाज में संस्थान के शुरूआत से लेकर ही प्रगति तथा उत्थान के प्रयासों के उदाहरण बनते हैं। पुरातन भैया प्रणय कुमार ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए मौजूद छात्रों के बीच अपने जीवन चरित्र संबंधित बातों को साझा किया। विदित हो कि सत्र 2007 के पुरातन विद्यार्थी प्रणय वर्तमान में एआई, कैप्जीमिनी आईएनसी, टैम्पा यूएसए में कार्यरत है। उन्होंने भैया बहनों से निरंतर मेहनत करने की बात कही कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनुशासन में रहते हुए अपने गुरुजनों का सम्मान करें। इस अवसर पर सभी आचार्य, दीदी, भैया-बहन उपस्थित थे।

## भंडरा के 10 गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**भंडरा।** आरोगय फाउंडेशन ऑफ इंडिया भंडरा सच के तत्वाधान में भंडरा प्रखंड क्षेत्र के 10 आरोग्य गांव में एक ही दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा कैंप का आयोजन 5 मार्च को किया जाएगा। इस चिकित्सा शिविर के लिए 50 आयुर्वेदिक डॉक्टर अपना सेवा देंगे इस शिविर का उद्घाटन ग्राम भौरो से किया जाएगा। इस मौके पर जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में बताया गया कि आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 10 आरोग्य गांव जिसमें भंडरा, चट्टी, पंडरिया, कचमची, कुंदो, नवाटोली, मसमानो, बेदाल, भौरो, पोड़हा का चयन किया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### लोहरदगा : नहर निर्माण कार्य को लेकर हो रही राजनीति के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण, कहा

# जल्द पूरा हो निर्माण कार्य, जरूरत पड़ी तो करेंगे आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** नहर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने और किसी के बिना भय के गुणवत्तापूर्ण काम करवाने को लेकर सैकड़ो ग्रामीण एकत्रित हुए। प्रखंड के नरौली में मंगलवार को उस वक्त एक नया नजारा दिखाई दिया जब जिला परिषद सुखदेव उरांव व ग्राम प्रधान के नेतृत्व में महिला, पुरुष, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एक स्वर में नहर निर्माण कार्य मे बाधा डालने के कारण बंद काम को प्रारम्भ करवाने और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने को लेकर गोलबंद हुए। बैठक में चर्चा हुआ कि नंदनी डैम से निकलने वाली पुराना एवं नया नहर निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से चल रहा है किंतु अबतक पूर्ण नहीं हो पाया है जिस कारण किसान व आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है, क्योंकि किसानों के खेत मे पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि निर्माता द्वारा लगातार काम किया जा रहा है और ग्रामीणों को संतुष्टि भी है किंतु दबे जुबान में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक संबंध रखने वाले कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा निर्माण कार्य बंद करवाया गया था और इसी कारण ग्रामीण जमा होकर नहर निर्माण करा रहे लोगों को अपना समर्थन देने की बात कही साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि हमलोगों का जीवन आधार इसी से जुड़ा है ऐसे में अगर कोई निर्माण कार्य मे बाधा डालेगा तो बर्दास्त नही किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि जरूरत पड़ी तो प्रखंड परिसर में भी आंदोलन करेंगे क्योंकि हमलोगों का खेती बाड़ी पिछले 3 वर्षों से ठप पड़ा है और हमलोगों को जल्द से जल्द निर्माण करवाना है। जीप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि पूर्व मंत्री सह स्थानिए विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा अनुसंसा के बाद नहर जीर्णोद्धार स्वीकृत करवाया गया है ताकि हमलोगों के किसानों का कृषि कार्य अच्छा हो सके ऐसे में किसी भी असामाजिक तत्वों के कारण काम बाधित होता है तो ग्रामीणों एक जुट होकर विरोध करेंगे। बैठक में रेलवे फाटक के पास पीसीसी सड़क निर्माण, नंदनी डैम से निकलने वाली न्यू नहर में बोल्डर के स्थान पर पीसीसी और नंदनी डैम से पुरानी और न्यू नहर में पीसीसी निर्माण करवाने का भी मुद्दा उठाया। मौके पर जीप सदस्य सुखदेव उरांव, पंचायत समिति सदस्य सुखमणि देवी, मनोज उरांव चुटका उरांव, अजीम अंसारी, अनवर अंसारी, बुद्धदेव उरांव, रांका उरांव, प्रवीण साहू, बन्दे उरांव, फूलदेव उरांव चंद्रपाल उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक में समिति का किया गया विस्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला में रामनवमी को ऐतिहासिक रूप से मनाने का लिया निर्णय**

**गुमला।** केंद्रीय महावीर मंडल समिति की बैठक बस स्टैंड स्थित होटल सिद्धि विनायक में अध्यक्ष अरूण साहु की अध्यक्षता में सोमवार की संध्या में हुई। बैठक में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से केंद्रीय महावीर मंडल समिति का विस्तार किया गया। जिसमें उज्जवल कुमार सिंह, अनिल आनंद बाबू, हरजीत सिंह, विपिन सिंह को उपाध्यक्ष, अमन आनंद व रंजीत सोनी को सहसचिव, राहुल केसरी को कोषाध्यक्ष, रविंद्र कुमार सिंह व निर्मल कुमार गोयल को मुख्य संरक्षक, पवन अग्रवाल, अरुण केसरी, भूपन साहू, शशि प्रिया बंटी, दामोदर कसेरा, अमित पोद्दार, रमेश चीनी, ब्रिज फोगला, निर्मल अग्रवाल, लालचंद फोगला को संरक्षक, नागेंद्र मोहन श्रीवास्तव, नंदलाल, ओमप्रकाश बाबूलाल को कानूनी सलाहकार, सुबोध लाल, अजय कुमार, राजेश सिंह, गुन्नू शर्मा, सुरेश फोगला, राजेश गुप्ता, संजय वर्मा, अजय सिंह राणा, आयुष फोगला, अनमोल गुप्ता, रूपक कुमार, मनोज मंत्री, दिलीप जायसवाल, दुर्गा गुप्ता को जुलूस प्रभारी बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मुकेश राम, शिवम जायसवाल, अभिषेक अग्रवाल, वैभव तिवारी, रोहित उरांव, रितेश कुमार, सुनील यादव, कुंदन राय, कौशलेंद्र जमुवार, विजय शंकर लाल, आनंद गुप्ता, संतोष सिंह, अमित कुमार सिंह, संजीव कुमार, गगन शुक्ला, जयंत प्रसाद, जीतू माना, शशांक सोनी, अनिकेत कुमार, अभय कुमार तिवारी, अंजनी सिंह, अजय साहू, विकास साहू एवं सभी अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव सदस्य होंगे। बैठक में रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का किया गया आयोजन

# मुखिया, समुदाय को शिक्षित करने में भूमिका निभाते हैं: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड शिक्षा परियोजना लातेहार के तत्वावधान में मंगलवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं स्कूली छात्राओं, मुखिया समेत मंचासीन अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन मुखिया को शिक्षा संबंधी सभी योजनाओं को स्कूल स्तर पर लागू करने में सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया है। आगे उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा का समुचित विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। उन्होंने मुखियाओं से सिर्फ ग्रामीण विकास तक सीमित न रहते हुए शिक्षा और अन्य सामाजिक विषयों पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना मुखियाओं की अहम जिम्मेदारी है।

उन्होंने उपस्थित सभी मुखियाओं से अपने-अपने जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित आईटीडीए निदेशक, डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तथा समुदाय को जागरूक करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपने विचार साझा किए।



लोगों को संबोधित करते डीसी उत्कर्ष गुप्ता।

### 10 मुखिया हुए सम्मानित

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुशंसा के आलोक में अपने- अपने क्षेत्रों में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 10 मुखियाओं को उपायुक्त के द्वारा शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## श्री श्री उग्रतारा विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए गौतम दुबे, लोगो ने दी बधाई



गौतम दुबे को बधाई देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत चकला पंचायत के नगर स्थित श्रीश्री उग्रतारा उच्च विद्यालय में मंगलवार को शिक्षको की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रामरंजन शर्मा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वरीय शिक्षक गौतम कुमार दुबे को विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया। श्री दुबे विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री दुबे ने कहा कि विद्यालय के समस्याओं के प्रति वे हरसंभव समाधान करने का प्रयास करेंगे। विद्यालय के उत्कृष्ट बनाने की ओर उनका पूरा ध्यान केंद्रित होगा। उनके चयन पर विद्यालय के शिक्षक नाजिश अली खान, विजेंद्र उराँव, फौजिया प्रवीण, रुपा भगत ने हर्ष व्यक्त किया।

## अवैध रूप से जंगल उजाड़ने के मामले में चार पर मामला दर्ज

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय से सटे अलौदिया पंचायत के अलौदिया, जरमा व सरलाही वन क्षेत्र में अवैध रूप से उजाड़े जा रहे वन एवं वन भूमि पर कब्जे के प्रयास की खबर को विभिन्न अखबारों द्वारा प्राथमिकता से उठाये जाने के बाद वन विभाग हरकत में आ गयी है। वन विभाग की टीम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की जिसमें जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर जांचोपरांत कार्रवाई करते हुए 4 लोगो के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिन लोगो पर प्राथमिकी हुई है उनमें मुकेश गंझू व लटू गंझू (दोनो पिता पुत्र), मनोज गंझू पिता करमा गंझू एवं लुन्दूर गंझू पिता विशु गंझू (सभी जरमा अलौदिया) शामिल हैं। बता दें कि बीते दिनों वन रक्षा समिति की अगुवाई में ग्रामीण वनों की कटाई के गोलबंद हुए थे व बैठक कर वन को बचाने का संकल्प लिया था साथ ही विभाग के नाम लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की थी। 4 लोगो के विरुद्ध उक्त कार्रवाई होने के बाद जंगल उजाड़ने में संलिप्त लोगो मे हड़कंप व्याप्त है।

# नीलगाय स्थानांतरण मामले में निकाली गई आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** वन प्रक्षेत्र में वन विभाग द्वारा नीलगाय भेजने के निर्णय के खिलाफ मंगलवार को केंद्रीय जन संघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर और कांग्रेस नेता अजितपाल कुजूर के संयुक्त नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाला गया। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ने भाग लिया। जुलूस में शामिल सभी लोग नीलगाय को महुआडांड़ वन क्षेत्र में भेजने की योजना रद्द करो, आदिवासी को असामाजिक तत्व कहना बंद करो, वन विभाग होश में आओ, बिना ग्रामसभा की अनुमति का योजना लेना बंद करो, जल जंगल जमीन हमारा है आदि मारे लगा रहे थे। यह रैली सरना भवन अम्बोआटोली से शुरू होकर शास्त्री चौक बिरसा चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंची। जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान सभा में कई वक्ताओं ने भाग लिया। वहीं केंद्रीय जन संघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार वन विभाग ने पलामू व गढ़वा से एक हजार नीलगाय को पकड़कर महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र में भेजने का निर्देश दिया है। समाचार में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व भी कुछ नीलगायों को महुआडांड़ प्रक्षेत्र में बोमा तकनीक से ट्रेंकुलाइज करके स्थानांतरित किया जा चुका है। इस समाचार के प्रकाशित होने के बाद महुआडांड़ प्रखंड के निवासी गंभीर रूप से चिंतित हैं। इस प्रखंड के आदिवासी एवं अन्य निवासियों की जीविका का मुख्य आधार कृषि है। वन विभाग ने यह तर्क दिया है कि नीलगाय के आतंक के कारण पलामू और गढ़वा के किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। यदि नीलगाय पलामू और गढ़वा के खेतों को चर रही हैं, तो क्या वे महुआडांड़ के खेतों को नहीं चरेंगी? महुआडांड़ में खरीफ, रबी और गरमा की खेती होती रही है। परंतु महुआडांड़ के निवासियों की जीविका और आजीविका पर नीलगायों के स्थानांतरण का प्रभाव उनके मौलिक अधिकारों का हनन होगा साथ ही, पेसा के तहत, आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में भागीदारी का अधिकार दिया गया है। नीलगायों के स्थानांतरण जैसे निर्णय लेते समय ग्राम सभा की सहमति आवश्यक है, जोकि नहीं लिया गया है अर्थात वन विभाग का निर्णय नियम संगत नहीं है। इस लिए इस निर्णय को रद किया जाए। सभा उपरांत मुख्यमंत्री के नाम पर एसडीओ को तीन मांगे प्रमुख रूप से 1. वन विभाग द्वारा लिए गए निर्णय, जिसमें नीलगायों को महुआडांड़ वन क्षेत्र में भेजने का प्रस्ताव है, को तत्काल रद्द किया जाए।





## राजद जिला अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को लेकर प्रखंडों में प्रभारी किया प्रतिनियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जिले में राजद के संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंडों में सदस्यता प्रभारी प्रतिनियुक्ति किया है। वक्त जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि लातेहार जिले में 15 जनवरी से सदस्यता अभियान चल रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में भी अभियान को तेज किया जाए जिसके निमित सभी प्रखंड में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें लातेहार प्रखंड के लिए ब्यास यादव व मो. नासिर अंसारी, चंदवा प्रखंड के लिए जितेंद्र यादव व अनिल विश्वकर्मा, बालूमाथ प्रखंड के लिए भोला सिंह व दिलेश्वर यादव, बरियातू प्रखंड के लिए मोहर यादव व मुरली प्रसाद, हेरहंज के लिए पवन राम, मिट्ठू लोहरा, मनिका प्रखंड के लिए सुरेश राम व राम नारायण गिरी, बरवाडीह प्रखंड के लिए दीपक यादव व मनोज यादव, गारू प्रखंड के लिए देववंश यादव व विक्टर केरकेट्टा, महुआडांड़ प्रखंड के लिए अली हसन व रंजीत यादव एवं सरयू प्रखण्ड में सुरेंद्र यादव व सुरेश गुप्ता उर्फ कलट को सदस्यता अभियान प्रभारी प्रतिनियुक्ति किया गया है। इन्होंने सभी प्रभारियों से कार्यालय से सदस्यता बुक पर प्राप्त कर सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का अपील भी किया है।

## विधायक के प्रयास से छिपादोहर में बाइपास सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति

# बरवाडीह प्रखंड वासियों ने विधायक का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का एक और प्रयास रंग लाया है। विधायक के प्रयास से बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर में बाइपास सड़क बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छिपादोहर एसएच- 9 के भैंसाखाड़ से एसएच-9 के गम्हारटांड़ तक बाइपास सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वन विभाग द्वारा दिया जा चुका है। यह अनुमति वन विभाग के पत्रांक 149 (दिनांक 31/01/2025) एवं वन संरक्षक, छिपादोहर पूर्वी प्रमंडल के पत्रांक 26 (दिनांक 18/02/2025) के आधार पर प्रदान की गई है। सड़क निर्माण के दौरान वन एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का पालन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत सभी नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। इधर वरिष्ठ नेता अनिल सिंह ने कहा कि छिपादोहर बाइपास सड़क निर्माण की मंजूरी दिलाने में मनिका विधायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह क्षेत्र वासियों की बहुप्रतिक्षित मांग थी। विधायक के निरंतर प्रयास और प्रशासनिक समन्वय के कारण इस महत्वपूर्ण योजना की मंजूरी मिल सकी है। यह न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधा को बेहतर बनाएगी बल्कि इस क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेगी। सड़क बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और व्यावसायिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। इसे लेकर छिपादोहर वासियों समेत पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है। लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।



रामचन्द्र सिंह।

## वन विभाग अपने कार्य में दिखाएं पारदर्शिता : सुरेंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के वरिष्ठ समाजसेवी सह कांग्रेस लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने वन विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता रखने का मांग किया है। वहीं श्री पासवान ने कहा कि केंद्रीय राज्य सरकार का कोई भी योजना होता है तो उसका सारा जानकारी ऑनलाइन में पूरी तरह से दिखाई देता है लेकिन वन विभाग ही ऐसा है जिसका योजना का कोई भी जानकारी आम-आवाम को नहीं मिल पाता है। साथ ही श्री पासवान ने जिला के उपायुक्त व जिला वन विभाग अधिकारी से मांग किया है कि वन विभाग से हो रहे कार्यों में पारदर्शिता लाई जाए। वहीं नतबेलवा ग्राम निवासी रामसुंदर यादव के साथ वन कर्मी द्वारा फसल बर्बाद करने का मामला में प्रतिनिधि मंडल ने वन विभाग कर्मी से मिल कर बात किए। मौके पर झारखंड वन अधिकार मंच के प्रमंडलीय संयोजक जितेंद्र सिंह,मनरेगा सहायता केंद्र के श्यामा सिंह, वन अधिकार समिति के भूखन सिंह, रामसुंदर यादव उपस्थित थे।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन

- जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये।

जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।



समस्या सुनते डीसी।

## चंदवा: हुटाप में झामुमो की बैठक सम्पन्न, पंचायत कमिटी गठित

### पंचायत अध्यक्ष शुभम साहू व सचिव बने बबलू मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार चंदवा प्रखंड के हुटाप में झामुमो पंचायत कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बीस प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो. नौशाद अंसारी की मौजूदगी में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शुभम साहू को पंचायत अध्यक्ष, सचिव बबलू मुंडा, उपाध्यक्ष दिवाली मुंडा कोषाध्यक्ष बिरसमुनी देवी को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पधारियों को अतिथियों ने माला पहनकर अभिनंदन किया व पार्टी के नीति व सिद्धांत से अवगत कराया साथ ही जल्द पंचायत कमेटी का विस्तार कर इसकी सूची उपलब्ध कराने की बात कही। सुरेश गंझू व मो. नौशाद ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एक ऐसी पार्टी है जिसमें समाज के हर वर्ग की लड़ाई लड़ी जाती है व सम्मान मिलता है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य उन्नति के राह पर सरपट दौड़ रहा है, जिससे प्रभावित होकर लोग लगातार झामुमो से जुड़ रहे हैं। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी अंकित तिवारी वीरेंद्र मुंडा शुभम कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित लोग।

# टाटा मोटर्स का सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बरनी ग्राम में टाटा मोटर्स के शोरूम प्रसाद मोटर्स का उद्घाटन बालूमाथ के पूर्व उप-प्रमुख संजीव सिन्हा एवं संचालक महेश प्रसाद साहू ने फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए संजीव सिन्हा ने बताया कि टाटा मोटर्स की सर्विस सेंटर खुल जाने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा। क्योंकि यह कोलियरी क्षेत्र है। यहां सैकड़ो गाड़ियां प्रतिदिन चलती है। लेकिन सर्विस सेंटर नहीं होने के कारण लोगों को रांची जैसे शहरों का सहारा लेना पड़ता है। कई ऐसी परेशानियां आती हैं। जो ठीक नहीं हो पाती हैं ऐसे में कस्टमर रांची,धनबाद जाते है ।वही कंपनी के कस्टमर सपोर्ट मैनेजर सुब्रत मृदाल ने कहा कि टाटा मोटर्स का सर्विस सेंटर में ओरिजिनल पार्ट्स उपलब्ध है। यहां ट्रक हाईवा समेत टाटा के अन्य वाहन के सर्विस कार्य किया जाएगा। वहीं संचालक महेश साहू ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की किफायती दाम में बेहतर सर्विस प्रदान करें। मौके पर कंपनी के बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, कस्टमर सपोर्ट मैनेजर सुब्रत मुद्राल, भावना कुमारी, अमित कुमार, व्यवसायी मो. मुज्जमिल, रौशन साहू समेत कई उपस्थित थे।





उद्घाटन करते अतिथि।

## मनरेगा लोकपाल ने की बरवाडीह प्रखंड में विभिन्न योजनाओं की जांच

# योजनाओं में सूचनापट्ट नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार, लुट और गबन के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है। वहीं दूसरी ओर पदाधिकारी दोषियों पर कारवाई करने की बजाय चुप्पी साधे बैठे हुए है। कारवाई के नाम पर लगाता महज कागजी खानापूर्ति होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचार में कही न कही उनकी भी संलिप्तता है। केचकी पंचायत के उप मुखिया के पति हरेंद्र कु. राम की लिखित शिकायत पर मंगलवार को मनरेगा लोकपाल संतोष कु.पंडित ने केचकी पहुंच मनरेगा से संचालित योजनाओं की जांच की। जिसमें पाया कि लगभग डेढ़ एकड़ भूमि पर पति यादव के पुत्र सचिन यादव के नाम पर हरित आम बागवानी योजना में सिर्फ आम का पौधा लगाकर लाखों रुपए की निकासी कर ली गई है। यही नहीं उक्त भूमि पर ही पति यादव की पत्नी सुबचनी देवी का दो वित्तीय वर्ष में दो दीदी बाड़ी योजना का लाभ दिया गया है। इसके अलावा अख्तर अंसारी का कूप निर्माण, अशोक प्रसाद का ईसीबी निर्माण, सुरेन्द्र प्रसाद का ईसीबी निर्माण कार्य की स्थल जांच के दौरान पाया गया कि योजना स्थल पर जन सूचना बोर्ड नहीं लगा है। इसपर मनरेगा लोकपाल ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन संतोषजनक नहीं है। जिसके कार्रवाई का प्रतिवेदन वरिय अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा। बताया कि बैजयंती देवी का कूप निर्माण कार्य की जांच समय के अभाव में नहीं हुई। जिसकी जांच बाद में होगी। उन्होंने लाभुकों को आम बागवानी के बचाव व भविष्य में होने वाले फायदे गिनाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरित आम बागवानी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके बचाव के लिए सबसे पहले बागवानी के किनारे सीपीटी का निर्माण एवं घेराबंदी आवश्यक है। वहीं इस मामले में मामले में जिला सचिव बिरजू राम ने बताया कि प्रखंड के दर्जनों क्रियान्वित आम बागवानी योजनाओं में सीपीटी का निर्माण कार्य नहीं हुआ है और फर्जी तरीके से राशि की निकासी कर लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सही तरीके से जांच कर कार्रवाई नहीं होगी तो भाकपा माले के बैनर तले ब्लॉक का घेराव करते हुए आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, पति यादव और अख्तर अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।



जांच करते मनरेगा लोकपाल।

## चंदवा बस पड़ाव हरैया पशु मेला व साप्ताहिक हाट की बंदोबस्ती को लेकर डाक 10 को

- बस पड़ाव के लिए 28 लाख, 19 हजार 225, हरैया पशु, साप्ताहिक हाट व श्रावणी मेला के लिए 33 लाख 70 हजार 650 से शुरू होगी बोली
- अहम की लड़ाई में महंगी होती जा रही है सैरातों की बंदोबस्ती, आम जनों के जेबों पर पड़ेगा प्रभाव, महंगी होगी सफर व खरीददारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा बस पड़ाव, हरैया पशु मेला व शुक्रवारिय साप्ताहिक हाट-श्रावणी मेला सैरात बंदोबस्ती 2025-26 को लेकर जिला परिषद के द्वारा आगामी 10 मार्च को खुली डाक के जरिये बंदोबस्ती कराई जाएगी। जिसको लेकर जिला परिषद विभाग के द्वारा खुली डाक निविदा आमंत्रित की गई है। इसमें बताया गया है कि चंदवा बस पड़ाव के लिए 28 लाख 19 हजार 225 रुपये से डाक की बोली शुरू होगी, बंदोबस्ती में भाग लेने के लिए 2 लाख 82 हजार रुपये जमानत की राशि जमा करनी होगी। वही हरैया पशु मेला, साप्ताहिक हाट एवं श्रावणी मेला के लिए डाक की शुरूआत 33 लाख 70 हजार 655 रुपये निर्धारित की गई है, जिसकी जमानत राशि 3 लाख 88 हजार रुपये निर्धारित है। वहीं सुलभ शौचालय के लिए 8165 रुपये से बोली कि शुरूआत होगी जिसको लेकर 1000 रुपये जमानत राशि के रूप में जमा करनी होगी। जिला परिषद द्वारा जारी किए गए सूचना के अनुसार डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को विगत वर्ष हुए बंदोबस्ती की राशि का 50 प्रतिशत नगद जमा करना होगा तथा उच्चतम डाक वक्ता को एक मुस्त संपूर्ण राशि उसी दिन जमा करना होगा, अन्यथा डाक रद्द करते हुए अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी। बता दें कि जिला परिषद द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर कराए जाने वाले डाक में चंदवा बस पड़ाव व हरैया पशु मेला, साप्ताहिक हाट एवं श्रावणी मेला के लिए डाक की बोली हमेशा से सातवें आसमान पर रहा है। आम लोगों की माने तो डाक में भाग लेने वाले लोगो के बीच सामंजस्य नहीं होने व अहम की लड़ाई होने के कारण निविदा में बैठने वाले लोग काफी महंगी बोली लगा देते हैं। जिसका खामियाजा आम जनों को भुगतना पड़ता है व महंगाई की मार आम जनों के जेब पर पड़ती है। वर्तमान में जो स्थिति बन रही है कि लोग इसकी बोली लगाने से भी कतराने लगे हैं।

# चंद्रपुरा डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान में एम-1 स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

›› **यह कार्यक्रम प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा के प्रशिक्षण संस्थान में डीवीसी में नव पदोन्नति पाए एम-1 अधिकारियों को एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। डीवीसी के कार्यपालक निदेशक-ईंधन संजय कुमार घोष कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के सीजीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ जीएम व परियोजना प्रधान विजयानन्द शर्मा वरिष्ठ जीएम पीके मिश्रा सीआईएसएफ के उप समादेष्टा नकुल कुमार वर्मा डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय आदि ने उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डीवीसी में नव पदोन्नति अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करके नेतृत्व से उन्हें पोषित करने और अपने कार्यकाल को मजबूत करने के लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा। यह अपनी भूमिकाओं के लिए आवश्यक सर्वोत्तम प्रथम और नीतियों के बारे में जानेंगे और अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लेंगे। संबंधित अधिकारी प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने और योगदान के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस होंगे। यह प्रशिक्षण केवल जानकारी प्राप्त करने के बारे में नहीं बल्कि डीवीसी में नेतृत्व और निर्णय लेने के लिए एक मजबूत आधार बनाने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# गोड्डा : दो पिस्टल और गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** डीएसपी मुख्यालय गोड्डा जे पी एन चौधरी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र से दो अवैध आग्नेयाश्त्र के साथ एक आरोपी गिरफतार किया गया है। उन्होंने बताया पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की गई। सोमवार को सूचना मिली की सुंदर पहाड़ी थाना के ग्राम कटहल वाडी में एक युवक राम पत रस मरांडी उम्र 33 वर्ष, पिता ईश्वर मरांडी ऊर्फ मार्टिन जिनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और कई थानों में इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। अपने हाथों में पिस्टल लहराकर लोगों को धमकी दे रहे हैं और अपने नए मकान दामा कोल के पास उपस्थित होकर कानून व्यवस्था के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। इस बात की जानकारी वरीय पदाधिकारियों को दी गई। उनके निर्देश पर थाना प्रभारी सुंदर पहाड़ी आशीष कुमार यादव, रविंद्र गुप्ता, पटवारी सोरेन एएसआई सुंदरपहाड़ी ने जवानों के साथ मिलकर घेरा बंदी कर उसे अपने कब्जे में लिया और तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसे कब्जे में लेकर उसके घर की तलाशी ली गई तो उसके घर के छप्पर से एक पिस्टल भी बरामद कर लिया गया। रामपत्रस मरांडी के नाम पाकुड़ दुमका गोड्डा जिले में 8 बार प्राथमिकी दर्ज कराए गए हैं। प्रेस वार्ता में डी एस पी मुख्यालय के अलावे पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, सदर प्रभाग गोड्डा, भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### चंदनकियारी के खिलाड़ी झारखंड का नाम करेंगे रोशन : विधायक उमाकांत रजक



बोकारो। चास प्रखंड स्थित पारटांड़ में आदिवासी क्लब की ओर से आयोजित नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक और विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। इसमें साहिल क्लब और ब्रदर्स बॉयज बालीडीह के बीच हुए फाइनल मैच में साहिल क्लब ने एक-शून्य से जीत दर्ज किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाकांत ने प्रथम पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत 30000/- व द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 20 हजार प्रदान किया। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में राज्य और देश स्तर तक पहुंचने की अग्रिम बधाई दी। अपने स्तर पर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब चंदनकियारी के खिलाड़ी भी धोनी और सचिन की तरह झारखंड का नाम रौशन करेंगे। इसके लिए वृहत कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता देव शर्मा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बस उन्हे तराशने की जरूरत हैं। मौके पर जिप सदस्य सुषेण रजवार मुधुनिया मुखिया प्रदीप कुमार सुशील सोरेन अशीन शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सफल रहे विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत





बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा 9 में विज्ञान विषय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने सक्रियता पूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज की साथ ही कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों के बीच स्पोकन इंग्लिश की प्रतियोगिता संपन्न की गई इस प्रतियोगिता का विषय अंग्रेजी में था प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय प्रबंधकारी समिति के सचिव अनिल अग्रवाल के द्वारा हुआ विजेता भैया बहनों को पुरस्कार देकर अग्रवाल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस प्रतियोगिता में विजेता के रूप में कक्षा चतुर्थ की बहन दिव्यांशी प्रिया प्रथम,कक्षा पंचम के भैया मोहन कुमार द्वितीय तथा कक्षा तृतीय के भैया दर्शन कुमार महतो तृतीय स्थान घोषित किए गए वही कक्षा 9 में पुरस्कार पाने वाले नमन बोरा तथा रागिनी कुमारी,अपने उद्बोधन ने माननीय सचिव अग्रवाल ने बच्चों का आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेहनत करते रहे सफलता अवश्य मिलेगी विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार उपाध्याय ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया विद्यालय के समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी इस प्रतियोगिता में उपस्थित रहे।

### बेरमो : हरला थाना क्षेत्र में पान मसाला भण्डारण बिक्री और वितरण की जांच की गयी



बेरमो। मंगलवार को डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं हरला थाना प्रभारी के सहयोग से विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा हरला थाना क्षेत्र के बसन्ती मोड, कूलिंग पाउण्ड 2, ए रोड, सेक्टर 8 कुल 63 दुकानों की जांच की गई। जिसमें 7 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव सह राज्य खाद्यय सुरक्षा आयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेशानुसार तम्बाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के भंडारण, वितरण एवं बिक्री को अगले एक वर्ष तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया है। सभी दुकानदार को सुझाव दिया जाता है कि तम्बाकू/पान मसाला/निकोटीन युक्त गुटखा का विक्री न करें। छापामारी के दौरान विभिन्न दुकानदारो को जिला परामर्शी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री न करें अन्यथा पकडे जाने पर कोटपा 2003 की धारी 6 बी के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, के साथ हरला थाना का गश्ती दल उपस्थित थी।

### बेरमो : हथियार के बल पर लूट

बेरमो/ऊपरघाट। बोकारो जिला के पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत लहिया मे बीते रविवार को संध्या 5 बजे के लगभग घटना को अंजाम दिया गया है जिसका पेंक थाना मे मामला दर्ज किया गया है। घायल कय्यूम अंसारी ने बताया की मै अपने राशन दुकान मे ग्राहकों को राशन बिक्री कर रहा था उसी क्रम मे मेरे गांव लहिया के ही कुछ दबंगों ने हथियार के बल पर मनोवर अंसारी जिसके हाथ मे पिस्तौल था, असगर अंसारी के हाथ मे लाठी था मंजूर अंसारी के हाथ मे लोहे का रड़ था एका एक मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया साथ ही घर मे रखे 90 हजार रुपये एवं सोने चांदी के जेवरात को लूट लिया। वही मेरी पत्नी जब इसका विरोध की तो यह तीनो लोग मेरे पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार एवं जान से मारने एवं अंजाम भुगतने का धमकी देते हुए भाग निकला। घटना के क्रम में गांव के अंजुम कमिटी का सेक्रेटरी सहाबुद्दीन अंसारी ने बचाव एवं अपराधियों को रोकने एवं समझाने की कोशिश की तो उनके ऊपर भी हमला कर माथा को चोटिल कर दिया। वही घायल कय्यूम ने बताया जब मै अपना इलाज करवाने हॉस्पिटल मे चला गया तभी दबंगों ने उल्टा मेरे एवं मेरे घर वालों पर पेंक थाना मे मारपीट एवं गली गलौज का मामला दर्ज कर दिया। इस सबंध मे पेंक थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंडा ने बताया की मामला दोनो तरफ से दर्ज कर जांच किया जा रहा है। इस मामले मे जो भी दोषी पाया जायेगा उस पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### करगली मे नौ दिवसीय रामचरितमानस महायज्ञ में बह रही है भक्ति की बयार



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित 67वां श्री श्री रामचरितमानस महायज्ञ के नौ दिवसीय महायज्ञ के छठा दिन मंगलवार की यज्ञ मंडप की परिक्रमा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस धार्मिक कार्य में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता अधिक रही। दूसरी ओर विद्ववान आचार्यों के मंत्रोचारण से वातावरण गुंजयमान होता रहा। उज्जैन से पधारेलोकेशानन्द शास्त्री जी आचार्य ने बताया कि यज्ञ मंडप परिक्रमा का विशेष महत्व है। इस धार्मिक कृत्य में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को को न सिर्फ अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। बल्कि वह सद्गति को भी प्राप्त होते हैं। बताया कि सामाजिक स्तर पर भी यह आम धारणा है कि यज्ञ मंडप परिक्रमा मात्र से ही प्राण त्रैविध तापों से मुक्त हो जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल दिखा। यज्ञाचार्य ने बताया कि महायज्ञ सर्व कल्याण के लिए होता है। अन्नाद भवंती, प्रजनाद अन्न संभव, यज्ञात भवंती प्रज्नयो यज्ञ कर्म समुछ्वव। अन्न से समस्त प्राणियों का कल्याण होता है। बारिश से अन्न की उत्पत्ति होती है। यहां फुसरो सुभाष नगर, जवाहर नगर, बेरमो सीम, रामनगर, घुटियाटांड आदि विभिन्न जगहों से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने परिक्रमा और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना किया। इस अवसर पर यहां आयोजित रामायण पाठ से करगली गेट सहित आसपास का सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ समिति के सुशील सिंह और अनिल सिंह ने कहा कि पिछले 67 वर्षो से यहां प्रतिवर्ष महायज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को हवन के साथ यज्ञ संपन्न होगा।

### विद्यार्थियों और युवाओं के विकास की दिशा में बजट सराहनीय : डॉ गंगवार



बोकारो। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से विधानसभा में पेश किए गए बजट पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने कहा कि जिस प्रकार से बजट में बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर है कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है और इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है-यह बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में काफी अहम व सराहनीय है। प्राथमिक स्कूलों के विकास पर जोर भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 केंद्र भवन का निर्माण आगामी वर्षों में स्कूलों में 1050 समेकित गणित एवं विज्ञान लैब के अधिष्ठापन की योजना भी प्रदेश के शैक्षणिक विकास की दिशा में काफी लाभप्रद होगी। उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर खूंटी गिरिडीह जमशेदपुर धनबाद देवघर और जामताड़ा जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा महत्वपूर्ण है। युवाओं के विकास हेतु राज्य में 59 नए डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलना वर्ष 2025-26 में राज्य के वैसे प्रखंड जिसमें स्टेडियम नहीं है-उन प्रखंडों में मॉडल प्राक्कलन पर स्टेडियम का निर्माण सभी गांवों में एक सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की स्थापना तथा झारखंड उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी नियुक्ति की योजना आदि निश्चय ही खेल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। कुल मिलाकर हेमंत सरकार का यह बजट सूबे में युवा-विकास तथा शैक्षणिक उत्थान की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है।

## स्पीड न्यूज

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से एसके बरियार की दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की आत्मा की शान्ति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लव कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत मंजू सिन्हा सामाजिक कार्यों से लगातार जुड़ी रहती थीं। कस्तूरी सिन्हा ने कहा कि मंजू सिन्हा एक सरल एवं सहृदय महिला थीं और वे सबके प्रति समभाव रखती थीं। गीता कुमारी ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच को शक्ति देने में मंजू सिन्हा का एक अहम योगदान था। ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि उनका प्रत्येक कार्य राष्ट्रीय विचार धारा से जुड़ा रहता था। उनके कार्य को देखकर एक उत्साह प्राप्त होता था। डॉ नरेंद्र कुमार राय ने कहा कि वे जब तक जीवित रहीं तब तक अखिल भारतीय साहित्य परिषद को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित मेला में प्रत्येक वर्ष मंच प्रदान करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती थीं जहां परिषद के सभी कवि-कवयित्री एकत्र होकर अपनी कविता का पाठ करते थे। मौके पर डीएन सिंह कृपानंद सिन्हा रीता रॉय सुमन कुमारी तथा पुष्पा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### एसकेएमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार को मिला सेवा विस्तार

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह को राजभवन की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में राजभवन ने विश्वविद्यालय को मंगलवार को एक पत्र भेज सूचित किया है। उक्त पत्र के आलोक में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा राजीव कुमार ने मंगलवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ साह का सेवा विस्तार संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ साह को एक मार्च से अधिकतम छह माह अथवा जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए सेवा विस्तार किया गया है। यहां बता दें कि डॉ साह अर्थशास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। पिछले एक साल से परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ साह विश्वविद्यालय में कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के डीन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष समेत विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### बेरमो : गौ तस्करों से छुड़ाये गये 6 नंदी बैल

बेरमो। बोकारो सेक्टर 12 थाना अंतर्गत जैप 4 के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बबलू पांडे ने छह नंदी बैलों को गौ तस्करों से छुड़ाकर पुलिस को सौंप दिया, यह घटना सुबह 11:30 बजे की है डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। बबलू के अनुसार जब वह दूंदी बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे थे तब उन्होंने टाटा मैजिक पर 6 नंदी बैलों को लदा देखा वाहन में तीन लोग भगवा गमछा ओढ़े बैठे थे जब उन्होंने गाड़ी रोकने की कोशिश की तो चालक भागने लगा बबलू पांडे ने बाइक से गाड़ी रोक दी जिससे तीन तस्कर भाग निकले उनके चार अन्य साथी जो बाइक पर थे वह फरार हो गए।

# दुमका : डायन बिसाही के आरोप में मारपीट, मां को बचाने में पुत्र की मौत

**पूर्व में भी हो चुकी है घटना, पुलिस की पहल पर हुआ था समझौता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** केंद्र सरकार, राज्य सरकार, शासन-प्रशासन व न्यायालय जहां अंधविश्वास से छुटकारा दिलाने को लोगों को जागरूक करने को लेकर कई योजनाएं चला करोड़ों खर्च कर रही है। वहीं वर्तमान समय में भी लोग अंधविश्वास में पड़े है। प्रशासन आए दिन हाट-बाजारों में डायन बिसाही समेत अन्य अंधविश्वास के प्रति लोगों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वहीं लोगों में जागरूकता कार्यक्रम का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। आए दिन लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए भी ऐसे कुकृत को अंजाम दे रहे है। ऐसा ही एक मामला जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़ियाडीह गांव से सामने आया है। गांव में डायन बिसाही के आरोप में महिलाओं एवं उसके परिजनों से जमकर मारपीट की गई। मारपीट का आरोप दीनू मड़ैया और उसके चार बेटे समेत कुल 8 लोगों पर लगा है। जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। आरोप है की दीनू मड़ैया अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ नरेश राणा के घर पर पहुंच नरेश की मां को डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज करने लगा। बेटे और पति ने जब इसका विरोध किया तो बेटे को पड़कर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगे। बचाने आए पिता पर भी जानलेवा हमला किया गया। किसी तरह इसकी सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायल पिता पुत्र को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान नरेश राणा की मौत हो गई। जबकि उसके पिता का इलाजरत है। पीड़ित पक्ष को डायन बिसाही के आरोप में पहले भी मारपीट की गई थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत थाना में की गई थी। थाना द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया समझौता कराया गया था। इसके बाबजूद दीनू मड़ैया द्वारा अक्सर डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसी का परिणाम है कि घटना का पुनार्वृति में बेटे की मौत हो गई, तो पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। आरोपी घर से फरार होने में कामयाब हो गया। जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। इस मामले में फिलहाल पुलिस कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है।



फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाजरत घायल।

### घर में घुसकर वृद्धा से युवक ने किया दुष्कर्म

**दुमका।** घर में घुसकर 60 साल की वृद्धा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र की लखीकुंडी पंचायत की है। जहां बीते दो मार्च की रात को एक शराबी युवक ने वृद्धा से कुकृत किया है। पीड़िता ने मंगलवार को महिला थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें मोहलीपाड़ा के एक युवक को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह लखीकुंडी में अकेली रहती है। दो मार्च की देर शाम करीब 9 बजे घर के आंगन में बैठी हुई थी। तभी मोहलीपाड़ा एक युवक नशे की हालत में जबरन घर में घुस गया और डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तीन मार्च को शहर में रहने वाली बेटी के पास जाकर सारी बताई। महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने बताया कि महिला के बयान पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह घर में नहीं मिला। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## दुमका : अज्ञात वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार दंपत्ति की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला के जामा थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्यमार्ग पर सोमवार को कमारदुधानी गांव के पास स्थित आर्चरी स्टेडियम के निकट अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से घायल दंपत्ति को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। जबकि इलाज के दौरान देर रात पति की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को मुफस्सिल थाना के खुशालपुर गांव निवासी 42 वर्षीय ज्वेल मरांडी अपनी पत्नी सोनामुनि मुर्मू और बेटा के साथ कैरबनी मिशन हॉस्टल बेटा को छोड़ने गये थे। लौटने के क्रम में आर्चरी स्टेडियम के पास हादसे का शिकार हो गये। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि दंपत्ति के मौत की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने थाना को दिया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर मंगलवार को स्टेडियम के पास दुमका मसलिया मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के काफी समझाने बुझाने एवं आश्वासन देने के बाद परिजन लगभग दो घंटे बाद जाम हटाया। परिजनों द्वारा मृतक दंपत्ति के 10 वर्षीय पुत्र के सरकारी आवासीय विद्यालय में दाखिला की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि बच्चे का नामांकन हर हाल में कराया जायेगा। इसके बाद परिजन माने और जाम हटाया।



शव को सड़क पर रखकर जाम करते परिजन।

## पीएचईडी और पंचायती राज विभाग से खराब पड़ें चापाकलों को दुरूस्त करायें : डीसी बोकारो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** वीडियो संवाद के माध्यम से डीसी विजया जाधव ने कार्यालय कक्ष में सभी बीडीओ, डीपीआरओ, एएमसी चास और कार्यपालक अभियंता आदि के साथ किया बैठक, दिया जरूरी दिशा झ निर्देश। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से डीसी विजया जाधव ने वीडियो संवाद (वीसी) के माध्यम से गर्मी के मौसम में आमजनों को पेयजल संकट नहीं हो। इसके लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त चास, बीडीओ आदि के साथ बैठक किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास/तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को स्थानीय स्तर पर सभी जल सहियाओं के साथ बैठक करके क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों/सोलर जल मिनार/लघु जल मिनार आदि की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने 03 दिनों के अंदर इस सूची को तैयार करने को कहा। साथ ही, पेयजल विभाग से लगाएं गए चापाकलों, जल जीवन मिशन के माध्यम से अधिष्ठापित जल मीनार, सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की मरम्मत कार्य को पेयजल विभाग द्वारा कराएं। उन्होंने कनीय अभियंता के साथ नियमित बैठक करने को कहा। वहीं, शेष योजनाओं द्वारा चापाकल/जलापूर्ति योजना की मरम्मती पंचायती राज विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के द्वारा आवंटित राशि के 30 फीसदी पानी मद से खर्च कर सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम को विभिन्न पंचायतों के मुखिया से इस दिशा में अविलंब कार्य शुरू करने को समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ को भी अपने स्तर से सभी मुखियाओं के साथ बैठक कर कार्ययोजना की रूप रेखा तैयार कर जल्दी मरम्मत कार्य को शुरू करने को कहा। डीसी ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत संचालित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बस स्टैंड के शौचालय, विभिन्न हाट-बजार के शौचालय आदि की मरम्मती भी जिला पंचायती राज विभाग मुखिया के माध्यम से 15वें वित्त आयोग के 30 फीसदी स्वच्छता मद से मरम्मती कार्य करने का निर्देश दिया।

## बोकारो में नौ और दस मार्च को मेगा हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ,शिशु का सुरक्षा बेहतर स्वास्थ्य जिला के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है इसको लेकर डीसी विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग को 9-10 मार्च को जिले के सभी नव प्रखंडों में मेगा हीमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समाज कल्याण विभाग के समन्वय स्थापित कर शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने एवं जिले के सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल में हीमोग्लोबिन जांच हेतु आवश्यक उपकरण दवाइयां उपलब्ध रखेंगे। जिले के सभी सहिया एवं आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायीका गर्भवती महिलाओं को हीमोग्लोबिन जांच हेतु नजदीकी अस्पताल जहां शिविर का आयोजन होना है वही ले जायेगी जिन गर्भवती महिलाओं को एक भी एएनसी नहीं हुए हैं उनको जन शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सरकार के द्वारा किए गए एमओयू अल्ट्रासाउंड क्लीनिक, अस्पताल में मुफ्त में अल्ट्रासाउंड करायेगें उक्त आयोजित शिविर के सभी क्रियान्वयन हेतु सभी चिकित्सा पदाधिकारी वृहद प्रचार, प्रसार कराएंगे सभी बीडीओ सभी सीओ अपने-अपने क्षेत्रो में आयोजित होने वाली शिविर के लिए माईकिंग एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार, प्रचार करायेंगें।

## बेरमो में पंसस की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखण्ड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता गिरिजा देवी प्रखंड प्रमुख बेरमो ने की। बैठक में सासंद प्रतिनिधि शक्ति महतो, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, बीडीओ बेरमो मुकेश कुमार, सीओ बेरमो संजीत सिंह, पंसस अख्तर अंसारी, शम्भु सोनी, बैजू कुमार, रोमा देवी, अरुणा कुमारी, राखी देवी, बेबी रजक, सोनामति देवी, तालों देवी, अमित कुमार, दीपक गोप एवं प्रखंड कर्मी। आदि मौजूद थे। बैठक में प्रखंड के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया और समाधान की मांग की। गिरिजा देवी प्रखंड प्रमुख ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन पंचायत समिति के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 6 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरमो में विकलांग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### यूक्रेनी संसद ने ट्रंप की शांति पहल का किया स्वागत

**कीव।** यूक्रेनी संसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति पहल का स्वागत किया है और विश्वास जताया है कि वह शत्रुता को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यूक्रेनी संसद ने कहा कि यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं और मानते हैं कि श्री ट्रम्प की भूमिका शत्रुता को समाप्त करने तथा शांति लाने में निर्णायक होगी। यूक्रेनी संसद ने शांति सुनिश्चित करने के लिए श्री ट्रम्प की पहल का स्वागत किया।

### संघ प्रमुख भागवत का बिहार दौरा आज से



**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन राव भागवत बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार को पटना पहुंचेंगे। वो यहां से पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केंद्र के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत प्रकाश नारायण सिंह उपाख्य छोटे बाबू के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलकर रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय में करेंगे। संघ प्रमुख छह मार्च को सुबह वीरपुर, सुपौल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### महाराष्ट्र : मंत्री धनंजय मुंडे ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने बीड जिले के एक सरपंच की हत्या से जुड़े विवाद के बीच मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने घोषणा की कि रांकापा के विधायक मुंडे को उनके मंत्री पद के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है और उनका त्याग पत्र आगे की कार्रवाई के लिये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भेज दिया गया है।

### फिल्म आरा हिले छपरा हिले की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** प्रीति शुक्ला और अवधेश मिश्रा की नई फिल्म आरा हिले छपरा हिले की शूटिंग शुरू। फिल्म आरा हिले छपरा हिले,अंशुमन सिंह फिल्म क्रिएशन और मैडज मूवीज के बैनर तले बनाई जा रही है।इस फिल्म के निमार्ता अंशुमन सिंह और मधु शर्मा हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। आरा हिले छपरा हिले एक मनोरंजक और रोमांचक कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ उन्हें सोचने पर भी मजबूर करेगी। फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। निर्माता अंशुमन सिंह ने कहा कि हम भोजपुरी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सफलता का मूलमंत्र राष्ट्र सर्वोपरि : वैष्णव

**नयी दिल्ली ।** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के कुलाधिपति और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नए अवसरों के साथ उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन हमेशा याद रखें राष्ट्र सर्वोपरि की भावना ही सफलता का मूलमंत्र है। वैष्णव ने आईआईएमसी के 56वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमशील बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में मीडिया उद्यम स्थापित करने की क्षमता है।

### अंसल ग्रुप के दोषियों की संपत्ति जब्त करेंगे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में अंसल ग्रुप के मामले पर सपा को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने सदन के माध्यम से प्रदेश के होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अंसल ने एक भी होम बायर के साथ धोखा किया तो उसकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। दोषियों को पाताल से भी खोजकर लाएंगे और उन्हें सजा दिलाएंगे।

# बिहार में नीतीश के नेतृत्व में फिर बनेगी राजग सरकार

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटे जायें कार्यकर्ता : खट्टर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए मंगलवार को कहा कि प्रदेश में फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। खट्टर ने मंगलवार को यहां बापू सभागार में भाजपा के राज्य परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में स्वार्थ को समाप्त कर काम किया है। उन्होंने कहा कि इस साल बिहार में चुनाव होने हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। फिर से श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में राजग की सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। बीते हफ्ते, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा था कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। लेकिन सीएम का फैसला (भाजपा के) संसदीय बोर्ड द्वारा चुनाव के बाद किया जाएगा। जिसके बार एनडीए के सहयोगियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी, जो पिछले दो महीनों से हर जिलों में संयुक्त बैठकें आयोजित कर रहे थे। एनडीए गठबंधन के नेताओं ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की और सीएम पद के लिए नीतीश कुमार का समर्थन किया। केंद्रीय मंत्री और हम (एस) प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि वो सीएम उम्मीदवार के रूप में नीतीश का समर्थन करेंगे। शुक्रवार कोपटना में आयोजित दलित समागम में जीतन मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 243 में 225 से ज्यादा सीटें जीतेगा। वहीं चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और उपेंद्र कुशवाह के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) समेत अन्य भाजपा सहयोगियों ने भी एनडीए के सीएम चेहरे के रूप में नीतीश का समर्थन किया। अपना बयान देने के कुछ ही घंटों बाद ही दिलीप जायसवाल ने सफाई देते हुए दावा किया कि यह मीडिया है जिसने बयान को गलत तरीके से पेश किया। जब मैंने कहा कि चुनाव एनडीए नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, तो यह स्पष्ट है कि वो हमारा सीएम चेहरा हैं। हम मिशन 2025 का नारा लेकर आए हैं, एक बार फिर से नीतीश। दिलीप जायसवाल की नियुक्ति ऐसे वक्त हुई है, जब बिहार अक्टूबर-नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने 26 फरवरी को नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय कहते हैं, कि भाजपा अपने नए अध्यक्ष के तहत बिहार प्रदेश संगठन पर्व मना रही है, जिसे सर्वसम्मति से चुना गया है।



दिलीप जायसवाल को प्रमाण पत्र देते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व अन्य।

## डॉ जायसवाल फिर बने बिहार भाजपा के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से डॉ दिलीप जायसवाल की ताजपोशी हुई है। पटना के बापू सभागार में मंगलवार को हुई प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर उनके नाम का ऐलान किया गया।डॉ जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। बैठक में प्रदेश परिषद के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अध्यक्ष के लिए दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ दिलीप जायसवाल मूलरूप से खगड़िया जिले के रहने वाले हैं। कलवार जाति से ताल्लुक रखने वाले जायसवाल के पास एमएससी, एमबीए, पीएचडी और मास्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री है। जायसवाल की सीमांचल क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। वे 2009 में पहली बार एमएलसी बने थे। इसके बाद पूर्णिया, अररिया और किशनगंज क्षेत्र से तीन बार के मेंबर ऑफ लेजिसलेटिव काउंसिल हैं। वे 20 साल तक भाजपा के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भी सक्रिय निभा रहे हैं। दिलीप जायसवाल का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी करीबी माना जाता है।

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है दुनिया : मोदी

## अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है बजट

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे



खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर

### जनविश्वास 2.0 विधेयक पर कर रहे हैं काम : प्रधानमंत्री

पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए, हमने एक समिति बनाने का फैसला किया है। हम उन्हें आधुनिक, लोगों के अनुकूल और कार्य-आधारित बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली।

## मेरे ही सहयोग से 1990 में लालू बने थे सीएम : नीतीश




**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को लालू यादव से जुड़े 35 साल पुराने प्रसंग का खुलासा नीतीश कुमार ने किया। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लालूको उनकी जाति के लोग मुख्यमंत्री 1990 में नहीं बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि लालू यादव की जाति के लोगों ने भी मुझे मना किया था। बावजूद इसके मैंने लालू यादव का समर्थन किया और उन्हें बिहार का मुख्यमंत्री बनवाया। नीतीश ने कहा कि हाल के समय में उन्होंने दो बार तेजस्वी के साथ भी सरकार बनाई लेकिन दोनों बार इन लोगों ने गड़बड़ किया। इसी कारण वे इनसे अलग हुए और राजग के साथ मिलकर फिर से सरकार बनाई। विधानसभा में तेजस्वी को देखकर नीतीश ने उन्हें बच्चा बोलकर कहा कि आप लोग कुछ नहीं जानते हैं। शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था। उनके मुख्यमंत्री बनने के पहले न तो बिहर में सड़कें थीं और ना ही विकास का कोई अन्य काम हुआ था।

# अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकी


## जेलेंस्की के साथ तीखी बहस के बाद ट्रंप ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई तकरार का बड़ा परिणाम सामने आ गया। व्हाइट हाउस ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही सभी प्रकार की अमेरिकी सैन्य सहायता पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य सहायता के शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है। सीएनएन की खबर के अनुसार, पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यह आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि उनका ध्यान शांति पर केंद्रित है। यूक्रेन को भी इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति के आदेश के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी जा रही है। अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि इस फैसले का बड़ा असर यूक्रेन पर पड़ेगा। इससे यूक्रेन की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक कायम रहेगा जब तक जेलेंस्की शांति वार्ता समझौते के लिए तैयार नहीं होते। हालांकि वाशिंगटन और कीव के बीच खुली दुश्मनी के बावजूद कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहयोग करने का वादा किया है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने कहा कि यूक्रेन को तत्काल तो नहीं लेकिन इस रोक का प्रभाव दो से चार महीनों के भीतर महसूस होगा। यूरोपीय देशों की सहायता से कीव को अभी लड़ाई में बने रहने में मदद मिलेगी। आखिर में यूक्रेन को एक प्रतिकूल शांति समझौता स्वीकार करना ही होगा।



## औरंगजेब पर दिये गये बयान लेकर सपा नेता अबू आजमी ने मांगी माफी



**मुंबई।** विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को हंगामा और दिन भर के लिए कामकाज स्थगित होने के बाद समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने अपने औरंगजेब समर्थक बयान पर माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके विधानमंडल के दोनों सदनों का वक्त बर्बाद किया गया, जो राज्यहित में नहीं है। आजमी ने यह भी कहा कि औरंगजेब के बारे में मैंने वही कहा, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। अबू आजमी ने सोमवार को औरंगजेब को महान शासक बताया था। इसके बाद शिवसेना शिंदे समूह के नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके बयान विरोध करके आजमी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने और विधायक पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की थी।

# अयोध्या से जनकपुर के बीच ट्रेन चलाने का रास्ता साफ

### रक्सौल से काठमांडू तक रेल लाइन बिछाने की कार्य योजना तैयार

**नयी दिल्ली ।** भारत और नेपाल ने अयोध्या से जनकपुर के बीच सीधी यात्री ट्रेन चलाने और रक्सौल से काठमांडू तक रेल लाइन बिछाने की कार्य योजना तैयार कर ली है। गत सप्ताह 27-28 फरवरी को भारत और नेपाल ने नौवीं परियोजना संचालन समिति (पीएससी) और सातवीं संयुक्त कार्य समूह की बैठकें हुयीं। रेलवे क्षेत्र में समग्र द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव रोहित रतीश और रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन-फ्रेट) प्रदीप ओझा ने किया। नेपाली पक्ष का नेतृत्व दोनों बैठकों के लिए भौतिक बुनियादी ढांचा और परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील बाबू ढकाल ने किया। दोनों पक्षों ने भारत सरकार की अनुदान सहायता से विकसित की जा रही जयनगर-बिजलपुरा-बाडीर्बास और जोगबनी-बिराटनगर ब्रॉड गेज रेलवे लाइनों के निर्माण के चल रहे कार्यों पर चर्चा की। बिजलपुरा से बार्दीबास तक जयनगर-बिजलपुरा-बार्दीबास और नेपाल कस्टम यार्ड से बिराटनगर तक जोगबनी-बिराटनगर पर काम शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की गई। नेपाल ने आश्वासन दिया कि लाइनों के शेष खंडों पर काम शुरू करने और पूरा करने के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान की जाएगी।

## भगदड़ मामले में रेलवे ने दिल्ली के डीआरएम सुखविंदर सिंह को हटाया

**नयी दिल्ली।** राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात को हुई भगदड़ की घटना के 17 दिन बाद भारतीय रेलवे ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह को मंगलवार को उनके पद से हटा दिया। रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का नया डीआरएम नियुक्ति किया है और श्री सुखविंदर सिंह (भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा) की फिलहाल कोई नियुक्ति नहीं की गयी है और उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। त्रिपाठी इस समय उत्तर मध्य रेलवे में प्रयागराज में मुख्य इलैक्ट्रिक लोको इंजीनियर के पद पर नियुक्त हैं।

## अमेरिका ने कनाडा-मेक्सिको पर 25 फीसदी लगाया टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा मंगलवार से प्रभावी हो गई। यह अमेरिका के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों को एक समान लाने के उद्देश्य से एक असाधारण कार्रवाई है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने का खतरा है। सीएनएन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी तरह के चीनी आयात पर टैरिफ को 10 फीसद से दोगुना कर 20 फीसद कर दिया। यह शुल्क सैकड़ों अरबों चीनी सामानों पर मौजूदा टैरिफ के शीर्ष पर हैं। टैरिफ के प्रभावी होने से कुछ समय पहले व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको को खतरनाक कार्टेल गतिविधि और अमेरिका में आने वाली घातक दवाओं की आमद को रोकने के लिए पर्याप्त अवसर दिया, लेकिन दोनों स्थिति को संभालने में विफल रहे। यह टैरिफ ऐसे समय पर लगाया गया है जब देश में मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी हुई है। ट्रंप ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है।

# टैरिफ वॉर की आशंका से सहमा शेयर बाजार

## नौ महीने बाद सेंसेक्स 73 हजार से नीचे

**एजेंसी**

**मुंबई।** अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली

**▸▸ सेंसेक्स 96 अंक टूटकर 72,989 पर पहुंचा और निफ्टी 36 अंक फिसलकर 22082 पर बंद**

हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0.77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62,



हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,085.94 अंक के मुकाबले 0.13 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,989.93 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 145 अंक गिरकर 21,974.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,964.60 अंक के निचले जबकि 22,105.05 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,119.30 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,082.65 अंक पर बंद हुआ।

### ये टॉप गेनर्स और लूजर्स

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 2.70, एचसीएल टेक 2.40, नेस्ले इंडिया 1.71, एशियन पेंट 1.66, सन फार्मा 1.13, भारती एयरटेल 1.13, इंफोसिस 1.08, मारुति 1.08, टाइटन 1.02, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.96, रिलायंस 0.80, आईटीसी 0.68, बजाज फाइनेंस 0.58, टेक महिंद्रा 0.43, एक्सिस बैंक 0.35, टाटा मोटर्स 0.31, कोटक बैंक 0.26 और एनटीपीसी 0.21 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एसबीआई 3.02, जोमैटो 2.45, टीसीएस 1.03, अडानी पोर्ट्स 0.63, पावरग्रिड 0.59, टाटा स्टील 0.58, एचडीएफसी बैंक 0.58, एलटी 0.47, इंडसइंड बैंक 0.38, आईसीआईसीआई बैंक 0.36, अल्ट्रासिम्को 0.33 और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.07 प्रतिशत लाभ में रहे।

### गिरावट के बावजूद निवेशकों को 96 हजार करोड़ का लाभ

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण बाजार की कमजोरी के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 384.97 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 384.01 लाख करोड़ रुपये था।

